चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 146, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 25 जून 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### मणिपुर में फिर हिंसा, मंत्री के गोदाम में आग लगाई

## मणिपुर: शाह ने ली सर्वदलीय बैठक




**नई दिल्ली: मणिपुर** में शनिवार को राज्य सरकार के मंत्री एल सुसींद्रो के घर पर भीड़ ने हमला बोल दिया। उनके निजी गोदाम और वहां खड़ी 2 गाड़ियों को आग लगा दी गई। सुरक्षा बलों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया और मंत्री के घर में घुसने की कोशिश कर रही भीड़ को भगाया। सुसींद्रो कंज्यूमर एंड फूड अफेयर्स और पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के मंत्री हैं। वे मैतेई समुदाय से आते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, गोदाम में पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के करोड़ों रुपए के पाइप रखे हुए थे, जो आगजनी में पूरी तरह जलकर खाक हो गए। भीड़ ने पूर्वी इंफाल में साजीवा जेल के पास स्थित भाजपा दफ्तर में भी आग लगा दी। उधर, मणिपुर में 52 दिनों से जारी हिंसा को लेकर दिल्ली में ऑल पार्टी मीटिंग हुई। यह मीटिंग 3 घंटे तक चली।

संसद भवन में हुई बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी शामिल हुए। बैठक में टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन, शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी, आप सांसद संजय सिंह, राजद सांसद मनोज कुमार झा, महासचिव नरेंद्र वर्मा, मणिपुर के चीफ सोरन इबोयिमा और के सांसद जॉन ब्रिटास समेत कई विपक्षी नेता भी पहुंचे।

**टीएमसी ने की मणिपुर में ऑल पार्टी डेलिगेशन भेजने की मांग:** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने मणिपुर में अगले हफ्ते ऑल पार्टी डेलिगेशन भेजने की मांग की है। पार्टी ने अपने बयान में कहा कि अब तक केंद्र सरकार का रुख अनदेखी का रहा है। अब इसमें बदलाव की जरूरत है। वहीं, सांसद बिनॉय विश्वम ने ट्वीट कर अमित शाह से पूछा है कि उनकी पार्टी को मीटिंग में क्यों नहीं बुलाया गया।

**जयराम रमेश बोले- पीएम को करनी चाहिए थी मीटिंग की अध्यक्षता:** इस बैठक से पहले शनिवार को कांग्रेस ने भाजपा पर फिर निशाना साधा। जयराम रमेश ने एक ट्वीट कर कहा कि मणिपुर 52 दिनों से जल रहा है और गृहमंत्री ने अब जाकर सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बैठक की अगुआई असल में पीएम मोदी को करनी चाहिए थी, लेकिन उन्होंने अब तक चुप्पी साध रखी है। उन्होंने कहा कि 2002 से 2017 के बीच तीन बार सीएम रहकर मणिपुर को विकास और शांति की राह पर लेकर आने वाले ओकराम इबोबी सिंह इस बैठक में कांग्रेस की तरफ से पक्ष रखेंगे। उनके अनुभव और गहरे ज्ञान को देखते हुए सभी को गंभीरता से उनकी बात सुननी चाहिए। गुरुवार को राहुल गांधी ने भी बैठक पर सवाल उठाया था। उन्होंने ट्वीट कर कहा- बैठक ऐसे समय में हो रही है जब पीएम मोदी अमेरिका की यात्रा पर हैं, इससे पता चलता है कि यह बैठक पीएम के लिए महत्वपूर्ण नहीं है।

**पिछले महीने इंफाल में भी बुलाई थी ऑल-पार्टी मीटिंग:** जयराम रमेश के ट्वीट पर मणिपुर के शिक्षा मंत्री बसंता सिंह ने कहा कि जयराम रमेश को पता नहीं है कि पिछले महीने इंफाल में एक ऑल-पार्टी मीटिंग हो चुकी है। इस मीटिंग में पूर्व उट और कई कांग्रेस नेता शामिल हुए थे। अमित शाह के मणिपुर दौरे के समय भी विपक्षी पार्टियों की मीटिंग बुलाई गई थी।

**मीटिंग में राष्ट्रपति शासन पर चर्चा की संभावना नहीं:** मणिपुर में जारी हिंसा के बीच कई पार्टियां राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग कर रही हैं। हालांकि, रिपोर्ट्स के मुताबिक, मीटिंग में राष्ट्रपति शासन पर चर्चा की संभावना नहीं है। असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा की अमित शाह से मीटिंग के बाद यह फैसला लिया गया है।

### सोनिया गांधी के संदेश के बाद जागी सरकार: वेणुगोपाल

**कांग्रेस महा**सचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि सरकार तब जागी है जब सोनिया गांधी ने मणिपुर के लोगों को संबोधित किया। ऐसे हालात में भी मणिपुर की पक्षपात करने वाली सरकार को न हटाना और राष्ट्रपति शासन लागू न करना एक मजाक जैसा लग रहा है। दरअसल, सोनिया गांधी ने 21 जून को एक वीडियो संदेश जारी करके लोगों से शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि इस हिंसा ने हमारे राष्ट्र की अंतरात्मा पर एक गहरा घाव छोड़ है। इसके बाद ही केंद्रीय गृह मंत्रालय ने ट्वीट कर ऑल-पार्टी मीटिंग बुलाए जाने के बारे में बताया।

## 2024 में 300 से अधिक सीटों के साथ मोदी बनेंगे प्रधानमंत्री: शाह

**जम्मू: भारतीय** राजनीति की दशा और दिशा को बदल कर रख देने वाले केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मोदी सरकार के 9 साल की उपलब्धियों को गिनाते हुए बिहार के पटना में विपक्ष के महाजुटान पर 'पुल शॉट' मारते हुए कहा कि, 'आज पटना में एक फोटो सेशन चल रहा है। विपक्षी दलों के नेता इकट्ठे हो गए हैं। वे संदेश देना चाहते हैं कि भाजपा और मोदी जी को चुनौती देंगे। यह महज एक फोटो सेशन है। विपक्ष में एकता संभव ही नहीं है। तमाम प्रयासों के बावजूद प्रधानमंत्री के तौर पर नरेंद्र मोदी का 300 से अधिक सीटों के साथ तीसरा कार्यकाल पूर्व निर्धारित है। विपक्षी दलों का एक मंच पर आना यह साबित करता है कि 2024 के आम चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हराने के लिए कांग्रेस की क्षमताएँ अपर्याप्त हैं।

केंद्र में मोदी सरकार के नौ साल एक खुली किताब की तरह है। कांग्रेस की तरह नहीं, जिसने 12 लाख करोड़ रुपये का घोटाला किया। मोदी-शाह की जोड़ी के खिलाफ भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं है। सालों तक जम्मू-कश्मीर में तीन परिवारों अब्दुल्ला, मुफ्ती और गांधी परिवार का शासन रहा है। यदि इतिहास देखा जाए तो 1947 से 2014 तक जम्मू-कश्मीर में 42,000 लोगों की हत्या की जिम्मेदारी इन्हीं परिवारों पर है। आँकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि कांग्रेस सरकार के 10 साल के शासन के दौरान आतंक की 7,327 घटनाएँ हुई थीं, जबकि मोदी सरकार के 9 साल में यह संख्या घटकर केवल 2,350 रह गई है।

### जामनगर में तीन मंजिला इमारत गिरी, 3 की मौत

**जामनगर:** गुजरात के जामनगर स्थित साधन कॉलोनी में शुक्रवार को एक बिल्डिंग गिर गई। इस हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई, वहीं 5 लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जामनगर के नगर आयुक्त डीएन मोदी ने बताया कि गुजरात हाउसिंग बोर्ड ने बिल्डिंग को पहले ही असुरक्षित घोषित कर दिया था। यहां रहने वाले लोगों की भी चेतावनी दी गई थी। बिल्डिंग के मलबे में दबे सभी लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। मलबे को हटाने का काम चल रहा है।

## राजस्थान: पहली बार ऑनलाइन गेमिंग से धर्म परिवर्तन



**सीकर:** गाजियाबाद में ऑनलाइन गेमिंग के जरिए धर्म परिवर्तन का मामला सामने आने के बाद अब सीकर में भी ऐसा ही केस सामने आया है। इसमें ऑनलाइन गेमिंग के जरिए एक युवक ने विवाहिता का ब्रेन वॉश कर उसका धर्म परिवर्तन करा दिया और वह हर्षिता से हानिया बन गई। इससे पहले विवाहिता को बाकायदा नमाज व दुआ पढ़ने की ऑनलाइन ट्रेनिंग दी गई और मैसेज भेजे गए। परिजनों को जब इस घटना का पता चला तो उन्होंने एसपी को परिवाद देकर विवाहिता की सुरक्षा व ऐसा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कुछ दिन पहले गाजियाबाद में ऑनलाइन गेमिंग के जरिए धर्म परिवर्तन का मामला सामने आने के बाद केंद्र सरकार ने सभी गेमिंग एप का रिव्यू करने का फैसला लिया था। केंद्रीय आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने भी भारत में सट्टेबाजी, हानिकारक और लत लगने वाले गेम्स पर बैन लगाने की बात कही थी। जबकि गाजियाबाद पुलिस ने सिंडिकेट के मुख्य आरोपी माने जा रहे खान शहनवाज मकसूद को महाराष्ट्र के ठाणे जिले से गिरफ्तार किया था।

**धर्म बदलवाने के लिए 3 स्टेप फॉलो करते थे:** फर्स्ट स्टेप में एक ऐसा एक्टिव ग्रुप मिला जो, अन्य धर्मों के नाम से आईडी बनाकर मोबाइल-कम्प्यूटर पर फोर्ट नाइट एप पर गेम्स खिलता था। अगर कुछ लड़के गेम हार जाते थे तो उन्हें कुरान की आयत पढ़वाई जाती थी और फिर उन्हें गेम जिताकर कुरान पर भरोसा दिलाया जाता था। सेकंड स्टेप में मुस्लिम लड़के हिंदू

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर लड़ाकू विमान

**सुलतानपुर:** यूपी के पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर फाइटर विमानों का एयर शो हुआ। फाइटर प्लेन सुखोई और मिराज ने अरवल कीरी करवत में 3.2 किमी की एयर स्ट्रिप पर टच एंड गो का अभ्यास किया। 2 घंटे चलने वाले एयर शो के लिए 12 किलोमीटर का एरिया सील कर दिया गया।

इसासे

पहले 2018 में एयर स्ट्रिप पर फाइटर प्लेन ने टच एंड गो किया था। एयर शो के दौरान एक्सप्रेस-वे पर अचानक कुत्ता आ गया। एयरफोर्स के जवानों ने तत्काल कुत्ते को रनवे से हटाया। शो को देखने के लिए आस-पास के 25-30 गांवों के लोग मौके पर पहुंचे। हालांकि, एयरफोर्स के अफसरों ने ग्रामीणों को 1-2 किलोमीटर पहले ही रोक दिया।

यूपीडा यानी यूपी एक्सप्रेस इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने स्ट्रिप की मेंटेनेंस करके इसे शुक्रवार को एयरफोर्स को हैंडओवर किया था। सुल्तानपुर के डीएम जसजीत कौर ने बताया कि एयरफोर्स ने सारंगपुर स्थित राजकीय अपना अस्थायी बेस बनाया है। एयर-शो के चलते पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सुल्तानपुर में 12 किमी रूट को डायवर्ट किया गया है। जगह-जगह डिवाइडर लगाए गए हैं।

### टाइम ऑफ डे टैरिफ शुरू, लेकिन पीक आवर्स में इतनी ही महंगी भी होगी

## अब दिन में 8 घंटे 20% तक सस्ती बिजली मिलेगी




**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए शुक्रवार को बिजली टैरिफ सिस्टम में दो बड़े बदलाव किए हैं। ये टाइम ऑफ डे टैरिफ की शुरूआत और स्मार्ट मीटरिंग प्रॉविजन्स को सुधारने से जुड़े हैं। देशभर के बिजली उपभोक्ताओं से समय के अनुसार टैरिफ वसूला जाएगा।

यानी बिजली की दरें चौबीस घंटे समान रहने के बजाय दिन के अलग-अलग समय में अलग-अलग रहेंगी।

बदलाव के मुताबिक, सौर घंटों यानी सूर्य के आसमान में रहने के दौरान (दिन के 8 घंटे) टैरिफ सामान्य टैरिफ से 10% से 20% कम होगा। वहीं पीक आवर्स (व्यस्त समय अमूमन रात में) के दौरान टैरिफ 10% से 20% अधिक होगा। 10 किलोवाट और ज्यादा मांग वाले कमर्शियल कस्टमर्स के लिए प्लान अप्रैल 2024 से लागू होगा।

कृषि को छोड़कर अन्य सभी कस्टमर्स के लिए यह अप्रैल 2025 से लागू होगा। इसके लिए स्मार्ट मीटर लगवाना होगा।

इसके तुरंत बाद बिलिंग शुरू हो जाएगी। दूसरा बदलाव स्मार्ट मीटरिंग नियमों को सरल करने से जुड़ा है। कस्टमर्स को उत्पीड़न से बचाने के लिए मैक्सिमम लोड से ज्यादा बढ़ोतरी पर जुमार्न को कम किया गया है।

## बंगाल में बम ब्लास्ट में 1 की मौत, 3 घायल



**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में शनिवार को क्रूड बम धमाके में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह धमाका बेलदांगा के एक आम के बगीचे में हुआ। पुलिस के मुताबिक, धमाके में अलीम शेख नाम का व्यक्ति बुरी तरह जख्मी हुआ। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शेख एक हिस्ट्रीशीटर था। इसके अलावा मुर्शिदाबाद के ही रानीनगर में टीएमसी और कांग्रेस समर्थकों के बीच हुई झड़प के बाद बम फेंके गए।

इस घटना के बाद कांग्रेस और भाजपा ने तृणमूल पर आरोप लगाया कि 8 जुलाई के पंचायत चुनाव से पहले तृणमूल अपराधियों की मदद से माहौल खराब करने की कोशिश कर रही है।

**भाजपा ने कहा- टीएमसी डराने की कोशिश कर रही:** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा- ऐसी घटनाओं से टीएमसी का बड़ा गेम प्लान सामने आ रहा है। वे दूसरे दलों के कैंडिडेट्स को डराना चाहती है, ताकि उनके समर्थक वोट डालने न जाएं।

**कांग्रेस ने कहा- तृणमूल ने अपराधियों को शरण दी:** पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और बेरहमपुर सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि तृणमूल ने जिन अपराधियों को शरण दी है वे पंचायत चुनाव से पहले अशांति फैलाने के लिए बम बना रहे हैं।

### झूठे वादों से सत्ता में आई कांग्रेस: येदियुरप्पा

**बेंगलुरु:** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने एक माह पुरानी राज्य की कांग्रेस सरकार को अल्टीमेटम दिया। उन्होंने कहा यदि सिद्दरमैया का प्रशासन तीन जुलाई को विधानसभा सत्र शुरू होने से पूर्व पांच गारंटी पूरी नहीं कर सका तो उनकी पार्टी प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि हमारे 65 विधायक विधानसभा के भीतर प्रदर्शन करेंगे और चुनाव हारने वाले प्रत्याशी महात्मा गांधी की मूर्ति पर। उन्होंने आगे कहा कि प्रदर्शन में वह भी भाग लेंगे और यह विधानभा सत्र शुरू होने वाले दिन सुबह 10 बजे से सत्र समाप्त होने तक चलेगा।

## मोदी की अमेरिका यात्रा ऐतिहासिक: भाजपा



**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिकी यात्रा को ऐतिहासिक बताया है। शनिवार को केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने प्रेसवार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा बेहद सफल रही है।

पुरी ने कहा कि दोनों देशों ने आईसीएईटी की घोषणा के माध्यम से अपनी रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाया, जो कि महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी पर पहल है। यह भारत-अमेरिका संबंधों में एक प्रमुख मील का पत्थर है। साथ ही नासा और इसरो 2023 तक मानव अंतरिक्ष उड़ान सहयोग के लिए एक रणनीतिक ढांचा विकसित करेंगे। यह दो सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच मजबूत साझेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जब पहली बार अमेरिका दौरे पर गए थे तब भारत दुनिया की 10वीं अर्थव्यवस्था था और आज भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र में उनका संबोधन और वहां के प्रतिनिधियों का उनसे ऑटोग्राफ मांगना उनके एक विश्व नेता होने का प्रमाण है। दुनियाभर के कुछ ही लोगों ने अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। अगर इतिहास को देखें तो नेल्सन मंडेला और विंस्टन चर्चिल ने अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित किया था।

### 'पीएम मोदी की लोकप्रियता से डर गया है विपक्ष'

**ग्वालियर:** विपक्षी दलों की बैठक पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने निशाना साधा। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पीएम मोदी की लोकप्रियता का ऐसा सैलाब है कि हर कोई पेड़ पर बैठने की कोशिश कर रहा है, लेकिन कुछ नहीं होने वाला नहीं है।

'पीएम मोदी की लोकप्रियता से डर गया है विपक्ष'

शिवराज सिंह चौहान ने विपक्षी दलों की बैठक पर तंज कसते हुए कहा कि जब भारी बाढ़ आती है, तो सांप, मेंढक और बंदर सभी अपनी जान बचाने के लिए एक पेड़ पर बैठ जाते हैं।

### उमर अब्दुल्ला ने भी यह कहा कि इतने लोगों को एक साथ इकट्ठा करना मामूली बात नहीं

## महाबैठक के बाद नीतीश कुमार का सियासी कद बढ़ा



**पटना:** बहुप्रतीक्षित विपक्षी एकजुटता की महाबैठक के बाद आहत हो चुके विपक्ष को पटना की तपिश में अपने को निखारने की तकनीक मिल गयी। एकजुटता की ट्रेन इस ट्रैक पर दौड़ी कि 2024 में भाजपा मुक्त भारत के लिए कलेक्टिव एफर्ट (सामूहिक प्रयास) पर काम होगा। हालांकि, महाबैठक में इतना तो साफ दिखा कि देश में विपक्ष की राजनीति में नीतीश कुमार का कद काफी बड़ा हो गया।

पटना की विपक्ष की महाबैठक के बारे भाजपा नेताओं का यह वक्तव्य आ रहा था कि यह काम मेढकों को तौलने जैसा है। खुद विपक्ष के नेताओं को भी संशय था। उमर अब्दुल्ला ने भी यह कहा कि इतने लोगों को एक साथ इकट्ठा करना मामूली बात नहीं।

**महाबैठक के बाद भी खत्म नहीं हुआ इंतजार:** हालांकि, नीतीश कुमार ने यह मुमकिन कर दिखाया। पटना में 15 राजनीतिक पार्टियों के शीर्ष नेता एक साथ एक मंच पर दिखे, तो बिहार से दिल्ली तक भाजपा में खलबली मच गई। हालांकि, महाबैठक के बाद विपक्ष की तरफ से जिस प्रधानमंत्री चेहरे के नाम के खुलासे का सबको इंतजार था, वो अब भी अधूरा है।

**शिमला में पीएम उम्मीदवार के चेहरे से उठेगा सस्पेंस:** पटना की बैठक में सभी पार्टियों ने कौन बनेगा पीएम के क्विज से खुद को दूर रखा। पूर्व केंद्रीय मंत्री व एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार ने विपक्षी दलों की महाबैठक के बाद कहा कि नीतीश कुमार ने जो तय किया।

## बिहार का धोखेबाज ट्रैवल एजेंट कनाडा में गिरफ्तार

### पंजाब के 700 स्टूडेंट्स को जाली दस्तावेजों पर विदेश भेजा, डिपोर्ट की तलवार लटकी

**जालंधर:** कनाडा में जाली दस्तावेजों पर स्टडी वीजा लगवाकर भेजने वाले धोखेबाज ट्रैवल एजेंट की गिरफ्तारी हो गई है। बृजेश मिश्रा को कनाडा में गिरफ्तार किया गया है। कनाडा के एक समाचार पत्र ने खुलासा किया है कि बृजेश मिश्रा को कनाडा में घुसपैठ करने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया है। कनाडा बार्डर सिक्योरिटी एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि बृजेश मिश्रा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कनाडा में घुसने की कोशिश कर रहा था। जिसे कनाडा की इमिग्रेशन कंपनी ने पकड़ लिया। इसके बाद धोखेबाज एजेंट को बार्डर सिक्योरिटी एजेंसी के हवाले कर दिया गया।

**फ्रॉड करने वालों को बख्शेंगे नहीं:** कनाडा की क्षेत्रीय डायरेक्टर नीना पटेल ने कहा कि बृजेश मिश्रा पर जाली दस्तावेजों के आधार पर कनाडा में प्रवेश के साथ-साथ छात्रों के साथ की गई धोखाधड़ी का भी मामला पैसिफिक रिजनल इन्वेस्टिगेशन अनुभाग में दर्ज किया गया है। उन्होंने बृजेश मिश्रा को पकड़े जाने पर आभार भी जताया और कहा कि जांच अभी जारी है लेकिन कनाडा के कानून को तोड़ने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। कनाडा के जन सुरक्षा मंत्री मैक्रो मेंडिसिनो ने कहा कि हमारी सरकार फ्रॉड करने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन ले रही है। उन्होंने कहा कि जिनके साथ धोखा हुआ उन्हें बचाने के भी प्रयास किए जा रहे हैं।

**बृजेश मिश्रा पर 10 से ज्यादा केस दर्ज:** बिहार के दरभंगा के थलवाड़ा का रहने वाले बृजेश मिश्रा स्टडी वीजा का काम करता था। मिश्रा के खिलाफ अलग-अलग थानों में मुख्य रूप से जालंधर, फरीदकोट और मलेरकोटला में 10 से ज्यादा केस दर्ज किए हैं।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत पट्टेधारको को भी मिलेगा अनुदान

**करछना।** मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अन्तर्गत अब पट्टे के तालाब धारकों को भी अनुदान का लाभ मिलेगा। इरफान उल्लाह खान , मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण प्रयागराज ने बताया कि वर्ष 2023-24 में मत्स्य विभाग के अन्तर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषादराज बोट योजना एवं मत्स्य पालक कल्याण कोष हेतु विभिन्न मात्स्यिकी परियोजनाओं के लाभ से जनसामान्य को आच्छादित करने के लिये आवेदन प्राप्त करने हेतु तिथि बढाई गयी है विभागीय पोर्टल दिनांक 30 जून तक के लिये आवेदकों के लिए बढाया गया है। योजनान्तर्गत परियोजनाओं का विवरण इकाई लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेखों का विस्तृत विवरण विभागीय पोर्टल पर देखा जा सकता है। जनसामान्य विभागीय पोर्टल ॅ३३स्त्रः//ग्रीौ१ी२.४स्त्र.ॅङ्ग५.ल्ल पर आनलाइन आवेदन कर सकते है। विस्तृत जानकारी हेतु मत्स्य विभाग के मण्डलीय व मत्स्य पालक विकास अभिकरण प्रयागराज के जनपदीय कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते हैं।

# मुंबई से लौटे युवक की हत्या कर लाश नाले में फेंका

मचा हड़कंप जांच में जुटी पुलिस



अखंड भारत संदेश

**करछना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत नीबी निवासी मनोज तिवारी उम्र 25 वर्ष पुत्र छविनाथ तिवारी उर्फ छबीले का लड़का मुंबई में नौकरी करता है कई महीने बाद शुक्रवार को सुबह मुंबई से घर लौटा जहां पर अपना बैग रख कर थोड़ी देर बाद घर से गैस सिलेंडर भराने निकला वहां से वापस आने पर घर पर गैस सिलेंडर रखा और परिजनों को ?2000 भी दिया उसके बाद वह किसी काम से शाम को भीरपुर पास स्थित बाजार के लिए निकला था शुक्रवार को शाम तक नहीं लौटा शनिवार को सायंकाल उसकी लाश गांव के बाहर एक पुलिया के पास नाले में राहगीरों ने देखा तो उसकी पहचान मनोज तिवारी 25 वर्ष के रूप में हुई जिसकी सूचना पुलिस को दी गई मौके पर करछना एवं भीरपुर रिपोटिंग पुलिस चौकी इंचार्ज ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया घटना के संबंध में अभी तक कोई पहलू सामने नहीं आया है पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है सूत्रों के मुताबिक विगत वर्ष पड़ोस के गांव बस्तर के लोगों से मृतक के परिवार के लोगों से मारपीट व लड़ाई झगड़ा जमकर हुआ था लेकिन मामला थाने तक नहीं पहुंचा आपसी समझौते के तहत ग्रामीणों ने सुलह करा दिया था मनोज तिवारी दो भाइयों में सबसे बड़ा जिसकी अभी शादी नहीं हुई थी वह मुंबई में एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था तथा वह कल शुक्रवार को सुबह 6:00 बजे घर पहुंचा और शनिवार को उसकी लाश पास गांव के स्थित नाले में मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया अभी तक घटना का पहलू जांच पड़ताल में पुलिस लगी है पुलिस का कहना है आगे की कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी।

## सफाई कर्मचारी को मालवाहक वाहन ने कुचला मौके पर हुई मौत

मऊआइमा के हरिसेनगंज के स्मीप पीछे से आ रही मालवाहक वाहन ने रौंदा, चालक फरार, वाहन का नंबर ग्रामीणों ने नोट कर पुलिस को दिया



मऊआइमा। डयूटी पर जा रहे सफाई कर्मचारी को मऊआइमा के हरिसेनगंज के समीप पीछे से आयी मालवाहक वाहन ने कुचल दिया। जिससे मौके पर मौत हो गई। सूचना पर रोते बिलखते स्वजन पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छीतेमऊ फुलवरिया गांव निवासी श्याम बाबू 40 वर्ष पुत्र स्वर्गीय भाईलाल मऊआइमा विकास खण्ड के ग्राम सभा टीटी अब्दालपुर (सुजनीपुर) में सफाई कर्मचारी हैं। बताते हैं कि शुक्रवार को दोपहर में श्याम बाबू बाइक से डयूटी पर जा रहा था । बताया गया कि जैसे वह हरिसेनगंज बाजार के पास पहुंचे पीछे से आ रही मालवाहक वाहन ने श्याम बाबू को कुचल दिया। जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर क्षेत्र के सभी सफाई कर्मचारी और परिजन रोते बिलखते पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भागे मालवाहक वाहन का नम्बर ग्रामीणों ने नोट कर पुलिस को सौंप दिया। मृतक श्याम बाबू तीन भाईयों में बीच का था। मृतक की माता माधूरी देवी और पत्नी संगीता देवी तथा छोटे भाई शिवबाबू का रो रो कर बुरा हाल है। बडा भाई रामबाबू दिल्ली में रोजी रोटी के सिलसिले में रहता है। मृतक श्याम बाबू के एक पुत्र आयूष कुमार पांच वर्ष तथा आठ साल की मोहनी उर्फ वैशाली हैं। तीनों भाई एक साथ रहते हैं।

# मिशन शक्ति के तहत आईपीएस अधिकारी ने महिलाओं को किया जागरूक

अखंड भारत संदेश





**जारी।** शनिवार को मिशन शक्ति के तहत पुलिस चौकी जारी शैलेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में जारी कस्बे स्थित पुराना रामलीला मैदान में चौपाल लगाकर महिलाओं को जागरूक किया महिलाओं की सुरक्षा के लिए सोशल मीडिया एप के बारे में जानकारी दी गई तो वही मिशन शक्ति के तहत आईपीएस अधिकारी नीतू ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को किसी भी वक्त दिक्कत हो तो सीधे 1090 डायल कर सकती हैं तत्काल उनकी मदद के लिए पुलिस पहुंचेगी घरेलू हिंसा होने पर भी महिलाएं सूचित कर सकती हैं महिलाओं द्वारा दी गई सूचना गोपनीय रखी जाएगी पुलिस ने 112 सहित कई एप के बारे में जानकारी दी। हर गांव में इस तरह से चौपाल लगाकर महिलाओं की सुरक्षा का संकल्प दिलाया जाएगा। सरकार द्वारा महिलाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए कई हेल्पलाइन नंबर भी जारी कर रखे हैं। इसके अलावा प्रत्येक थाना स्तर पर महिलाओं की समस्याओं के निस्तारण के लिए एक महिला हेल्प डेक्स बनाई गई है। पुलिस के अलावा 23 विभाग महिला सुरक्षा में लगे हुए हैं। जिनमें 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस आदि शामिल हैं। इन सब का उद्देश्य भयमुक्त समाज की स्थापना एवं नारी सुरक्षा नारी सम्मान करना है। वहां मौजूद महिला पुलिस कर्मी ने कहा कि यदि किसी भी महिला के सामने कोई भी समस्या आ रही है तो वह पुलिस की सहायता ले सकती है, पुलिस तुरंत मामले में कार्रवाई करेगी। इस अवसर पर कौंधियारा थाने के कार्यवाहक नवीन सिंह महिला पुलिस के साथ-साथ समस्त पुलिस स्टाफ जारी कस्बे की बेटियां महिलाएं एवं जन प्रतिनिधियों सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## मऊआइमा के चार अलग अलग गांवों में मार पीट कई घायल चौदह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मऊआइमा थाना क्षेत्र के सुलतानपुर खास, बसरही, ऊंचडीह व जाजापुर में हुआ जम कर विवाद

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के चार अलग अलग गांवों में जमीनी विवाद को लेकर मार पीट कई घायल पुलिस ने चारों मामलों में चौदह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा के सुलतानपुर खास गांव निवासी धीरज कुमार यादव पुत्र संतोष कुमार का आरोप है कि उसकी भूमिधरी जमीन पर पडोसी कब्जा कर रहे थे। मना करने पर गालियां दी और जान से मारने की धमकी दी। धीरज कुमार ने मऊआइमा थाने रामसेवक ,पवन कुमार, बिल्लू के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर ग्राम बसरही निवासी कुलदीप सिंह यादव पुत्र स्वर्गीय अमरनाथ का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर पडोसी मारे पीटे जान से मारने की धमकी भी दिए। कुलदीप सिंह ने मऊआइमा थाने में दारा सिंह ,बृजेंद्र, संगीता ,तथा वीरेंद्र की पत्नी नाम अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। ग्राम ऊंचडीह सरनाम का पूरा निवासनीय विमला देवी पत्नी स्वर्गीय ललन दुबे का आरोप है कि घरेलू बंटवारे को लेकर उसका पुत्र संतोष दुबे ,बहू माया देवी, चार अज्ञात ने मारा पीटा ।ग्राम झलियाही जाजापुर में हुए मार पीट के मामले ने दूसरे पक्ष की उर्मिला देवी पत्नी रामानन्द ने रमेश कुमार ,महेश कुमार ,सूरज विजय के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

### जमीन को लेकर हुए विवाद मे मारपीट

**करछना।** थाना क्षेत्र के रोकडी गांव निवासी अनिल पुत्र राम सजीवन के बीच जमीन को लेकर कुछ समय से विवाद चल रहा था उसी खुन्नस को लेकर शनिवार सुबह गांव के ही दबग किस्म के शेर सिह अपने परिवार के कुछ लोगो के साथ अनिल के घर चढ आये और गाली गलौज करते हुए अनिल और निर्मला देवी को मारने पीटने लगे बीच बचाव करने आये जयशकर व विजय तो उक्त लोगो ने उसे भी मारने पीटने लगे ।जिससे दो लोगो को काफी चोटे आई अनिल ने करछना थाने मे तीन लोगो के खिलाफ नामजद तहरीर देते हुए कार्यवाही की गुहार लगाई।

# अवैध आरा मशीनों पर हरे भरे बाग वन वृक्षों का हो रहा सत्यानाश

अखंड भारत संदेश

न लाइसेंस न परमिट बेधड़क कर रहे कटाई व चिराई, आरक्षित वनों वृक्षों पर्यावरण को पहुंचा रहे भारी नुकसान

**कोरांव।** तहसील क्षेत्र में नियमों को ताक पर रखकर आरा मशीनें संचालित हो रही हैं। अधिकांशतः आरा मशीन संचालकों के पास न लाइसेंस है और न ही परमिट फिर भी लकड़ियों की कटाई व चिरागी का कार्य बेधड़क जारी है। अवैध आरा मशीन संचालकों के द्वारा आरक्षित वनों को भी भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। हरे पेड़ों की कटाई व चिराई का कार्य बदस्तूर जारी है। जिम्मेदार अधिकारी है कि उन्हें सिर्फ अपने माहवारी सुविधा शुल्क से मतलब है। आरक्षित वन एवं पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव से उनका कोई वास्ता सरोकार नहीं दिख रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर वनों पर्वतों पर स्थित हरे पेड़ों की कटाई कर इन आरा मशीनों पर लकड़ियों की कटाई व चिराई कर लकड़ी माफिया मालामाल हो रहे हैं। कोरांव क्षेत्र के सभी छोटे बड़े बाजारों में अवैध आरा मशीनें संचालित हो रही हैं। विभागीय जिम्मेदार है कि आंख पर पर्दा डाले हुए हैं। ऐसा नहीं है कि उन्हें इस अवैध कारोबार की जानकारी नहीं है। उन्हें बाकायदा हर महीने सुविधा शुल्क के रूप में मोटी रकम मिलती है। जिससे अवैध रूप से संचालित हो रही आरा मशीनों पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। कोरांव बाजार सहित क्षेत्र के भोगन, सिकरो पांडेय का मड़हा, खीरी, लेडियारी समेत कई स्थानों पर नियमों को ताक पर रख बेधड़क आरा मशीनें संचालित हो रही हैं। लेकिन विभागीय जिम्मेदार उदासीन बने हुए हैं। स्थानीय लोगों ने अवैध रूप से संचालित हो रही आरा मशीनों पर कार्रवाई की मांग की है। कोरांव क्षेत्र में तकरीबन दो दर्जन से अधिक आरा मशीने संचालित हो रही हैं। इस संदर्भ में क्षेत्रीय वन अधिकारी कोरांव दिनेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कुल कितनी आरा मशीनें संचालित हो रही हैं इसकी जानकारी अभी नहीं दे सकूंगा। फिलहाल चार आरा मशीनों का इस वर्ष नवीनीकरण हुआ है। जिनमें तीन कोरांव बाजार में है तो एक किस जगह के आरा मशीन का नवीनीकरण हुआ है इसकी भी जानकारी क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वारा नहीं दी जा सकी। कोरांव क्षेत्र में संचालित हो रही आरा मशीनों के आंकड़ों पर गौर करें तो 2 दर्जन से अधिक आरा मशीनें संचालित हो रही है जिनमें नवीनीकरण महज चार का हुआ है। इस संदर्भ में एसडीएम कोरांव सुदामा वर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि अवैध रूप से संचालित हो रही आरा मशीनों की जांच करा कर उन पर विधिक कार्यवाही करते हुए सभी अवैध आरा मशीनों को बंद कराने की कार्रवाई की जाएगी।

# बकरों की मंडी में सबसे महंगा बिका अस्सी हजार का एक बकरा

मऊआइमा के साप्ताहिक ब्लाकबाजार में उमड रही इन दिनों भारी भीड, दूर दराज से आते हैं



**मऊआइमा।** मऊआइमा के एतिहासिक ब्लाक बाजार में ईदुल अजहा पर्व नजदीक आते ही बकरों की कुबार्नी करने वाले खरीदारों की भारी भीड़ लग रही है ।मऊआइमा के पशु मंडी में सबसे महंगा अब तक अस्सी हजार का बकरा बिका ।जिसे देखने के लिए लोगो की भारी भीड़ लगी रही। मालूम हो कि मऊआइमा विकास खण्ड के महमदपुर सराय अली गांव में स्थित ब्लाक बाजार पचासों वर्ष पुराना है। बताते हैं कि इसके पूर्व प्रतापगढ़ के कुल्हीपुर में पशुओं की मंडी लगती थी। परन्तु व्यापारियों ,किसानों के साथ गुंडागर्दी करने तथा उनका पैसा लूट लेने से आजिज आ कर प्रतापगढ़ के व्यापारियों ने मऊआइमा के मशहूर रईस खानदान सांगी महल के चश्मे चिराग स्वर्गीय शेख इंतेखाब उद्दीन के पास जमीन होने पर व्यापारियों की मांग पर ब्लाक बाजार की स्थापना की गई। धीरे धीरे ब्लाक बाजार मशहूर हो गई तथा कुल्हीपुर की बाजार गुंडागर्दी के कारण बंद हो गई। शेख इंतेखाब उद्दीन के इंतेकाल के बाद उनके एकलौते पुत्र शेख सदरुद्दीन फिर उनके इंतकाल के बाद शेख नदीम ,नूर उद्दीन की देख रेख में तरक्की करता चला आ रहा है। बताते हैं कि ब्लाकबाजार अब कई प्रांतों में जाना पहचाना जाता है। जहां के व्यापारी आते हैं। व्यापारियों की पूरी सुरक्षा किसानों को सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। सप्ताह में शनिवार और बुधवार को ब्लाकबाजार में पशुओं के अलावा सब्जी मंडी भी लगती चली आ रही है। बताते हैं कि इन दिनों बकरीद पर्व के मद्देनजर ब्लाकबाजार में पशुओं की मंडी पूरे शबाब पर है। मध्यम दर्जे के बकरों की मूल्य दस हजार से पन्द्रह हजार तक मिल जाते हैं। अभी तक सबसे महंगा बकरा अस्सी हजार रुपये मूल्य का बिका है।जिसे मऊआइमा नगर पंचायत के कजियाना कलां के सदस्य मुजीब ने खूबसूरत एक बकरा बेचा। जिसे देखने के लिए लोग उत्सुक रहे। ब्लाकबाजार बाजार की विशेषता यह है कि गरीब, मध्यम दर्जे के किसान बकरा पालन कर बकरीद पर अच्छे मूल्यों में बेच कर शादी ब्याह, अन्य जरुरी काम कर लेते हैं। बकरा पालकों ने बताया कि वह बकरीद पर बकरा बेच कर एक मोटी रकम पा जाते हैं। जिससे वह जरुरी घरेलू काम कर लेते हैं। ब्लाकबाजार की विशेषता यह है कि दो दिन लगने वाले साप्ताहिक बाजार में चाट, चाय, नाश्ता, भोजन ,कपडा आदि के अलावा किसानों के लिए फावडा, खुर्पी, रस्सी, लकडी के अनेकों सामान आदि की व्यापारियों से इतनी बिक्री हो जाती है कि दो दिन बाजार की कमाई से एक सप्ताह घर बैठ कर खाते हैं।बहरहाल ब्लाकबाजार में व्यापारियों और दूर दराज व्यापारियों को पूरी सुविधा मिलने से वह बेखौफ धंधा करते हैं। यही कारण है कि कई बीघों में उक्त बाजार हाईवे फोरलेन के निकट लगने से सफल है।सैकड़ों नाना प्रकार की दुकानें ब्लाकबाजार बाजार के कारण चल रही हैं। कुल मिला कर हजारों लोगों का परिवार ब्लाकबाजार से चलता है।

# गरीब कल्याण,सेवा और सुशासन मोदी सरकार की बनी पहचान : राजमणि कोल

विधान सभा कोरावं में आयोजित प्रेस वार्ता मे विधायक राजमणि ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां




**पसना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को विकास की नई बुलंदियों तक पहुंचाया है। पिछले नौ वर्षो में देश में अभूतपूर्व विकास हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर आज संपूर्ण विश्व का मार्गदर्शन कर रहा है उक्त बाते शनिवार को प्रयागराज के कोंराव विधानसभा मे भाजपा द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक राजमणि कोल ने पत्रकारो को सम्बोधित करते हुए कही और आगें बताया कि 2014 में पदभार संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ इस बात पर विशेष ध्यान दिया कि विकास समाज के हर वर्ग की पहुंच में हो ताकि सरकार की सभी योजनाओ का लाभ जन-जन तक पहुंचाया जा सके जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान हो सके। विधायक ने कहा 2004-2014 भारत की विकास यात्रा में ये 10 साल देश को कमजोर किया और एक कमजोर नेतृत्व का दंश संपूर्ण देश ने झेला,रिमोट कंट्रोल वाली सरकार कैसे चलती थी,ये बात किसी से छिपी नही है। इन दस सालों में रिमोट से चलने वाली सरकार ने एक भ्रष्ट परिवार की चाटुकारिता में देश का बहुत नुकसान किया। इन 10 वर्षो में भारत की अर्थव्यवस्था कहा जाने लगा,कमरतोड़ महंगाई और गिरते विकास-दर ने देश के आत्मविश्वास को कमजोर किया जिसके परिणामस्वरूप 2014 में देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सत्ता की बागडोर सौंप दी। पिछले नौ वर्षो के कार्यकाल में देश के किसानो और गरीबो के जीवन स्तर में व्यापक सुधार हुआ है। युवाओ को नए अवसर प्राप्त हुए,महिलाओ तथा श्रमिको को सम्मान मिला। अन्त्योदय के उद्देश्य को साकार करने के लिए और समाज के अंतिम आदमी तक सरकारी योजनाओ का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने के लिए जन-धन खाते खोले गए परिणामस्वरूप आज गरीब जरूरतमंद व्यक्ति बिचौलिए के चंगुल से मुक्त होकर अपना पूरा हक पा रहा है। विधायक राजमणि कोल ने इन्फ्रास्ट्रक्चर, डेवलपमेंट से लेकर वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती साख को देखकर दुश्मन देश की घबराहट की याद दिलाते हुए कहा आज भारत की पहचान एक शक्तिसंपन्न देश के रूप में हो रही है। कृषि से जुड़े विषय, पिछडी. सरकारो मे भ्रष्टाचार,प्रधानमंत्री गरीब आवास योजना के तहत 3 करोड़ से ज्यादा पक्के घरो का निर्माण, महिलाओ को मालिकाना हक, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत लगभग 11 करोड़ किसानो को उनके बैंक अकाउंट्स में 6,000 रूपए सालाना भेजा जा रहा है। गेंहू पर 775 रूपए और चावल पर 730 रूपए एमएसपी की बढ़ोत्तरी की गई है। 2014 के पहले जहां किसानो की मासिक आय 6,426 रूपए थी आज बढ़कर 10,248 रूपए हो गई है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 11.5 करोड़ शौचालय बनाकर महिलाओ को ससम्मान जीने का अधिकार दिया गया। 23 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियाँ सृजित की गई। शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओ,सुकन्या समृद्धि योजना के साथ कोरोना जैसी महामारी से निजात दिलाने का प्रयास,भारत दुनिया के दिग्गज देशो के सम्मेलन जी 20 की अध्यक्षता कर रहा है। कालेधन के खिलाफ व्यापक अभियान छेड़ा गया। रिकॉर्ड तोड़ जीएसटी कलेक्शन हो रहा है। मोदी सरकार ने सामाजिक सुरक्षा और सामाजिक न्याय को सही अर्थो में परिभाषित कर एक सभ्य समाज का निर्माण किया और भेदभाव रहित समाज में आम जनमानस के जीवन स्तर में व्यापक सुधार किया। 2024 मे एक बार पुनः जनता मोदी को आशीर्वाद देने का मन बना चुकी है इस बार एतिहासिक विजय पुनः होगी। प्रेस वार्ता का संचालन भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने करते हुए पत्रकारो का स्वागत मंच परिचय व आभार व्यक्त किया। पत्रकार वार्ता के दौरान जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी तिवारी, जिलाध्यक्ष पिछडा मोर्चा सुभाष सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष संजय सिंह पटेल, भोला सिंह मुन्ना ज्ञान नारायण कन्नौजिया, अश्वनी यादव, अनिल मिश्रा, रामकृष्ण केशरी बबुआन दुबे, संतरा देवी, मुकेश पांडेय, रामराज सिंह, राम आसरे शुक्ला धीरज सागर आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### समाधान दिवस में मिली 15 शिकायतें



**मेजा।** जून माह के चौथे शनिवार को समाधान दिवस मेजा में एसडीएम मेजा अनुभव कन्नौजिया की अध्यक्षता में कुल 15 शिकायतें मिली। सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने निस्तारण के लिए टीम गठित कर समाधान के लिए निर्देशित किया। पुलिस विभाग की शिकायत को थानाध्यक्ष मेजा राजेश उपाध्याय द्वारा शिकायत को सुनकर सबंधित बीट उपनिरीक्षक व सिपाही को आवश्यक कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश दिये गये ।ज्यादातर शिकायतें नाली,चकरोड और अवैध कब्जे को लेकर शिकायते रहीं ।सभी मामलों में एसडीएम ने प्रभारी निरीक्षक मेजा राजेश उपाध्याय को पुलिस व लेखपाल टीम गठित कर शिकायतों को शीघ्र निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया ।इस मौके पर नायब तहसीलदार मेजा अनुग्रह सिंह, उपनिरीक्षक इंद्रजीत यादव, संजय यादव, संजय तिवारी सहित राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

### सप्ताह में रविवार के दिन मंदिरों पर बच्चों को दी जाएगी सनातन संस्कृति व धर्म की शिक्षा

पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह के पौत्र कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह ने की अनोखी पहल की शुरूआत



**रत्योरा।** सनातन संस्कृति व धर्म से विमुख हो रही भावी व युवा पीढ़ी को धर्म व सनातन संस्कृति से परिचित कराने व उससे जोड़ने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय बीपी सिंह के पौत्र कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह ने एक अनोखी पहल की शुरूआत की है। जिसके निमित्त हनुमानगंज पैंतिहा गांव में स्थित राम जानकी हनुमान मंदिर परिसर में क्षेत्रीय गणमान्य लोगों के साथ एक बैठक कर पुरातन सभ्यता व संस्कृति तथा धर्म से भावी पीढ़ी को जागरूक करने के लिए सप्ताह में एक दिन रविवार को मंदिरों पर बच्चों को धर्म के प्रति जागरूक करने की योजना तैयार की गई। कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह ने कहा कि हमारी आने वाली पीढ़ी अपनी सनातन संस्कृति व सभ्यता तथा धर्म से विमुख होती जा रही है। बच्चों को जागरूक करने के लिए सप्ताह में एक दिन मंदिरों पर धर्म की शिक्षा दी जाए जिससे बच्चे अपनी प्राचीन संस्कृति व सभ्यता से परिचित रहे। कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह ने कहा कि प्रयागराज के लोकसभा क्षेत्र में यह मुहिम चलाई जा रही है। जिसकी शुरूआत कोरांव तहसील क्षेत्र के पैंतिहा गांव से की जा रही है। इस अभियान को पूरे जनपद में गति दी जाएगी।

### हाइटेक कम्प्यूटर इंस्टिट्यूट में लगा मोटिवेशनल शिविर



**मऊ आइमा।** मऊआइमा के सुल्तान पुर खास स्थित हाईटेक कम्प्यूटर इंस्टिट्यूट में शनिवार को मोटिवेशनल शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रगान के द्वारा शुरू किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित लक्ष्मण सिंह चौहान ने बच्चों को कम्प्यूटर शिक्षा के प्रति उत्साहित किया गया ।और साथ में कम्प्यूटर विज्ञान के भविष्य के बारे में बताया गया। इस मौके पर संस्थान के डायरेक्टर तारकेश्वर सिंह मौर्य विशिष्ट अतिथि अशोक केसरवानी विकास पांडेय , पवन ,दीपक, सोनू सहित छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे।

### अपना दल एस की बैठक में कार्यकताओं ने बनाई रणनीति



**रत्यौरा मोड़।** विधानसभा कोरांव में अपना दल यस की बैठक किया गया जिसमें 2/7/2023 जुलाई,को अपना दल यस के संस्थापक डॉ सोने लाल पटेल जी के जन्म दिन पर चर्चा हुई और भारी संख्या में कार्यकताओं को पहुंचने पर चर्चा हुई इस पर जिला अध्यक्ष चिकित्सा मंच डॉ हरिश्चंद्र पटेल जी ने कार्यकर्ता में एक नई उर्जा भरते हुए कहा हम सब भारी संख्या में लखनऊ पहुंचे गे इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष लाल शास्त्री पटेल विधानसभा अध्यक्ष फूलचंद सिंह पटेल कमलाकर सिंह पटेल युवा मंच अध्यक्ष आशीष पटेल आशीष यादव विजय भाई पटेल श्याम बाबू चौहान शेर बहादुर राजेश वर्मा राजेश कुशवाहा राकेश राहुल मौर्या सम्राट मीडिया प्रभारी अपना दल यस के आदि लोग मौजूद रहे ।

### बैठक कर विधायक संदीप पटेल व जिलाध्यक्ष के खिलाफ पार्टी कार्यकताओं ने खोला मोर्चा

**मेजा।** विधान सभा मेजा के सिरसा के अमिलहवा स्थित नारायण गेस्ट हाउस में 25 जून को सपाइयों की सावधान सभा आयोजित की गई है। उक्त आशय की जानकारी सपा नेता मुखिया यादव ने दी उन्होंने बताया कि मेजा के पिछड़ों, अल्पसंख्यक व दलितों के सुरक्षा एवं सम्मान के लिए मेजा विधायक संदीप पटेल व जिलाध्यक्ष यमुनापार के विरोध में यह सभा की जा रही है। मुखिया यादव इस सभा मे विधान सभा के सभी समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं से अपील किया कि अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और विधायक द्वारा विधान सभा की जनता के साथ किये जा रहे अन्याय को सुने और शीर्ष नेतृत्व तक बात पहुंचाएं।

### औद्योगिक क्षेत्र पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र थानाध्यक्ष संजीव कुमार चौबे के कुशल नेतृत्व में थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस द्वारा थाना स्थानीय के मु0अ0सं0-123/2023 धारा-302/201 भादवि के वांछित अभियुक्त अनिल कुमार पटेल उर्फ हरिहर पुत्र चन्द्रभान सिंह निवासी कैथी थाना करछना उम्र करीब 26 वर्ष को पुरवाखास चौराहे पर गिरफ्तार किया गया तथा उसकी निशादेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 01 अदद कटवासा (चापड़) बरामद किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण.थानाध्यक्ष संजीव कुमार चौबे उ0नि0 राहुल कुमार सिंह उ0नि0 अतुल कुमार मिश्र हे0का0 नवीन राय का0 सुभाषचन्द्र का0 आशीष यादव का0 विकास कुमार म0का0 रोली यादव थाना औद्योगिक क्षेत्र।

### विवाहिता को दहेज के लिए पीटा पुलिस से शिकायत

**करछना।** थाना क्षेत्र के चदौली प्रतापपुर गांव निवासी रामभवन पटेल ने अपनी बहन शान्ति देवी का विवाह सेमरी सनात का पूरा निवासी विवेक पटेल पुत्र काशी नरेश के साथ किया था और अपनी हैसियत के मुताबिक दान दहेज दिया था लेकिन शादी के बाद से ही सास ससुर और ननद द्वारा दहेज मे बुलट आदि की मांग को लेकर विवाहिता को मारते पीटते है। शुक्रवार को शान्ति देवी से फोन पर सम्पर्क न होने पर शका हुई तो परिवार के लोगो के साथ वहा पहुचे तो देखा कि बहन शान्ति देवी बेहोश पडी थी जिसके बारे मे सास से पूछा तो ससुरालीजन गाली गलौज और मारपीट करने लगे और मारने की धमकी दी वहा से किसी तरह बहन को लेकर करछना एक निजी अस्पताल मे भर्ती कराया जहा रात मे होश आने पर उसने मारपीट सहित प्रताड़ना की बात बताई। जिसपर भाई ने करछना थाने मे ससुरालीजनो के खिलाफ तहरीर दी है पुलिस मामले की जाच मे जुटी है।

## खबर संक्षेप

### ट्रैफिक जाम होने से दो पक्षों में विवाद दिए तहरीर

**सोरांव।** थाना क्षेत्र के शिवगढ़ चौराहा के बाजार रोड पर शुक्रवार शाम लगभग 5 बजे सड़क पर जाम लगने से यातायात कुछ समय तक बाधित रहा जिसको लेकर जाम में फंसे वाहन चालकों में एक दूसरे से कहा सुनी होने लगी देखते ही देखते दोनो पक्षों ने विवाद हो गया। जिसको लेकर दोनो पक्षों के लोगों ने एक दूसरे के ऊपर आरोप लगाते हुए थाने पर शिकायती पत्र दिए है। गौरतलब है कि राम कुमार गौतम निवासी भावापुर का आरोप है कि मेरे ही गांव के प्रकाश पटेल पुत्र दयाराम पटेल, महेंद्र पटेल पुत्र मायाराम एवं सोनेलाल पटेल पुत्र रामचंद्र सहित कुछ अज्ञात लोगों ने जाम में फंसे होने से आगे बढ़ने के लिए कहे। लेकिन जाम के कारण जब मैं अपनी गाड़ी आगे नहीं बढ़ा पाया तो आरोप है कि अपशब्दों का करते हुए जाति सूचक गाली दिए जिससे हाथापाई होने लगी। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दिए तथा जेब में रखा लगभग हजारों रुपए भी निकाल लिए। हालांकि मौके पर लोगों के बीच बचाव करने पर मामला शांत हुआ जिस पर दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

# नैनी में प्रेमिका के पिता की बात लगी नागवार तो प्रेमी ने कर दी हत्या

**बेटी से मिलने से मना किया तो गला काटकर मार डाला, 29 मई को रेलवे किनारे मिला था शव**

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र में प्रेमिका के पिता ने बेटी को उसके प्रेमी से मिलने के लिए मना क्या किया बेटी के प्रेमी ने प्रेमिका के पिता को ही रास्ते से हटा दिया। घटना के बाद पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करते हुए शनिवार को जेल भेज दिया। इंदल बहादुर प्रजापति निवासी कैथी करछना की बेटी का गांव के रहने वाले एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस बात की जानकारी युवती के पिता को हो गई। जिसके बाद पिता ने अपनी बेटी को युवक से मिलने जुलने पर रोक लगाते हुए मनाही कर दिया। इसकी जानकारी जब युवक को हुई गो उसे हह बात नागवार गुजरी। इंदल ने अनिल कुमार को बेटी से दूर रहने की हिदायत दी थी। जिससे अनिल बौखला गया था। उसी बौखलाहट में अनिल ने अपने साथी निर्भय लाल पटेल के साथ मिलकर इंदल को रास्ते से हटाने का प्लान तैयार कर लिया पुलिस के मुताबिक, 29 मई को रात में रामपुर निमार्णाधीन ओवरब्रिज रेलवे क्रॉसिंग के पास सुनसान स्थान पर इंदल प्रसाद को अनिल कुमार ने झांसा देकर बुलाया। वहीं पर उसने साथी निर्भय लाल के साथ मिलकर कटवासा (चापड़) से गला काटकर हत्या कर दी और लाश को खींचकर रेलवे लाइन के किनारे ले जाकर रख दिया, ताकि वह हत्या के बजाय हादसा लगे। इंदल का चेहरा भी उसने बिगाड़ दिया था, ताकि पहचान न हो पाए। हत्या के बाद दोनों मौके से भाग गए थे। घटना के बाद शव की शिनाख्त इंदल निवासी केथी के रूप मे हुई। उसके बेटे रोहित कुमार प्रजापति और अन्य परिजनों ने फोटो, कपड़े एवं उसके पास मिले सामान के आधार पर उसकी पहचान की। जिसके बाद अज्ञात के खिलाफ धारा 302 और 201 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज हुआ। जांच पूरी होने के बाद औद्योगिक क्षेत्र थाने की पुलिस ने अनिल कुमार पटेल उर्फ हरिहर पुत्र चंद्रभान सिंह निवासी कैथी, करछना को क्षेत्र के पुरवा खास से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से हत्या में प्रयुक्त कटवासा (चापड़) बरामद कर लिया गया है। औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी संजीव कुमार चौबे ने बताया कि उसके साथ ही निर्भय पटेल की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि अनिल ने इंदल पटेल की हत्या करने के बाद भी उसकी बेटी से कुछ नहीं बताया था।

### जिलाधिकारी ने की जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) के शासी निकाय की बैठक

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), के शासी निकाय की बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजना एवं मूलभूत नागरिक सुविधाएँ एवं आवास (एससीएसपी) योजना के अंतर्गत मुख्यालय को प्रेषित किये जाने वाली वार्षिक कार्य योजना हेतु जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तावित 16.52 करोड़ के 73 प्रस्तावों का अनुमोदन प्राप्त किया गया एवं विभाग में संचालित अन्य योजनाओं यथा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी ) प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना , दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (स्वरोजगार कार्यक्रम, स्वयं सहायता समूह, आश्रय योजना, कौशल प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के माध्यम से रोजगार एवं पथ विक्रेताओं को सहायतार्थ योजना) पर विस्तार से चर्चा की गईकबैठक में नगर आयुक्त महोदय नगर निगम प्रयागराज, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) परियोजना अधिकारी, समस्त अधिसासी अधिकारी, एलडीएम, अवर अभियंता, सिविल/ म्युनिसिपल इंजीनियर, शहर मिशन प्रबंधक एवं सामुदायिक आयोजक आदि उपस्थित रहे।




### 6 साल की शानवी ने 11 मिनट व 7 साल के श्रेयांश ने 11.30 मिनट में पार की यमुना

**प्रयागराज।** 6 साल की शानवी शर्मा और 7 साल के श्रेयांश खन्ना ने तैराकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया यमुना के मीरापुर घाट से चलकर सिधु सागर ककरहा घाट से 6:25 मिनट पर तैराकी प्रारंभ की और दूसरे छोर पर शानवी वर्मा 6:36 मिनट पर ब्रेस्ट स्ट्रोक से तैरकर पार किया। शानवी ने मात्र 11 मिनट व श्रयांश खन्ना ने मात्र 11.30 मिनट में यमुना दोनों नन्हे तैराक टैगोर पब्लिक स्कूल में कक्षा प्रेप व कक्षा एक में पढ़ते हैं। दोनों ने मात्र 25 दिन व 21 दिनों में इतनी शानदार तैराकी सीखी है। साथ लगी नाव से परिवार के सदस्य चल रहे थे। बीच-बीच में तालियां बजाकर दोनों बच्चों का उत्साहवर्धन कर रहा है। अपने अपने बच्चों की उपलब्धियां देखकर शानवी वर्मा की मां रीना वर्मा व पिता आलोक कुमार वर्मा और श्रेयांश खन्ना के पिता संजीव वर्मा और मां मनीता खन्ना प्रफुल्लित हो उठे दोनों बच्चों ने विशाल यमुना नदी पार करते हुए उपस्थित जनसमूह अपलक देखते रहे। यमुना नदी में दोनों बच्चों ने मछलियों की तरह अठखेलियां करते हुए यमुना नदी को ऐसे पार किया, कि समय का पता ही नहीं चला। यमुना पार करते समय साथ लगी नाव पर बैठे परिवार के लोग व दर्शकों के गंगा मैया की जय, जमुना मैया की जय से पूरी नदी गुंजायमान हो रही थी नवजीवन तैराकी क्लब के तत्वावधान में प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी तैराकी प्रशिक्षण शिविर चल रहा है, जिसमें बालक, बालिका, महिला एवं पुरुषों को तैराकी मुख्य प्रशिक्षक त्रेभुवन निषाद, कमला निषाद, लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड सम्मानित मानस निषाद एवं पलक मेहरोत्रा के कुशल नेतृत्व में गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# शुक्रवार को मानसून की पहली बारिश के बाद बढ़ी उमस तो शनिवार को देरशाम होती रही बूंदाबादी

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी प्रयागराज में शुक्रवार की देर शाम मानसून की पहली बारिश हुई। कुछ देर झमाझम बारिश होने के बाद फिर रुक-रुककर बारिश होती रही। हालांकि पिछले 24 घंटे के तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है और यह 41 डिग्री रहा। मिनिमम तापमान में बारिश के बाद भी कोई खास अंतर नहीं आया है यह 29 डिग्री सेल्सियस रहा है सुबह का तापमान 32 डिग्री दर्ज किया गया है बारिश केवल 25 मिलीमीटर ही दर्ज की गई। बारिश के बाद आधा शहर अंधेरे में डूब गया। करीब 5 घंटे तक बिजली नहीं आई, जिससे लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी शुक्रवार देर रात हुई बारिश के बाद उमस ने परेशानी बढ़ा दी है। इससे आर्द्रता बढ़कर 69% पहुंच गई है। आर्रता बढ़ने से तापमान में तो थोड़ी राहत रही है पर उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान कर रही है। हालांकि बारिश के बाद चली ठंडी हवाओं ने शुक्रवार की रात थोड़ी राहत जरूरी दी है इलाहाबादा श्वविद्यालय के मौसम वायुमंडलीय विज्ञान विभाग के प्रोफेसर शैलेंद्ध राय ने बताया कि इस सप्ताह मौसम के ऐसे ही रहने का पूवार्नुमान है। 25 जून को तेज बारिश होने की संभावना है। इसके बावजूद भी तापमान में कोई खास अंतर नहीं आएगा। इस सप्ताह का मेनिमम तापमान 27 से 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है अधिकतम तापमान 36 से 37 डिग्री सेल्सियिस के बीच ही रहेगा। आईता बढ़ेगी और तापमान में स्थिरता रहेगी। शनिवार को देर शाम बूंदाबादी शहर क्षेत्र में होती रही।






# जन समस्याओं के सम्बन्ध में नगर निगम एवं जलकल विभाग को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** नैनी अवंतिका विकास समिति का एक प्रतिनिधि मंडल कालोनी की विभिन्न जन समस्याओं के सम्बन्ध मे अवगत कराने हेतु शनिवार को नैनी जोनल अधिकारी दिलीप श्रीवास्तव से मिला तथा नागरिकों की परेशानियों से सम्बन्धित ज्ञापन देकर यथाशीघ्र समाधान की मांग की गयी जोनल अधिकारी के अनुसार निगम सीमा विस्तार के अनुरूप साधन,संसाधन व कर्मियों की कमी है जिससे नालियों का प्रवाह एवं गलियों मे नियमित सफाई, रोड लाइट आदि का अभाव है फिर भी प्रयास जारी है इसी प्रकार पेयजल की समस्या व सुझाव लेकर जब समिति का प्रतिनिधि मंडल जलकल विभाग जोन 5 कार्यालय पहुंचा वहां कोई जिम्मेदार अधिकारी नही था उनके कार्यालय बन्द थे। सूत्रो से पता चलाकि अधिकारी अक्सर गायब रहते है। कुछ कर्मचारी के अनुसार बीमार तो कुछ ने मीटिंग का बहाना बताया। फिलहाल अधिशासी अभियन्ता संघभूषण से फोन पर बात हुई और उन्होंने शीघ्र ही कालोनी आकर समिति से मिलकर समस्याओं का समाधान कराने का वादा किया है प्रतिनिधि मंडल मे समिति के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह, सह संयोजक बद्री प्रसाद मिश्रा, उप संयोजक संजीव गुप्ता, सुनील श्रीवास्तव, डी के सिंह, बी बी दुबे, कुलदीप सिंह, ब्लाक अध्यक्ष एन पी मिश्रा, एम अर कुशवाहा, पप्पू भदौरिया, सुभाष चन्द्र, मीना जायसवाल, बिन्दू राठौर, आशुतोष मिश्रा, सुभाष चन्द्र गुप्ता, विनय मिश्रा, वीरेन्द्र शर्मा आदि शामिल रहे।

# पुलिस आयुक्त एवं डीएम ने की बकरीद एवं कावंड मेला के लिए समन्वय बैठक

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त रमित शर्मा एवं जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में कावंड़ यात्रा एवं बकरीद की तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि कावंड यात्रा मार्गों पर पड़ने वाले सभी सड़कों को 01 जुलाई तक सही कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने क्रांसिग पर प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने सड़कों के किनारे लगाने वाले लंगरों/भण्डारें के आयोजन को सड़क से दूरी पर कराये जाने के लिए कहा है, जिससे मार्ग में अनावश्यक भीड़ न हो। उन्होंने क्रासिंग पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाये जाने के लिए कहा है। मंदिरों पर प्रवेश एवं निकास की अलग-अलग व्यवस्था रखने के साथ ही पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है। मंदिरों में सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरा भी लगाये जाने के लिए कहा है ।कावंड़ यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले सीएचसी एवं पीएचसी पर चिकित्सक, दवाओं एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने कहा कि सार्वजनिक स्थल पर कुबार्नी के अवशेष न रखे जाये तथा वहां की सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये एवं अवशेष को दूर रखकर निस्तारित किया जाये। नगरीय क्षेत्रों में कहीं भी जल जमाव न होने पाये तथा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये तथा विद्युत की समुचित व्यवस्था बनायी रखी जाये। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखे जाने के लिए कहा है। कोई भी अनावश्यक पोस्ट न डाले, जिससे महौल खराब हो। जिलाधिकारी ने कहा कि पीने के पानी तथा साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर रहे तथा अवशेष ठीक जगह पर ही निस्तारित किया जाये। नगर निगम एवं सभी नगर पंचायतें इस पर ध्यान देंगे। जल निगम चेक करा ले कि कहीं पर भी पाइप आदि लिकेज है, तो उसे तुरंत ठीक करा लें तथा साफ-सफाई के साथ-साथ ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी सुनिश्चित किया जाये। सुअर पालकों से एनओसी लिया जाये ताकि सुअर इधर-उधर न घूमने पायें। जिलाधिकारी ने कावंड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए नगर निगम को सभी घाटों पर प्रकाश, पीने के पानी, मोबाइल टॉयलेट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है। नियंत्रण कक्ष भी बनाये जाने के निर्देश दिए है। घाटों पर स्लोपिंग तथा जो भी सड़क पर गड्ढ़े है, उसे दुरूस्त कराये जाएं। तथा जहां पर भी बैरिकेंटिंग की आवश्यकता है, उसे चिन्हित कर बैरिकेटिंग सुनिश्चित करायी जाये। जहां जरूरत हो, वहां वीडियोग्राफी तथा सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगाया जाये। ट्रैफिक और पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाये कावंड़ यात्रा मार्गों पर पानी के टैंकर लगाये जाने के निर्देश दिए है। पुलिस आयुक्त रमित शर्मा ने कहा कि पूर्व में निर्धारित परम्परा के अनुसार ही पर्वों को मनाया जाये, कोई नई परम्परा न शुरू की जाये। पुलिस आयुक्त ने थानाध्यक्षों को कावंड यात्रा मार्गो पर पड़ने वाले क्षेत्रों के ग्राम प्रधानों के साथ बैठक करने के लिए कहा है। पुलिस आयुक्त एवं जिलाधिकारी ने डीसीपी नगर, डीसीपी गंगापार एवं डीसीपी यमुनापार तथा सम्बंधित एसडीओ के साथ बिंदुवार विस्तार से समीक्षा की। इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त, एडीएम सिटी मदन कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज, सिटी मजिस्टेट सत्यप्रिय सिंह, सिविल डिफेंस सहित अन्य अधिकारीगण रहे।

# कताई मिल श्रमिकों का द्विपक्षीय वार्ता में नहीं हुआ समाधान

**मेजा।** उत्तर प्रदेश सरकार के हस्तक्षेप के उपरांत बंद पड़ी यार्न कंपनी की मेजा, बांदा ,रसरा बलिया, एवं जौनपुर स्थित कताई मिल के प्रबंध निदेशक के बुलावा पर अनौपचारिक वार्ता हेतु शुक्रवार को उनके कानपुर स्थित कार्यालय में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री अनिल कुमार उपाध्याय की उपस्थित में श्रमिकों की लंबित मांगों के समाधान हेतु मजदूर संघ का एक प्रतिनिधिमंडल वार्ता में सम्मिलित हुआ। वार्ता में संघ के इकाई मंत्री राम प्रताप पांडे ने विस्तार से श्रमिकों के लंबित विवाद ले ऑफ अवधि का बकाया वेतन भुगतान भविष्य निधि अंशदान एवं वी,आर,एस, कंपनसेशन धनराशि भुगतान में की गई त्रुटियों में सुधार कराने अथवा अवैधानिक बंदी के संबंध में श्रमिकों के पक्ष में हुए फैसला का प्रतिपालन कराने तथा अनरोल छूटे हुए श्रमिकों का भी सेवा लाभ भुगतान कराने के संबंध में विस्तृत रूप से श्रमिको का पक्ष रखते हुए समाधान हेतु प्रस्ताव पत्र एवं संगणना चार्ट रू, 22, 78,63,977,00 का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। कहा गया कि भुगतान हेतु यदि प्रस्तुत प्रस्ताव एवं फॉमूर्ला संगणना चार्ट पर उभय पक्षों की सहमति बन जाए तो श्रमिकों एवं कंपनी के मध्य लंबित विवाद समाप्त हो जाएगा। वार्ता में उपस्थित बांदा रसड़ा एवं जौनपुर कंपनी के प्रतिनिधियों ने कहा कि इसी तरह समान रूप से यार्न कंपनी की सभी बंद कताई मिलों के श्रमिकों की देनदारी बनती हैं जो एक साथ समान रूप से भुगतान किया जाए । इस पर मेजा इकाई यूनियन के मंत्री श्री राम प्रताप पांडे ने कहा कि फिलहाल जो धनराशि स्वीकृत है मेजा के प्रस्तुत प्रस्ताव का परीक्षण कराकर और शासन से स्वीकृति लेकर मेजा का भुगतान प्रारंभ किया जाए ।अन्य यार्न कंपनी की बंद मिलो के बकाए भुगतान हेतु मिल प्रबंधन द्वारा प्रस्ताव भेजा जाए ।संघ भी शासन से धनराशि बढ़ाने हेतु अनुरोध करेगा। प्रबंध निदेशक ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही समस्याओं का समाधान किया जाएगा। वार्ता में मेजा से शिव चंद्र यादव, बांदा से रामप्रवेश यादव, रसड़ा से जयप्रकाश वर्मा ,जौनपुर से अनिल कुमार यादव उपस्थित रहे।

### प्रधान संघ के अध्यक्ष पर जानलेवा हमला बालबाल बचे

**झूंसी।** बहादुरपुर के प्रधान संघ के अध्यक्ष मुरारपट्टी के ग्राम प्रधान पर शुक्रवार शाम कुछ लोगो ने जानलेवा हमला कर दिया मौके पर लोगो की बीड़ जमा हो गई जिसकी वजह से प्रधान बाल बाल बच गए। प्रधान ने मामले की शिकायत झूंसी पुलिस की तो पुलिस मामले की जांच में जुट गई है अभी रिपोर्ट दर्ज नही हुई है। मुरारपट्टी के प्रधान करतार सिंह बहादुरपुर विकास खंड के प्रधान संघ के अध्यक्ष भी है। उन्होंने बताया कि गांव में जमीनी विवाद की पंचायत कर घर लौट रहे थे। रास्ते मे एक परिचित के यह रुक गए तभी इरिक्सा से आये तीन लोगों ने गाली देते हुए तमंचा तान दिया। प्रधान भाग कर एक घर मे घुस गए जिसकी वजह से प्रधान की जान बच पाई। तभी मौके पर जूट ग्रमीणों ने हमलावरों को दौड़ा लिया। हमलावर मौके से भाग निकले पीड़ित ने मामले की शिकायत चमनगंज चौकी इंचार्ज से की पर पुलिस नही आई। शनिवार को मामले की लिखित शिकायत झूंसी थाने में की। प्रधान संघ के अध्यक्ष पर हमले से ग्राम प्रधानों में रोष है।

# ट्रेनी आईपीएस नीतू को खुल्दाबाद कोतवाली की जिम्मेदारी

अखंड भारत संदेश

**इंस्पेक्टर करछना लाइन हाजिर पुलिस कमिश्नर ने 5 निरीक्षकों को दूसरे जिला भेजा**



**प्रयागराज।** पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने ट्रेनी आईपीएस नीतू को प्रयागराज नगर के खुल्दाबाद थाने का प्रभारी नियुक्त किया है। वर्ष 2020 बैच की आईपीएस अधिकारी नीतू अभी ट्रेनिंग पर हैं। महिला आईपीएस के कोतवाली का इंचाजर्ज बनने से मातहतों की धड़कन बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि आईपीएस नीतू तेजतर्रार अधिकारी हैं इनके अलावा पुलिस कमिश्नर ने करछना थाने के प्रभारी इंस्पेक्टर विश्वजीत सिंह को लाइन हाजिर कर दिया है। उनके स्थान पर मीडिया सेल यमुनानगर जोन के प्रभारी रहे इंस्पेक्टर नरेंद्र प्रसाद को करछना थाने का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा प्रयागराज में तैनात 5 इंस्पेक्टरों का गैर जनपद तबादला किया गया है। यह ट्रांसफर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय की ओर से किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक स्थापना राहल मिश्रा की तरफ से किए गए। इस ट्रांसफर में इंस्पेक्टर उमेश कुमार को प्रयागराज से गाजियाबाद कमिश्नरेट ट्रांसफर किया गया है। इंस्पेक्टर बृजेश सिंह को कानपुर नगर, सुभाष सिंह यादव को कानपुर नगर, अनिल कुमार वर्मा को गाजियाबाद और भूरेंद्र सिंह यादव को कानपुर नगर कमिश्नरेट ट्रांसफर किया गया है।


### दो साल से फरार 25 हजार का इनामी गोतश्कर अरनीस को एसटीएफ ने छिवकी स्टेशन से किया गिरफ्तार



**नैनी।** एसटीएफ ने नैनी कोतवाली क्षेत्र में छिवकी स्टेशन के पास से 25, हजार के इनामी को गिरफ्तार किया है। प्रतापगढ़ के रहने वाला मोहम्मद अनीस गोकशी व गौमांस की तस्करी में शामिल रहा है। साल 2020 में प्रतापगढ़ के मांधाता थाने में गोकशी के मुकदमे में वह अपने बाप और भाई के साथ जेल गया था। उस पर साल 2022 में प्रतापगढ़ के मांधाता थाने से गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई भी हो चुकी है। एसटीएफ प्रयागराज यूनिट के डिप्टी एसपी नागेंद्र सिंह ने बताया कि प्रतापगढ़ के मांधाता थाना अंतर्गत रामपुर बंतरी गांव निवासी मोहम्मद अनीस, उसके पिता मोहम्मद शरीफ एवं भाई गोकशी गौ मांस तस्करी के प्रकरण में शामिल रहे हैं वह अपने पिता और भाई के साथ साल 2020 में गोकशी के मामले में जेल गया था। जेल से छूटने के बाद उसके खिलाफ गैंगेस्टर की कार्रवाई की गई थी। तभी से वह फरार चल रहा था उसने बताया कि जब उसे पता चला कि उस पर गैंगस्टर लगाया गया तो वह मुंबई भाग गया। इसी बीच उसके ऊपर 25,000 रुपए का इनाम घोषित किया गया। वहां पुलिस से बचने के लिए मुंबई में हैटैक्सी चलाता था। 2 साल तक फरारी काटने के बाद वह बकरीद का त्योहार मनाने के लिए घर लौट रहा था। एसटीएफ को पता चला तो छिवकी स्टेशन के बाहर से ही उसे पकड़ लिया बदमाश को गिरफ्तार करने वाली टीम में सब इंसपेक्टर धर्मेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल हबीब सिद्दीकी, अभिषेक मिश्रा, विकास तिवारी, पंकज तिवारी, पुनीत पांडेय की टीम शामिल रहीं।

# पतित पावनी गंगा की सहायक टोंस में पर्यटन की अपार संभावनाएं

अखंड भारत संदेश



मेजा रोड। मां गंगा की सहायक नदी टोंस में पर्यटन की अपार संभावनाएं, लोगों का कहना है कि गंगा की सहायक टोंस नदी में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं क्योंकि यह नदी मध्य प्रदेश से चलकर पठारी भागों से होते हुए मेजा तहसील क्षेत्र के सिरसा के चौकी और पनासा के पास पतित पावनी गंगा में विलय होती हैं। ब्रम्हा जी के प्रथम यज्ञ का भू-क्षेत्र, सोम, वरुण , प्रजापति और भक्ति आंदोलन के जनक स्वामी रामानन्द का जन्म स्थान, महर्षि भरद्वाज और वाल्मीकि की कर्मभूमि रही है। इसी प्रयाग में बहती है एक नदी टौंस जो गंगा की एक महत्वपूर्ण सहायक नदी है जो प्रयागराज जनपद के यमुनापार क्षेत्र में मेजा तहसील क्षेत्र के सिरसा के पास चौकी और पनासा गांव के तटों पर गंगा से मिलती है। मध्य प्रदेश के कैमूर पर्वत से निकली यह टोंस नदी गंगा की तरफ बढ़ते हुए जिस स्थान पर प्रयागराज जनपद और उत्तर प्रदेश की सीमा में प्रवेश करती है वहां प्रयागराज के दक्षिणी छोर से बहने वाली नदी बेलन का संगम होता है। इसी बेलन नदी की घाटी में पुरा -पाषाण काल से पनपी सभ्यता को इतिहासकार विश्व प्रसिद्ध बेलन घाटी सभ्यता के रूप में परिभाषित करते हैं। बेलन घाटी में अब तक हुई खुदाइयों और खोजों से प्रमाणित हो चुका है कि यहां पर 17000 वर्ष पूर्व मानव सभ्यता विकसित हो चुकी थी । यहां हुई खुदाइयों में मिले अनाज के अवशेषों ने अपने कार्बन डेटिंग के तथ्यों से सिद्ध किया है कि प्रयागराज के इस क्षेत्र में 10000 वर्ष पूर्व रहने वाले लोग खेती करना जानते थे । मानव सभ्यता के सभी अध्यायों को समेटे हुए और इतिहास की प्राचीनतम सभ्यताओं से इस क्षेत्र का नाता जोड़ने वाली ये नदियां बेहद खूबसूरत और प्राकृतिक सौन्दर्य से सुशोभित हैं। मध्य-काल के मुगल शासन काल में बुन्देलखण्ड के महान योद्धा और महाराजा वीर क्षत्रशाल ने जब औरंगजेब और मोहम्मद खान बंगश को पराजित करके बुन्देलखण्ड में अपना स्वतन्त्र हिन्दू राज्य स्थापित किया था तब उनके सम्मान में उनके साम्राज्य की सीमा को परिभाषित करने वाली पंक्तियाँ आज भी हमें गर्व और रोमांच से भर देती हैं ह्लइत यमुना , उत नर्मदा , इत चम्बल, उत टोंस। क्षत्रशाल सोलरन की , रही न का हूँ होस! यह वही टोंस नदी है जो वीर क्षत्रशाल के साम्राज्य की पूर्वी सीमा को पहचान देती थी । इस टोंस नदी के तट पर रहने वाले लोग सनातनी परम्परा के पोषक हैं भारतीय संस्कृति एवं विरासत के वा हक भी । हमारे जीवन दृष्टि में टोंस नदी बहते पानी का केवल एक मार्ग नहीं बल्कि एक जीवन्त इकाई है। भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने टोंस नदी के प्राकृतिक सुंदरता को देखकर इसे जीवंत रखने के लिए पिछले वर्ष 11 दिसंबर से 21 दिसंबर तक अपनी टीम के साथ पदयात्रा कर रखी थी यह पदयात्रा गंगा व टोंस के मुहाने से शुरू होकर गरगटा तक गई वहां से लौटकर कई गांव से होते हुए दोबारा चौकी के मुहाने टोंस व गंगा के मिलन स्थल पर पहुंच मां गंगा की आरती पूजन करने के बाद लोगों को भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने संदेश दिया कि पतित पावनी गंगा की सहायक टोंस नदी की उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए यह नदी प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर व प्राचीन सभ्यता का प्रतीक है इसमें पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। देवोत्थान एकादशी को टोंस तट के एक गांव के किनारे टोंस के तट पर हुए दीप-दान कार्यक्रम के समय ही टोंस परिक्रमा करने की प्रेरणा जगी थी। उन्होंने कहा कि मुझे भरोसा है कि इस यात्रा से मुझे और मेरे साथी सहयात्रियों को टोंस की वर्तमान स्थिति तथा उसके तट पर बसे गांवों की संस्कृति , विरासत, परम्पराओं को देखने और समझने का अवसर मिलेगा । हम अपनी इस यात्रा में, टों स की विशिष्टताओं को समझने का प्रयास करेंगे। इस यात्रा से हम क्षेत्र की कृषि , पर्यटन सहित सामाजिक एवं आर्थिक विकास की असीम संभावनाओं का आकलन भी कर पाएंगे। मैंने चौकी और पनासा के तटों पर खड़े होकर इस टोंस नदी की जल-धारा को गंगा जी मे मिलते हुए और गंगा जल बन जाते हुए देखा है, इस लिए मै इसे गंगा स्वरूपा मानता हूँ। इसी दैवी भाव के कारण मैंने अपनी इस पैदल यात्रा को टोंस परिक्रमा नाम दिया है। यह परिक्रमा टोंस के दक्षिणी तट के गांवों से होते हुए बेलन संगम तक जायेगी और फिर वहां से उत्तरी तट से होते हुए गंगा के पनासा घाट पर समाप्त होगी । इस यात्रा से मिलने वाले अनुभव को हम समाज, अपनी पार्टी और सरकार से साझा करेंगे। मेरी और मेरे साथी सह यात्रियों की यह परिक्रमा यात्रा सकुशल सम्पन्न हो समाज के लिए उपयोगी सिद्ध हो तथा टौंस के स्वच्छता और अविरलता के प्रति लोग सचेत बने रहें । इसके लिए मुझे और मेरे साथी सह-यात्रियों को आपके आशीर्वाद की आवश्यकता है।

## व्यापार मण्डल का प्रदर्शन 27 को

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नेतृत्व में ऑनलाइन ट्रेडिंग के विरोध में 27 जून दिन मंगलवार को शहर में ऑनलाइन ट्रेडिंग का विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन द्वारा जिला प्रशासन को दिया जाएगा। जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी ने व्यापार मण्डल के समस्त पदाधिकारियों एवं सम्मानित व्यापारी भाइयों से आग्रह करते हुए कहा कि वह सभी 27 जून दिन मंगलवार को ऑनलाइन ट्रेडिंग के विरोध प्रदर्शन में भारी से भारी संख्या में सम्मिलित होकर प्रदर्शन कर व ज्ञापन देकर व्यापारी एकता का परिचय दें।

# ननिहाल में युवक को गोलियों से उड़ाया, कोहराम

## घर से 15 किलोमीटर दूर सई में शव हुआ बरामद, प्रेम प्रसंग में हत्या की चर्चा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शुक्रवार की रात ननिहाल में रह रहे युवक की गोली मर हत्या कर दी गई। राज को छुपाने के लिए हत्यारों ने शव को घटना से लगभग पंद्रह किलोमीटर दूर रायबरेली क्षेत्र की सई नदी में फेक दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रेमिका समेत अन्य महिलाओ व पुरुषो को थाने लाकर हत्या की वजह खंगालने में जुट गई है। वहीं पड़ोसी जनपद की पुलिस ने शव का पंचनामा करके पीएम के लिए भेज दिया।

उदयपुर थाना क्षेत्र के पुरे बसावन गांव निवासी दिनेश सिंह का भांजा दीपक सिंह सोनू (22) निवासी गायघाट



दीपक सिंह (फाइल फोटो)।

गड़वारा प्रतापगढ़ लगभग एक वर्ष से अपने मामा के ही घर पर रहता था। इसी बीच मामा के पड़ोसी की बेटी पर उसका दिल आ गया और धीरे-धीरे दोनो के बीच दूरियां कम होती गई। दोनों एक दूसरे से लुके छुपे मिलने लगे। दोनो के प्रेम प्रसंग की बात प्रेमिका के परिजनों को हो गई। उन्होंने सोनू के मामा को पूरे प्रकरण से अवगत भी कराया लेकिन मामले को गंभीरत से न लेना ही आज सोनू के हत्या की वजह बन गई। जानकारी के मुताबिक मृतक शुक्रवार की रात लगभग 2 बजे प्रेमिका के घर के पास ही मिल रहा था। पहले से ही दोनो पर नजर गड़ाए परिजनों ने सोनू को पकड़ लिया।उसके बाद गोली मारकर हत्या कर दी। शव को गायब करने की नियत से हत्यारों ने रायबरेली के परसदेपुर के पास सई नदी में फेक दिया। मामले की जानकारी सुबह हुई। मृतक के मामा व मामी जब उसे ढूंढना शुरू किया और उसका सुराग नही मिला, साथ ही फोन पर संपर्क किया तो वह भी बंद बता रहा था। ननिहाल वालों को किसी अनहोनी की चिंता होने लगी। आस पास खोजबीन करते समय घर से कुछ ही दूर पर मृतक का लोवर खून से सना हुआ मिला साथ ही दो कारतूस के खोखे भी पड़े मिले। मामा ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची उदयपुर पुलिस ने प्रेमिका के घर से दो सौ मीटर की दूरी पर लोवर,खाली कारतूस के खोखे बरामद करने के बाद पुलिस खून के निशान के जरिए आगे बढ़ी तो तीन किमी के बाद मुस्तफाबाद स्थिति एक ईट भट्ठे के पास खून से सनी टी-शर्ट भी बरामद हुई। पुलिस ने हत्या की वजह को खंगालने के लिए प्रेमिका समेत घर की अन्य महिलाओ व पुरुषो को थाने लाकर पूंछ तांछ में जुट गई। वही रायबरेली पुलिस ने भी सई नदी में मिले शव की सोनू के रूप में पहचान होने के बाद पंचनामा करके पीएम के लिए भेज दिया। मृतक दो भाई था।एक छोटा सूरज जो अभी पढ़ाई कर रहा है।वही परदेश में रह रहे मृतक के माता-पिता भी घटना की सूचना पाते ही बदहवास हो गए। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं होती रही। वहीं पुलिस का कहना है की मामले की जांच की जा रही है साथ ही कहा की तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## समाधान दिवस में लेखपालों की गैरहाजिरी पर एसडीएम का चढ़ा पारा आठ से स्पष्टीकरण हुआ तलब

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** थाना समाधान दिवस में लेखपालों की गैरहाजिरी देख एसडीएम का पारा चढ गया। नाराज एसडीएम ने नौ लेखपालों को गैरहाजिर करार देते हुए इनके स्पष्टीकरण तलब किये है। लालगंज एसडीएम उदयभान सिंह शनिवार को सुबह लीलापुर थाना मुख्यालय पहुंच गये। यहां एसडीएम ने लेखपालो को नदारद देखा तो उनका पारा चढ़ आया। थाना दिवस उपस्थिति पंजिका तलब कर एसडीएम ने गैरहाजिर लेखपालों को अनुपस्थित करते हुए इनसे दो दिन के अंदर स्पष्टीकरण तलब किये हैं। एसडीएम की कार्रवाई से लेखपालों मे पूरा दिन हडकंप मचा दिखा। गैरहाजिर लेखपालों में शाहिना खान, प्रतिमा सिंह, रामबिहारी मिश्र, राजेश कनौजिया, हर्षित मिश्र, सूर्यप्रकाश मिश्र, जूही बानो, अवनीश कुमार, अनिल कुमार श्रीवास्तव से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। हालांकि एसडीएम के तल्ख मिजाज की जानकारी होने पर अनुपस्थित लेखपालों मे से कई को आननफानन मे थाना मुख्यालय पहुंचते देखा भी गया। इधर लालगंज कोतवाली मे समाधान दिवस पर चैबीस शिकायतों मे पांच का निस्तारण किया गया। यहां अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्र ने एसडीएम उदयभान सिंह के साथ शिकायतों की सुनवाई की। समाधान दिवस का संयोजन प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने किया। उदयपुर थाने में महज एक शिकायत आयी। एसओ निकेत भारद्वाज ने शिकायत के निस्तारण को लेकर राजस्व एवं पुलिस टीम को मौके पर रवाना कराया। सांगीपुर थाने में समाधान दिवस पर दस शिकायतों में से तीन का निस्तारण कराया गया। प्रभारी निरीक्षक मनोज यादव ने समस्याओं की सुनवाई की।



नगर पालिका परिसर में आयोजित बैठक में मौजूद अधिकारी व कर्मचारीगण

## संचारी रोग अभियान के लिये नपा कर्मी हुए संवेदीकृत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका कार्यालय में आज शनिवार को एक जुलाई से 31 जुलाई तक चलाने वाले संचारी रोग अभियान के लिये नगर पालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों को संवेदीकृत किया गया, जिसमें मच्छर जनित बीमारियों से बचने की जानकारी दी गई।

इसके अलावा घरों व आसपास पानी का जमाव न होने पाए तथा मच्छरदानी का प्रयोग कर मच्छरों से बचने के अनेक उपाय बताए गए। नगर पालिका के इस संवेदीकरण कार्यक्रम में नगर पालिका के अधिषाषी अधिकारी राम अचल कुरील, मलेरिया निरीक्षक संतोष श्रीवास्तव, आरआई लाल बहादुर सिंह, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह सहित नगर पालिका के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर पालिका के अधिषाषी अधिकारी राम अचल कुरील ने बताया कि इसके अलावा भी शहर में एंटी लार्वा का छिड़काव व फागिंग का कार्य मच्छरों के प्रकोप को कम करने के लिये रोस्टर वाइस किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में शासन से निर्देष प्राप्त हो गये हैं। इसके दिषा निर्देष के अनुसार मच्छरों के प्रकोप को कम करने का प्रयास किया जाएगा जिसमें आम नागरिकों का सहयोग आवष्यक है।

# प्रवास के दौरान हमने विद्यालयों को अपना आवास बनाया: सांसद

## 31 दिवसीय सांसद ग्राम प्रवास का सांगीपुर में हुआ समापन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर विकास खंड के पूरे विजय सिंह गांव के प्राथमिक विद्यालय धारूशाहपुर में सांसद संगम लाल गुप्ता के 31 दिवसीय सांसद ग्राम प्रवास का समापन हुआ। सांसद प्रवास के अंतिम प्रवास के गांव पूरे विजय सिंह पहुंचने से पूर्व भाजपा कार्यकताओं एवं भाजपा नेता अभिषेक मिश्रा के नेतृत्व में सांगीपुर विकास खण्ड से बड़ी संख्या में दो पहिया वाहनों के साथ कार्यकताओं ने गर्मजोशी से स्वागत करते हुए सांसद को प्राथमिक विद्यालय धारूशाहपुर तक पहुंचाया जहां शनिवार को प्रवास के दौरान सांसद ने प्रातः ग्रामीणों की बड़ी संख्या के साथ प्रभातफेरी के बाद योगाभ्यास किया।

प्रवास में आयोजित स्कूल चलो अभियान को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 31 दिन के



समारोह में बोलते सांसद संगम लाल गुप्ता।

ग्राम प्रवास में प्राथमिक विद्यालयों में निवास किया जाना उनके जीवन का एक अनमोल हिस्सा बन गया। उन्होंने कहा कि विद्यालय एक मंदिर है और उसी परिकल्पना के साथ हमने प्रवास के दौरान विद्यालयों को अपने निवास के तौर पर चुना, जहां पहुंचकर मुझे प्राथमिक विद्यालय के बच्चों अभिभावकों व गुरुजनों से मिलकर जो आत्मिक संतोष मिला वह जीवन में अविस्मरणीय रहेगा। सांसद ने कहा कि जिन विद्यालयों में हमने प्रवास किया वहाँ उत्सव जैसा माहौल रहा और इसी बहाने उन विद्यालय का कायाकल्प भी हो गया। इस अवसर पर उन्होंने चिकित्सा, कृषि,आजीविका मिशन,आंगनबाड़ी, आशा बहुओं ,बैंक से जुड़े अधिकारियों का भी सम्मान करते हुये सबके सहयोग के लिये आभार जताया। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यविकास अधिकारी ईशा प्रिया ने कहा कि सांसद ग्राम प्रवास एक अनुष्ठान की तरह था जिसका ब्यापक लाभ जनता को अवश्य मिलेगा। समारोह में निःशुल्क चिकित्सा शिविर के साथ साथ जन समस्याओं का निस्तारण भी किया गया। समारोह में जिला प्रभारी भाजपा नागेंद्र रघुवंशी, डीसी मनरेगा इंद्रमणि त्रिपाठी, बीडीओ सांगीपुर ईशा अपर्णा सैनी, एबीयसए सांगीपुर जंगीलाल मौर्य, एडीओ पंचायत भूपेंद्र नाथ तिवारी, अभिषेक मिश्र, विवेक उपाध्याय, अभिषेक पाण्डेय, नीरज मिश्र, संजय पाण्डेय, सुधीर साहू बौआ, विनोद यादव, देवेंद्र मिश्र गट्टे, बबलू मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## महिला और उसके बेटे को पीट कर आरोपियों ने किया जख्मी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद में आरोपियों ने महिला तथा उसके बेटे को पीटकर जख्मी कर दिया तथा घर में रखा हुआ गैस सिलेंडर भी उठा ले गए। पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के अशोकपुर गांव की रहने वाली राजकुमारी विधवा महिला है। उसके पति की मौत काफी दिन पहले हो चुकी है। शुक्रवार को वह अपने बेटे के साथ घर पर थी तभी उसके पड़ोसी आधा दर्जन लोग रंजिशन उसे मारने पीटने लगे। विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी तथा उसके घर में रखा हुआ गैस सिलेंडर भी उठा ले गए तथा अन्य सामान तोड़फोड़ दिए। पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

## कुलदीप के चयन पर जताया हर्ष

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** स्टाफ सर्विस कमीशन द्वारा आयोजित मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस में हुआ है उस पर उनके परिजनों के साथ ग्रामीणों तथा अन्य लोगों ने खुशी का इजहार किया है। पट्टी नगर स्थित भारत सिंह इंटर कालेज कुम्हिया के छात्र कुलदीप सरोज का चयन स्टाफ सर्विस कमीशन द्वारा आयोजित मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज में जूनियर इंजीनियरिंग पद पर हुआ है। कुलदीप पट्टी के दशरथपुर के निवासी हैं उनके पिता संतोष कुमार यूपी पुलिस में दरोगा हैं। कुलदीप के चयन क्षेत्र में खुशी का माहौल है। रिजल्ट घोषित होने के पश्चात विद्यालय के प्रबंधक व जिला उपाध्यक्ष भाजपा पवन सिंह, राजेश यादव, मनीष श्रीवास्तव, आलोक सिंह, सौरभ सिंह, अतुल रावत, अरविंद मिश्रा सहित अन्य गुरुजनों का कुलदीप ने मुंह मीठा कराया ।प्रबंध निदेशक एवं अधिवक्ता उच्च न्यायालय वीर शिवम सिंह ने कहा कि विद्यालय के छात्र लगातार विभिन्न क्षेत्रों में सफल हो रहे हैं और विद्यालय का परचम लहरा रहे हैं इसका श्रेय विद्यालय के कुशल, अनुभवी एवं सुशिक्षित अध्यापकों की मेहनत को जाता है।

# न्यायालय परिसर में आग से बचाव का फायर विभाग ने किया प्रदर्शन

## ऊपरी मंजिल में फंसे लोगों को निकालने का बताया उपाय

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायालय परिसर में आज आग बुझाने के उपायों का फायर ब्रिगेड के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा प्रदर्षन किया गया। इसके अलावा किसी मकान या होटल के ऊपरी मंजिल में फंसे लोगों को आग से बचाने के लिये उपाय का भी प्रदर्षन किया गया।

फायर बिग्रेड के अधिकारियों ने जनपद न्यायालय में लगे फायर किटों का टेस्टिंग भी किया। यह जानकारी देते हुए फायर अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने बताते हुए कहा कि इस अवसर पर फायर ब्रिगेड के सहायक निरीक्षक राधेष्याम दुबे, विजय बहादुर, अनिल कुमार, अमित



जनपद न्यायालय में मौजूद फायर ब्रिगेड की टीम व न्यायिक अधिकारीगण।

कुमार आदि ने आग बुझाने के उपायों का कारगर प्रदर्षन किया। फायर अधिकारी ने यह भी बताया कि आग लगने की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को देने तथा घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने की प्राथमिकता होनी चाहिये। आग से बचाव के प्रदर्षन को जनपद न्यायाधीष के अलावा अधिवक्ताओं एवं न्यायालय कर्मियों ने देखा। जनपद न्यायाधीष ने सभी न्यायालय कर्मियों से आग से बचाव को जानने-समझने का भी निर्देष दिया।

# सपा के प्रदेश अध्यक्ष सहित सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल शनिवार की सुबह आठ बजे समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मरहूम इरशाद सिद्दीकी जी के आवास पर अन्तिम दर्शन करने पहुंचे। परिवारजनों से मिलकर मरहूम इरशाद सिद्दीकी के पार्थिव शरीर को नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों से कहा समाजवादी पार्टी परिवार हमेशा मरहूम इरशाद सिद्दीकी के परिवार के साथ खड़ा है। इस दौरान दिन में 11 बजे पल्टन बाजार स्थित कब्रिस्तान में मरहूम इरषाद को सुपुर्दे खाक किया गया।

बता दें कि मरहूम इरशाद सिद्दीकी को पिछले 22 जून 2023



दिवंगत सपा उपाध्यक्ष के आवास पर बैठे सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल।

को लीवर में प्राब्लम होने से स्टार हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। सीरियस होने पर डा. राममनोहर लोहिया अस्पताल लखनऊ ले जाकर भर्ती कराया गया था, 23 जून को मरहूम इरशाद सिद्दीकी जी का निधन हो गया था। अन्तिम दर्शन एवं अन्तिम संस्कार में जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, पूर्व एमएलसी कांति सिंह, विधायक डॉ. आरके वर्मा, पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह यादव, पूर्व जिलापंचायत सुषमा पाल, महिला सभा जिलाध्यक्ष शान्ति सिंह, गीता यादव, सुनैना सिंह, नरेंद्र पाल, वासिक खान, गुलफाम खान, इरफान खान, निसार अहमद, फारूक खान, जकी खान, राम बहादुर पटेल, भइयाराम पटेल, डॉ. एजाज, रईस अहमद, संतोष यादव, तबारक हुसैन, सौरभ सिंह, सद्दाम हुसैन, साबिर अली, समीम खान, वकार अहमद, पूर्व मीडिया प्रभारी मनीष पाल सहित अन्य नेतागणों ने नम आंखों से श्रद्धांजलि दी।

## बैनामे की जमीन पर घर बनाने पर आरोपी ने की पिटाई

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बैनामे की जमीन पर घर बना रहे युवक को उसके हिस्सेदार ने दौड़ा लिया और मारपीट किया। पीड़ित ने इस संबंध में थाना दिवस पर शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के मरियमपुर गांव के रहने वाले रविंद्र सरोज ने एक शिकायती पत्र थाना दिवस पर दिया जिसमें उसने आरोप लगाया कि उसने एक जमीन मरियमपुर गांव में बैनामा कराया है, जिस पर वह अपना निर्माण कार्य करना चाहता था उसके दूसरे हिस्सेदार जिससे नाराज होकर उसे मारने पीटने के लिए दौड़ा लिया। पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है।

# जुए के फाइनेंसर को गोली मारकर डेढ़ लाख रुपये लूटा

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के कालाकांकर बिजली पावर हॉउस के निकट शनिवार की दोपहर लगभग तीन बजे थाना क्षेत्र के कालाकांकर निवासी महेश कुमार उर्फ. पिंटू जायसवाल अपनी बाइक से डेढ़ लाख रुपये नकद लेकर कही जा रहे थे कि सामने से आ रहे बदमाशों ने तीन चार हवाई फायर करते हुए मारपीट कर घायल करके नकदी रुपये व दो मोबाईल लूट ले गये।

घटना की जानकारी मिलते ही नवाबगंज थाना प्रभारी घटना स्थल पर पहुँचे और घायल महेश को उपचार के लिए सीएचसी कालाकांकर ले गये उपचार के बाद् पूछ ताछ के लिए थाने ले जहा जहा नकदी डेढ़ लाख रुपये के बारे में पुलिस के पूछने पर पहले बताया कि बैंक मे जमा करने जा रहे थे जब पुलिस ने कहा कि शनिवार बैंक बंद रहता है तो फिर बताया कि किसी फर्नीचर वाले को देने जा रहे थे पुलिस फर्नीचर वाले का पता लगा रही है।

घटना की बाबत पूछने पर थाना प्रभारी सुधीर मौर्य सोनी ने बताया कि पीड़ित लूट की घटना से इंकार कर रहा है। मारपीट की घटना की तहरीर दी है जिसका मुकदमा लिखा जा रहा है।

## अस्पताल में महिला दलालों के बीच मारपीट, पुलिस ने पकड़ा

**प्रतापगढ़।** जिला महिला अस्पताल में भर्ती मरीज को प्राइवेट ले जाने के चक्कर में दो कथित महिला दलाल आपस में भिड़ गई। दोनों ने एक दूसरे का बाल खींचा ।जमकर मारपीट हुई। लोग तमाशबीन बने रहे। सूचना पाने के बाद पहुंची पुलिस दोनो को पकड़कर ले गई। अस्पताल दलालों के चंगुल से आजाद नहीं हो पा रहा है। मरीज शोषण के शिकार हो रहे हैं। अस्पताल की बदनामी अलग से हो रही है। शनिवार को अस्पताल में भर्ती एक मरीज के पीछे दो महिलाएं लग गई। स्टाफ का आरोप है कि वे मरीज को किसी तरह से बाहर ले जाना चाहती थी।

## सपा के प्रदेश अध्यक्ष सहित सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल शनिवार की सुबह आठ बजे समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मरहूम इरशाद सिद्दीकी जी के आवास पर अन्तिम दर्शन करने पहुंचे। परिवारजनों से मिलकर मरहूम इरशाद सिद्दीकी के पार्थिव शरीर को नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों से कहा समाजवादी पार्टी परिवार हमेशा मरहूम इरशाद सिद्दीकी के परिवार के साथ खड़ा है। इस दौरान दिन में 11 बजे पल्टन बाजार स्थित कब्रिस्तान में मरहूम इरषाद को सुपुर्दे खाक किया गया। बता दें कि मरहूम इरशाद सिद्दीकी को पिछले 22 जून 2023 को लीवर में प्राब्लम होने से स्टार हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। सीरियस होने पर डा. राममनोहर लोहिया अस्पताल लखनऊ ले जाकर भर्ती कराया गया था, 23 जून को मरहूम इरशाद सिद्दीकी जी का निधन हो गया था। अन्तिम दर्शन एवं अन्तिम संस्कार में जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, पूर्व एमएलसी कांति सिंह, विधायक डॉ. आरके वर्मा, पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह यादव, पूर्व जिलापंचायत सुषमा पाल, महिला सभा जिलाध्यक्ष शान्ति सिंह, गीता यादव, सुनैना सिंह, नरेंद्र पाल, वासिक खान, गुलफाम खान, इरफान खान, निसार अहमद, फारूक खान, जकी खान, राम बहादुर पटेल, भइयाराम पटेल, डॉ. एजाज, रईस अहमद, संतोष यादव, तबारक हुसैन, सौरभ सिंह, सद्दाम हुसैन, साबिर अली, समीम खान, वकार अहमद, पूर्व मीडिया प्रभारी मनीष पाल सहित अन्य नेतागणों ने नम आंखों से श्रद्धांजलि दी।

## नवोदय में मेधावी के चयन से खुशी का माहौल

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में ग्रामीण क्षेत्र के मेधावी ने सफलता का परचम लहराया है। मेधावी की उपलब्धि पर विद्यालय तथा गांव में शनिवार को खुशी का माहौल देखा गया। खजुरी स्थित रामप्यारी प्राथमिक विद्यालय के छात्र अमित गौतम का नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयन हुआ है। मेधावी की उपलब्धि पर विद्यालय के संस्थापक व पूर्व प्राचार्य दयाशंकर पाण्डेय, प्रबन्धक हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता संजय पाण्डेय ने अमित की सफलता पर उसका मुंह मीठा कराकर खुशी जतायी। प्रबंधक संजय ने कहा कि अमित की सफलता विद्यालय की शैक्षिक परिवेश की शानदार उपलब्धि है। असैनापुर निवासी अमित के पिता हरकेश गौतम भी मेधावी की सफलता पर खुश नजर आये। बाजार में साधारण सी दुकान करने वाले हरकेश ने सफलता को छात्र के गुरूजनों के कठिन परिश्रम को श्रेय दिया। वहीं विद्यालय के शिक्षक सौरभ मिश्र, रमणेश पाण्डेय, संतोष सिंह, शिवम मिश्र, सत्यप्रकाश मिश्र, पवन प्रजापति ने भी मेधावी अमित गौतम का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया।

## खबर संक्षेप

### भाजपा केंद्रीय कार्यालय में आज होगा लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान

**कौशाम्बी।** आपातकाल में कांग्रेस के द्वारा की गई अत्याचारों की याद भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को दोपहर 11:00 बजे एक गोष्ठी का आयोजन किया गया है। इस गोष्ठी में आपातकाल में सरकार के द्वारा किए गए अत्याचारों पर चर्चा की जाएगी साथ ही अब विचार किया जाएगा। कैसे भारत का लोकतंत्र और राष्ट्रवाद मजबूत को मजबूत किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा द्वारा लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। लोकतंत्र सेनानी यशपाल केसरी मोहन श्याम गुलाबचंद सुरेंद्र कुमार घनश्याम साहू गया प्रसाद मिश्रा महंत प्रसाद, श्री नेपाल सिंह जमुना प्रसाद श्रीमती कांति देवी, श्रीमती कृष्णा देवी आदि सम्मानित किए जाएंगे।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर वांछित अभियुक्त रमेश कुमार चौरसिया पुत्र गजकरन चौरसिया निवासी बरक्कतपुर थाना संदीपनघाट को भगवतपुर तिराहा से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### निरोधात्मक कार्यवाही मे 12 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से एक थाना करारी से एक थाना पश्चिम शरीरा से एक थाना सराय अकिल से चार थाना पिपरी से तीन थाना सैनी से एक थाना कड़ाधाम एक कुल 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### दुष्कर्म के पांच वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर पॉक्सो एक्ट एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त गोपाल कुमार मौर्य पुत्र मोतीलाल निवासी कसिया पश्चिम थाना कोखराज को चाकवन चौराहे के पास से व अरुण कुमार पुत्र असफीर्लाल निवासी भदवा थाना कोखराज को सहजादपुर से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना मोहब्बतपुर पइन्सा पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त रवि उर्फ कल्लू चौबे पुत्र लव नारायण निवासी मोहब्बतपुर अनेठा थाना मोहब्बतपुर पइन्सा को अनेठा मोड के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त रिंकू लोधी पुत्र छिद्र निवासी रसूलपुर थाना सैनी को बरीपुर के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना करारी पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त गौकरन उर्फ राजभवन पुत्र छेदन उर्फ ज्ञान सिंह निवासी गौहानी थाना करारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# सीडीओ ने की जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक

## मई माह में 32 हजार 336 गोल्डेन कार्ड बनाये गये तथा मई माह तक कुल 3 लाख 2828 गोल्डेन कार्ड बनाये जा चुकें हैं

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए उन्होंने जननी सुरक्षा योजना के तहत संस्थागत प्रसव में प्रगति लाने तथा लाभार्थियों एवं आशाओं की भुगतान शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिये उन्होंने ई-कवच पोर्टल पर फीडिंग में प्रगति लाने के निर्देश दियें उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डेन कार्ड बनाये जाने में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए तेजी से प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें मुख्य विकास अधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को आशाओं एवं एएनएम के साथ साप्ताहिक बैठक कर कार्यों में प्रगति लाने तथा पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत नियमित रूप से अल्ट्रासाउण्ड सेन्टरों की जॉच करने के भी निर्देश दियें बैठक में बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत मई माह में 32 हजार 336 गोल्डेन कार्ड बनाये गये तथा मई माह तक कुल 3 लाख 2828 गोल्डेन कार्ड बनाये जा चुकें हैं बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अन्तर्गत जिला चिकित्सालय तथा जनपद के सभी सीएचसी/पीएचसी पर प्रत्येक माह की 09 तारीख को चिकित्सकों की टीम द्वारा हाई रिस्क चिन्हित गर्भवती महिलाओं को सेवायें यथा- घर से स्वास्थ्य केन्द्र तक लाने के लिए परिवहन सुविधा, आवश्यक जॉच व हीमोग्लोबिन प्रतिशत अति न्यून होने पर खून चढ़ाने की सुविधा, आवश्यक उपचार, सेवा के उपरान्त घर तक परिवहन की सुविधा तथा चिन्हित अति जोखिम ग्रस्त गर्भवती महिलाओं के लिए एएनएम व आशा द्वारा विशेष फालोअप किया जाता है, मई माह में कुल 464 अति जोखिम ग्रस्त गर्भवती महिलाओं का उपचार किया गया मुख्य विकास अधिकारी द्वारा राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर, मातृ-मृत्यु सूचना एंव आडिट, प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान, राष्ट्रीय कुष्ठ रोग कार्यक्रम एवं क्षय रोग नियन्त्रण कार्यक्रम आदि की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## डीएम एवं एसपी ने थाना मंझनपुर तथा थाना करारी में सुनी जन शिकायतें

राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारित करने के दिये निर्देश



**कौशाम्बी** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना मंझनपुर एवं थाना करारी में जनशिकायतों को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिये थाना मंझनपुर में कुल 08 शिकायतें प्राप्त हुई एवं थाना करारी में कुल 05 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 01 शिकायत का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने राजस्व एंव पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारित करने के निर्देश दिये।

### थानेदार के ऊपर सभासद को पीटने वा जाति सूचक गाली गलौज का आरोप

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाने के थानेदार की दबंगई इस कदर बढ़ी हुई है कि जब जिसे चाहे अपमानित कर दे कोई नही जानता,जब जिसे चाहे मारपीट करके बंद कर दे फर्जी मुकदमे मे जेल भेज दें यह कोई नई बात नहीं हमेशा वर्दी की धौंस दिखाकर लोगों के प्रताड़ित करने की आदत बन चुकी है। आपको बता दे कि पश्चिम शरीरा थानेदार व थाने के दो सिपाहियों पर नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा के नवनिर्वाचित सभासद संजय कुमार सरोज ने आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कौशांबी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव को शिकायती पत्र देकर मारपीट गाली गालौज,महिलाओ के साथ अभ्रदता करने जैसे आरोप लगाया है। सभासद संजय सरोज ने आरोप लगाते हुए बताया कि मेरे गांव कसहाई बाग मे बिधायक निधि से सडक निर्माण कार्य हो रहा है जहाँ पर मै खडा था तभी थानेदार अभिलाष तिवारी ,सिपाही प्रशांत कुमार,राहुल मौर्य पहुँच गए और कहे कि थाने चलो वहा तुम लोगो का समझौता करवा देते है यह बात सुनकर संजय,व उनके भाई संतोष तथा गांव के लोगों सहित महिलाऐ थाने आई ,तो सिपाही प्रशांत,राहुल मौर्य साथ मे अन्य सिपाहियों ने महिलाओ को गाली गालौज कर थाने से बाहर करने लगे तो सभासद संजय ने कहा कि गाली मत दीजिए ,इतना सुनते ही थानाध्यक्ष आग बबूला होकर सभासद व उसके भाई संतोष को लात घूंसो से जमकर मारपीट करते हुए जातिसूचक शब्दों से नवाजते हुऐ गाली गालौज की,इतना ही नहीं थानाध्यक्ष ने दलित सभासद व उसके परिवार को फर्जी मुकदमें में जेल भेजकर बर्बाद करने तक की धमकी दे डाली, जिससे सभासद का परिवार दहशत मे है वहीं पीडित ने आरोपी थानेदार व सिपाहियों को हटाये जाने की मांग पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव से की है।



### सीडीओ ने उर्वरक विक्रेताओं के साथ की बैठक

**कौशाम्बी** मुख्य विकास डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों, क्षेत्रीय प्रबन्धक इफको व उर्वरक प्रदायकर्ता कम्पनी के प्रतिनिधि, एवं उर्वरक विक्रेताओं के साथ बैठक की गई बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि उर्वरकों के साथ किसी प्रकार की कालाबाजारी, टैगिग एवं ओवरेटिंग न की जाय इसके साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि थोक उर्वरक बिक्रेता अपने पास उर्वरक का अनावश्यक भण्डारण कर स्थानीय स्तर पर उर्वरक अभाव की स्थिति उत्पन्न न करें, यदि किसी बिक्रेता के विरूद्ध इस प्रकार की शिकायत आती है तो उसके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेंगी जिला कृषि अधिकारी द्वारा उर्वरक विक्रेताओं को उर्वरक रख-रखाव के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी तथा कृषकों को उनकी जोत कृषित भूमि के आधार पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए बिक्रेताओं को निर्देशित किया गया इस अवसर पर उर्वरक विक्रेताओं को पीओएस मशीन का वितरण भी किया गया तथा निर्देशित किया गया कि उर्वरक पीओएस मशीन के माध्यम से ही वितरण किया जाय, जिन उर्वरक बिक्रेताओं को पीओएस मशीन की आवश्यकता हो वे 25 जून 2023 को इफको ई-बाजार ओसा मण्डी, मंझनपुर से प्राप्त कर सकते हैं। उर्वरक विक्रेताओं को यह अन्तिम अवसर है इसके बाद पुनः पीओएस मशीन वितरित नहीं की जायेगी।

## न्यूज झरोखा

### ठेला लगाने वाला गरीब का आशियाना जल कर राख



**कल्याणपुर कौशांबी।** तहसील मंझनपुर के कोतारी पश्चिम के निवासी कल्लू मौर्य पुत्र स्वर्गीय भगवानदीन मौर्य के कच्चे मकान में शुक्रवार की शाम 6 बजे खाना बनाते समय सिलेंडर से आग लगने के कारण पूरी गृहस्थी जल कर राख हो गई ग्रामीणों और फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया जिसमे ग्रामीणों के अथक प्रयास से गांव में और किसी के घर में आग नही लग पाई लेकिन गरीब का आशियाना सहित कुछ भी नही बचा। कल्लू मौर्य अपने परिवार के जीवकोपार्जन हेतु चाट फुल्की की दुकान ठेलिया लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। परिवार में तीन लड़कियां और दो लड़के है जो सभी नाबालिक है।कल्लू मौर्य अपने परिवार का पालन कैसे करेगा यह चिंता का कारण है। ग्रामीणों की सूचना पर चौकी इंचार्ज कोतारी मौके पर आए लेकिन तहसील प्रशासन की ओर से मौके पर कोई भी जिम्मेदार नही पहुंचे जिससे गरीब को कोई ढांढस बंधा सके।अब देखते है कि जिला या तहसील प्रशासन गरीब की कितनी मदद करता है यह तो आने वाला समय बताएगा।

### थोक एवं फुटकर उर्वरक विक्रेताओ की प्रतिष्ठानों पर पड़े छापे, की गई कार्यवाही




**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार के निदेर्शानुसार कृषि विभाग की तहसील स्तरीय गठित टीम द्वारा जनपद के उर्वरक निमार्ताओं, थोक एवं फुटकर उर्वरक विक्रेताओ सहकारी समिति यूपी एग्रो पीसीएफ इफको केन्द्र/निजी प्रतिष्ठानों पर छापे की कार्यवाही की गई यह जानकारी जिला कृषि अधिकारी मनोज गौतम ने देते हुए बताया कि जनपद में कुल 35 छापे मारे गये तथा उर्वरकों के 12 नमूने लिए गये एवं 02 उर्वरक विक्रेताओ को उर्वरक रख-रखाव ठीक प्रकार से न करने के कारण चेतावनी जारी की गई जिला कृषि अधिकारी ने उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया कि उर्वरकों के साथ किसी भी प्रकार की कालाबाजारी, टैगिंग एवं ओवररेटिंग न की जाय यदि किसी बिक्रेता के विरूद्ध शिकायत प्राप्त होती है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### गोवध के पांच वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**कौशाम्बी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे थाना करारी पुलिस बल द्वारा उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम से सम्बन्धित पांच वांछित अभियुक्तों वसीम नट पुत्र कल्लू सिराज नट पुत्र अफसर हयातउल्ला पुत्र फिरोज नट तरन्नुम पत्नि वसीम नट व कौशिमा पत्नि आबिद हुसैन समस्त निवासीगण ग्राम हिसामपुर नटो का डेरा थाना करारी को हिसामपुर नहर पुलिया से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तो को न्यायालय भेज दिया है

### ग्राम विकास मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन का चुनाव संपन्न



**कौशाम्बी** ग्राम विकास मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन इकाई कौशांबी का चुनाव शनिवार को मंझनपुर में संपन्न हो गया सर्वसम्मति से संरक्षक अनीस अहमद अध्यक्ष दीपक सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह उपाध्यक्ष अशोक कुमार मौर्या महामंत्री हिमांशु राव संयुक्त मंत्री अमित राज सिंह सोनी संगठन मंत्री काजी आफताब अहमद कोषा अध्यक्ष दिलीप सिंह ऑडिटर वीरेंद्र प्रताप यादव और कार्यकारिणी सदस्य विनोद कुमार शर्मा हाफिज अहमद निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं चुनाव संपन्न होने के बाद निर्वाचित पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया

### अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर ने सुनी जनशिकायत



**हर्रायपुर कौशाम्बी** संदीपन घाट थाना में एडिशनल एसपी समर बहादुर ने जन शिकायत सुनी है और उसे समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं इस मौके पर नायब तहशीलदार दीक्षा पांडेय व तहसीलदार सुभाष कुमार व चकबन्दी तहसीलदार अफजल थाना प्रभारी दिलीप कुमार सिंह उपनिरिछक धीरेंद्र कुमार व मूरतगंज चौकी प्रभारी गौरव कुमार व हर्रायपुर चौकी प्रभारी अनुराग सिंह व लेखपाल कुलदीप नाथ श्रीवास्तव ,जितेंद्र श्रीवास्तव, संतोष यादव, लछ्मीपांडेय चकबन्दी लेखपाल सखाराम आदि मौजूद रहे थाना समाधान दिवस के अवसर पर छः शिकायती पत्र आए जिसमें से चार शिकायती पत्र का मौके पर निस्तारण कर दिया गया है।

# भाजपा के राज में महंगाई भ्रष्टाचार बढ़ते अपराध से त्राहि त्राहि कर रही आमजनता : राजकुमार

अखंड भारत संदेश

### प्रदेश कांग्रेस कामगार पार्टी की बैठक कशिया में संपन्न





**कौशाम्बी।** प्रदेश कांग्रेस कामगार पार्टी की एक बैठक सिराथू तहसील के कशिया स्थित एक गेस्ट हाउस में शनिवार को संपन्न हुई बैठक में सैकड़ो लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम की शुरूआत में कांग्रेस कामगार प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार तिवारी और नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष शिव कुमार सिंह उर्फ बुदुल कांगेस नेता शमीम अहमद सहित विभिन्न नेताओं को माल्यार्पण कर उनका जोरदार तरीके से स्वागत किया है इस मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने केंद्र और प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा के राज में महंगाई चरम पर है भ्रष्टाचार और बढ़ते अपराध से आम जनता त्राहि त्राहि कर रही है भाजपा के पास आम जनता को जवाब देने के लिए आवाज नहीं रह गई है उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सच बोलते हैं लेकिन यह बात भ्रष्टाचार में लिप्त भाजपाइयों को खराब लगती है उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाषण देने नहीं आए हैं बल्कि कांग्रेस का संदेश लेकर आए हैं बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री को पाकिस्तान की गरीबी भुखमरी दिखाई देती है लेकिन हिंदुस्तान में बढ़ते अपराध भ्रष्टाचार उन्हें दिखाई नहीं पड़ रहे हैं बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता शमीम अहमद ने कहा कि 84 हजार करोड़ रुपए रिजर्व बैंक से गायब हो गए हैं इसका उत्तर भाजपा नेताओं के पास नहीं है आम जनता इसका हिसाब भाजपा से चाहती है लेकिन कोई भी नेता आम जनता को हिसाब देने को तैयार नहीं है बढ़ती महंगाई भ्रष्टाचार बिजली की समस्या आदि पर कांग्रेस नेताओं ने भाजपा को जमकर घेरा है शमीम अहमद ने कहा कि कर्नाटक की जनता ने कांग्रेस पर भरोसा जताया और कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनी कर्नाटक में सरकार बनते ही कांग्रेस ने कर्नाटक में महंगाई कम करने का काम किया है उन्होंने कहा कि कर्नाटक में 500 का गैस सिलेंडर सरकार दे रही है जबकि अन्य प्रांतों में 11सौ रुपए से अधिक के गैस सिलेंडर की कीमत आम जनता को अदा करना पड़ रहा है उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार फिर से लाना है महंगाई दूर भगाना है और भ्रष्टाचार में लिप्त भाजपा को भगाना है इस मौके पर उपस्थित लोगों ने महंगाई भ्रष्टाचार अपराध अत्याचार पर जमकर भाजपा सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने सत्ता में रहने का अधिकार खो दिया है बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 2024 में कांग्रेस की सरकार बनानी है इस बैठक में डा राज कुमार तिवारी प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस आशीष शुक्ला जिला उपाध्यक्ष सारधा प्रसाद ब्लाक अध्यक्ष शिव कुमार उर्फ बुदुल रफीक अहमद शमीम अहमद परवेज आलम महेंद्र सिंह विष्णु सोनी बंगाली पूर्व प्रधान अजीत कुशवाहा अनिल कुमार इसरार अहमद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे और कार्यक्रम को दर्जनों लोगों ने संबोधित कर भाजपा सरकार पर जमकर प्रहार किया।

# सहकारिता से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने का चलेगा अभियान : शिवमोहन मौर्या

अखंड भारत संदेश





**कौशाम्बी।** डिस्ट्रिक्ट कॉपरेटिव बैंक प्रयागराज -कौशाम्बी के नव निर्वाचित अध्यक्ष शिव मोहन मौर्य के निर्वाचन की खबर जैसे ही जिले में मिली पार्टी कार्यकताओं और लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। जिले में घुसते ही उनका भव्य स्वागत शुरू हो गया लोगों ने उनका पूरामुफ्ती, मूरतगंज, भरवारी, व समदा चौराहे में फूल मालाओं से उनका स्वागत किया गया। इसी के साथ उनके स्वागत व अभिनंदन के लिए भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में एक कार्यक्रम भी रखा गया। जहां पर पार्टी कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर इस खुशी को बांटा कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए नवनिर्वाचित चेयरमैन शिवमोहन मौर्य ने कहा कि पिछले सत्र में जब मुझे 1 साल के लिए पद मिला था। तो 1 साल में संघर्षों का यह नतीजा रहा कि कॉपरेटिव बैंक पहली बार लाभ में रहा। अब आने वाले 5 सालों में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपना किसानों की आय को दुगने करने की ओर वह पूरे मनोयोग से प्रयास करेंगे। इस मौके पर उन्होंने मौजूद सहकारी समितियों के सचिवों का आवाहन करते हुए कहा कि वह उनका सहयोग करें जिससे जिले की सहकारी समितियों को लाभ वाली संस्था बनाया जा सके। इसके साथ उन्होंने सहकारी समितियों के निर्वाचित अध्यक्ष हुआ डायरेक्टरों को संबोधित करते हुए कहा कि वह उनके साथ चलने के लिए तैयार हैं और संघर्ष करने के लिए तैयार हैं। जिससे हमारे जिले के हर गांव में बैठे किसान को सहकारी समितियों का लाभ मिल सके जिससे उनका जीवन स्तर सुधर सके। पार्टी जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने कहा कि पहली बार है जब भारतीय जनता पार्टी जिले में कॉपरेटिव बैंक और डीसीएफ दोनों के अध्यक्ष संगठन से जुड़े लोग हैं। उन्होंने कहा कि अब सहकारी समितियों से वह चाहती हैं कि अधिक से अधिक सरकारी योजनाएं जो किसानों तक नहीं पहुंच पाती हैं उनको किसानों तक पहुंचाया जाए। इस मौके पर प्रमुख रूप पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेम चौधरी, धर्मराज मौर्य, शिवमोहन मौर्य, दीपचनद्र दिवाकर, धर्मराज पाल, राकेश पाण्डेय, रमेश अग्रहरी, लवकुश मौर्य, कविता पासी, वीरेंद्र सरोज फौजी, ओम प्रकाश कुशवाहा, शिव प्रताप रिंकू कुशवाहा दिनेश पाण्डेय सहित कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# विकास कार्य के नाम पर ग्राम प्रधान सचिव ने खूब लूटा सरकारी खजाना !

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** मूरतगंज ब्लाक में ग्राम प्रधानों की खूब चर्चा जोरों पर हैं लेकिन अधिकारी का ध्यान कहा है इसका जवाब जनता मांग रही हैं कहीं ग्राम पंचायत में हैंडपंप रिबोर दिखा कर पैसे निकाले जा रहे हैं तो कही हैंडपंप मरम्मत के नाम पर पैसे निकाले जा रहे हैं तो कही शौचालय के नाम पर मेहरबान अधिकारी कब तक गरीब जनता को मिलने वाले हक को अपना शिकार बनाते रहेंगे ग्रामीणों का कहना हैं कि हमारे गांव में लगभग 40 से 50 शौचालय बनी हुई थी शौचालय निर्माण कार्य हुआ था लेकिन शौचालय कांपलीट एक भी नहीं हुई थी जिसमे आधी शौचालय का कोई सिनाका तक नहीं बचा हुआ है और कितनी बची हुई हैं शौचालय उसमे कंडी लकड़ी रखी हुई दिखाई देती हैं ग्रामीणों का कहना हैं कि यह कभी भी कोई अधिकारी देखने तक भी नहीं आ रहे हैं इसका मतलब है कि कही न कही किसी बड़े अधिकारी का हाथ होने के करणा ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव को आसानी से सरकारी खजाना खाली करने में मदद मिलती हैं जानकारी के मुताबिक बिरौली ग्राम सभा के जीता का पुरवा गांव में विकास कार्य के नाम पर मेहरबान अधिकारी के चलते ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव ने खूब खाओ कमाओ शुरू कर रखे हुए हैं और इतना ही नहीं बल्कि उन्होंने हैण्ड पम्प मरम्मत के नाम पर कई लाख रुपए निकाल लिए हैं और रिबोर के नाम पर भी कई लाख रुपए निकाला जा चुका हैं जनता पूछ रही हैं कि यहां कोई अधिकारी कभी नहीं आते हैं और कोई नेता विधायक यहां कभी भी देखने के लिए नहीं आते हैं ग्राम प्रधान पर विकास भवन के अधिकारियों ने भ्रष्टाचार धांधली की जांच करा कर मुकदमा दर्ज कराने का प्रयास नहीं किया है जिससे विकास भवन के अधिकारियों की भी मंशा ठीक समझ में नहीं आ रही है।

## संपादकीय

# मणिपुर आग से खेल रही है सरकार

**जगदीश रत्तनानी**

**राज्य** और वहां रहने वाले नागरिकों के खिलाफ हिंसा में घृणा की व्यापकता कोई अच्छे संकेत नहीं देती है और जैसा हम आज देख रहे हैं कि मणिपुर जल रहा है और सरकार नहीं जानती कि आगे क्या करना है। एक संवेदनशील क्षेत्र में यह संवेदनशील राज्य है जिससे दोस्ताना रखने वाले पड़ोसी नहीं हैं। राज्य में सरकारी मशीनरी का नाकाम होना चिंता का कारण होना चाहिए। मणिपुर में फिलहाल चल रहा संकट जटिल है। उसके कारण हैं, उसका इतिहास है और इस संकट को हवा देने वाली वजहें भी हैं। सिद्धांत रूप में इसे हाल-फिलहाल में हुई घटनाओं के आलोक में समझाया जा सकता है। सरल शब्दों में कहें तो इसका कारण मैतेई और कुकी लोगों के बीच लंबे समय से चल रहा विभाजन है। मैतेई लोगों की आबादी राज्य में 50 प्रतिशत से थोड़ी अधिक है। यह इम्फाल में केंद्रित है तथा जिसका घाटी के जिलों की लगभग 10 फीसदी भूमि पर कब्जा है। कुकी लोगों की कुल आबादी 25 प्रतिशत है जिनमें से कई ईसाई हैं और ये मणिपुर के अधिकतर पहाड़ी क्षेत्रों में फैले हुए हैं। विवाद को हवा मिलने का कारण इम्फाल में मणिपुर उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमवी मुरलीधरन का वह फैसला है जिसमें न्यायाधीश ने सरकार को आदेश दिया कि वह मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने पर चार सप्ताह के भीतर फैसला करे। कुकी जनजातियों के विरोध के बावजूद मैतेई इसकी मांग कर रहे हैं। उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय के आदेश को तथ्यात्मक रूप से गलत बताया है और इसके खिलाफ अपील की जा रही है। आंदोलन की एक वजह मैतेई के प्रभुत्व वाली सरकार द्वारा वन भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने वालों तथा पड़ोसी म्यांमार के अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई और पहाड़ी क्षेत्रों में अफीम की खेती के खिलाफ एक अभियान भी है जिसने पहाड़ी इलाकों पर कब्जा रखने वाले कुकी के बीच नई चिंताओं को जन्म दिया है। फिर भी ये तात्कालिक कारण, उस पर हुई प्रतिक्रिया और इतिहास मामले की पूरी कहानी नहीं बता सकता है जो एक ऐसे समग्र दृष्टिकोण में निहित है और वह चिंता पैदा कर सकता है, मणिपुर में अभी देखी जा रही घृणा को भड़का सकता है और इस तरह टूटने का कारण बन सकता है। धीरे-धीरे दिल में कड़वाहट पैदा करने के कारणों को आसानी से समझा या मापा नहीं जा सकता है। राज्य और वहां रहने वाले नागरिकों के खिलाफ हिंसा में घृणा की व्यापकता कोई अच्छे संकेत नहीं देती है और जैसा हम आज देख रहे हैं कि मणिपुर जल रहा है और सरकार नहीं जानती कि आगे क्या करना है। एक संवेदनशील क्षेत्र में यह संवेदनशील राज्य है जिससे दोस्ताना रखने वाले पड़ोसी नहीं हैं। राज्य में सरकारी मशीनरी का नाकाम होना चिंता का कारण होना चाहिए। समस्या कितनी गंभीर है यह इस बात से समझी जा सकती है कि राज्य में 29 मई से 1 जून तक केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सिलसिलेवार बैठकों तथा कार्रवाइयों और लगभग उसी समय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे के दौरे के बाद भी राज्य में शांति स्थापित नहीं हो पाई है। आने वाले दिनों में इस बात पर बहुत चर्चा होगी कि राज्य में पहले बार शासन कर रही भाजपा ने प्रदेश को इस दुखद स्थिति में कैसे ला दिया है। इस बात पर भी बहस होगी कि किन निर्णयों या गलत कार्यों की श्रृंखला की वजह से ऐसा माहौल बन गया जिसके कारण मैतेई-कुकी संघर्ष नियंत्रण के बाहर हो गया। फिर भी, भौगोलिक दूरी और मुख्य धारा से कटे होने के कारण मणिपुर के जलने और उसकी आपदा के कारणों को समझने में शेष भारत को समय लगा है। अब नागरिकों ने बयान जारी किया है जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों- राज्य और केंद्र में भाजपा के कथित 'डबल इंजन' की आलोचना की गई है। बयान में कहा गया है- 'वर्तमान परिदृश्य में सशस्त्र मैतेई बहुसंख्यक समूह कुकियों के खिलाफ हिंसा फैला रहे हैं ... इसके साथ ही नफरत फैलाने वाले भाषण और दिखावे के लिए माफी मांगने का ढोंग कर रहे हैं।' राज्य का दौरा करने वाले दो कांग्रेस सांसदों का कहना है कि उन्हें हिंसा की वारदातों की जानकारी लेने के लिए गुप्त रूप से जाना पड़ा, 'एक ऐसी भूमि पर जहां मानवता पर पहचान व विचारधारा हावी हो गई है और जिसने घृणा, हिंसा, रक्तपात और मौत को जन्म दिया है ...।' मणिपुर हिंसा पर प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाने के लिए 10 विपक्षी दल एक साथ आ गए हैं। यहां तक कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) भी सामने आ रहे हुए और तबाही से जाग गया है। आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि 'मणिपुर में पिछले 45 दिनों से लगातार जारी हिंसा बेहद चिंताजनक है।' स्थिति वाकई चिंताजनक है। केंद्र सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा 2020-2021 के लिए सुशासन सूचकांक (जीजीआई) रिपोर्ट के अनुसार मणिपुर ऐसा राज्य है जिसे सुशासन के मामले में सबसे कमजोर होने के लिए चिह्नित किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है- 'पूर्वोत्तर राज्यों की सूची में मणिपुर 11.2 प्रश की सर्वाधिक गिरावट के साथ सबसे ऊपर है जिन्होंने 2019 की तुलना में नकारात्मक वृद्धि दर्ज की है।' स्पष्ट रूप से विकास की दिशा खो गई है। इस महत्वपूर्ण समय में राज्य में हिंसा की लगातार बढ़ती घटनाओं को रोकने तथा शांति स्थापित करने के लिए आवश्यक समर्थन के लिए सभी प्रयास किए जाने चाहिए। हिंसक वारदातों में 100 से अधिक लोगों की जान लेने वाले घटनाक्रम के माहौल को ठंडा करने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। हालांकि इसमें समय लगेगा लेकिन मणिपुर हमें नीतिगत झुकाव के अप्रत्याशित परिणामों के बारे में सचेत कर रहा और बता रहा है कि लोगों का जो वर्ग यह विश्वास रखता है कि सरकार एक पूर्व निर्धारित एजेंडे के अनुसार परिवर्तन का आदेश देने के लिए सक्षम है, वे गलतफहमी में हैं। यह धारणा गलत है कि राज्य के साधनों का उपयोग उन विचारों और नीतियों को पूरा करने के लिए किया जा सकता है जो लोकतांत्रिक बहस की नींव पर बने राष्ट्र के मिजाज के खिलाफ जाते हैं, जो देने और लेने पर यकीन रखते हैं या इसे समायोजित करने और लोकतंत्र को जगह देने पर भरोसा रखते हैं। अपने पसंदीदा और संकीर्ण एजेंडे के लिए राज्य के साधनों का उपयोग मुसीबतों को निमंत्रण देना है।

# आदिपुरुष काण्ड और भक्ति का ढोल

**बादल सरोज**



**हनुमान** सचमुच की मुश्किल में हैं। इनका पूरा गिरोह न जाने हनुमान जी के पीछे हाथ पांव धोकर क्यों पड़ा है ? पहले उनके नाम पर एक गुंडा गिरोह बनाया, उसके बाद उनकी निर्मल छवि को भयानक डरावनी पहचान देकर हिंदुत्व की आई डी बनाई। इतने पर भी संतोष नहीं हुआ तो अभी कुनबे के ब्रह्मा जी ने इन्हें कर्नाटक की सारी सीटों से चुनाव ही लड़वा मारा। बजरंग दल को ही बजरंग बली साबित करते हुए मोदी स्वयं जय बजरंग बली के नारे से अपनी सभा शुरू करते थे और मतदाताओं से बटन दबाने से पहले बजरंग बली का नाम सुमिरन करने को भी कहते थे। पिछले शुक्रवार 16 जून को रिलीज हुई 600 करोड़ की फिल्म 'आदि पुरुष' के टपोरी संवादों पर हिंदी भाषी भारत में हुई चर्चा, उन पर आई प्रतिक्रियाओं के दो आयाम हैं। एक आयाम आश्वस्ति देता है और वह यह कि अभी, बावजूद सब कुछ के, भाषा के प्रति संवेदनशीलता और विवेक बचा हुआ है। आम हिन्दुस्तानी, एक सीमा से ज्यादा भाषाई छिछोरापन सहन करने की स्थिति में कमसेकम अभी तक तो नहीं पहुंचे हैं। यह अच्छी बात है - उम्मीद जगाने वाली बात है। दूसरा आयाम है इसका संवाद लेखक तक सीमित रह जाना। इस विमर्श का व्यक्ति केंद्रित हो जाना इसलिए उचित नहीं है क्योंकि ऐसा करना रोग और विकार के सही निदान करना नहीं है। जब बीमारी और उसका अकारण ही पता नहीं चलेगा तो स्वाभाविक ही उपचार में भी मुश्किल जायेगी। इस लिहाज से इस प्रसंग को थोड़ा सतह से नीचे खंगालकर देखने की आवश्यकता है। यह हल्कापन सिर्फ मनोज मुन्ताशिर से 'गर्व से कहो हम शुक्ला हैं' हुए संवाद लेखक की कारस्तानी भर नहीं हैं उनसे भी यह अनजाने में, अनचाहे नहीं हुआ, इसे तो खुद शुकुल जी स्वीकार कर चुके हैं। इस विधा में अपने से भी बड़े वाले अर्नब गोस्वामी से उसके टीवी पर हुई हुई सार्वजनिक बात चीत में उन्होंने कबूला कि 'हां, बिलकुल। ये कोई भूल नहीं है। बहुत सोच-समझकर बजरंग बली के डायलॉग लिखे गए हैं। हमने जानबूझकर संवाद सरल किए हैं। क्योंकि फिल्म के सभी किरदार एक ही तरह की भाषा नहीं बोल सकते। इनमें विविधता होनी चाहिए।'वे यही तक नहीं रुके - उन्होंने डेढ़ दो हजार साल की रामायण वाचक पाठन परम्परा को भी अपने स्तर के अनुरूप नीचे दर्जे पर लाकर खड़ा कर दिया और दावा किया कि 'हम सब रामायण को कैसे जानते हैं? हमारे यहां कथा-वाचन की परम्परा है। एक तो पढ़ने की परम्परा है और दूसरी वाचन की। मैं एक छोटे से गांव से आया हूं। हमारे यहां दादियां-नानियां जब रामायण की कथा सुनाती थीं, तो ऐसी ही भाषा में सुनाती थीं। जिस डायलॉग का आपने जिक्र किया, इस देश के बड़े-बड़े कथावाचक और संत ऐसे ही बोलते हैं। मैं पहला शख्स नहीं हूं, जिसने ये डायलॉग लिखा है।' वे किन संतों और प्रवचनकर्ताओं का जिक्र कर रहे हैं इसका खुलासा उन्होंने नहीं किया/अपनी विद्रूप अश्लीलता के लिए उन्होंने उन दादियों-नानियों को भी लपेटे में ले लिया जिनका काम भाषा बिगाड़ने का नहीं बोल और वर्तनी सुधारने का होता था, होता है। फिर बंदे ने यह कला कहां से सीखी होगी ? बहरहाल, लोग शुकुल जी के लिए नहीं बल्कि इसलिए परेशान हैं कि इनने अपने बोल बिगाड़े सो बिगाड़े बजरंगबली हनुमान के भी बिगाड़ दिए। हनुमान सचमुच की मुश्किल में हैं। इनका पूरा गिरोह न जाने हनुमान जी के पीछे हाथ पांव धोकर क्यों पड़ा है ? पहले उनके नाम पर एक गुंडा गिरोह बनाया, उसके बाद उनकी निर्मल छवि को भयानक डरावनी पहचान देकर हिंदुत्व की आई डी बनाई। इतने पर भी संतोष नहीं हुआ तो अभी कुनबे के ब्रह्मा जी ने इन्हें कर्नाटक की सारी सीटों से चुनाव ही लड़वा मारा। बजरंग दल को ही बजरंग बली साबित करते हुए मोदी स्वयं जय बजरंग बली के नारे से अपनी सभा शुरू करते थे और मतदाताओं से बटन दबाने से पहले बजरंग बली का नाम सुमिरन करने को भी कहते थे। यह बात अलग है कि कन्नड़ भाषी रामायण हम्पी के पास की जिस जगह, अन्जनाद्री को हनुमान की जन्मस्थली बताती है उस सहित जिले और करीब की छह में से पांच सीटों पर भाजपा की करारी हार हुई, एक भी बमुश्किल हजार वोट के अंतर से जीती।

इसके पहले यह पूरा कुनबा हनुमान की अपनी अपनी जन्मपत्री लिए अपने अपने हिसाब से उनकी जाति बताने में लगा रहा। राजस्थान के भाजपा विधायक ज्ञानदेव आहूजा ने हनुमानजी को घोटा वाला सांड बताया, भाजपा नेता केंद्रीय मंत्री सत्यपाल चौधरी ने कहा कि हनुमानजी आर्य थे। इधर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रहस्योद्घाटन किया कि हनुमान जी दलित थे तो उधर मप्र-छग दोनों में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रहे नंदकुमार साय ने हनुमानजी को आदिवासी बताया। भाजपा नेता व मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण ने पक्की जानकारी दी कि हनुमानजी जाट थे, भाजपा सांसद हरिओम पांडे कुनबे के हिसाब से ज्यादा पॉलिटिकली करेक्ट खोज करके लाए और हनुमान जी को ब्राह्मण बताने के साथ साथ जटायु को मुसलमान बता मारा। इसी बीच भाजपा एमएलसी बुक्कल नवाब की प्रज्ञा एक बार पुनः जागृत हुई और उन्होंने फरमाया कि हनुमानजी मुसलमान थे। लाला रामदेव ने योग साधना शोध के बाद विश्व को बताया कि हनुमान जी क्षत्रिय थे। भाजपा के राज्यसभा सांसद गोपाल नारायण ने योगी आदित्यनाथ की बात काटते हुए हनुमानजी को दलित से भी नीचे बंदर बताया। अब जब हनुमान की लूट है लूट सके तो लूट चल ही रही थी तब जैन मतावलंबी भी कैसे पीछे रहते ; आचार्य निर्भय सागर जी ने बताया कि हनुमान जी और कुछ नहीं बल्कि जैन थे, हालांकि विवाद इसके बाद भी शेष रहा कि वे दिगंबर थे या श्वेताम्बर या अर्ध दिगंबर अर्ध लालाम्बर। यह वर्ष 2018 तक की भाजपा-खोजित हनुमान जाति चरितावली है। गुजरे 5 वर्षों में इन भाजपाई दावों में वे गुर्जर, यादव और कायस्थ भी हो गए और बालि कुर्मी बना दिए गए !! बहरहाल जो भी बनाया - टपोरी बनाने की हिम्मत हिमाकत किसी ने नहीं की ; इसके लिए शुकुल जी को ही अवतरित होना पड़ा। मनोज मुन्ताशिर शुक्ला का कहना है कि उन्होंने हनुमान से जो भी कहलवाया है वह 'आज कल के समाज की आम बोलचाल की भाषा है।' उन्होंने तर्क-तूणीर से अमोघ ब्रह्मास्त्र छोड़ते हुए कहा कि 'पिछली रामायण 80 के दशक की भाषा में थी, 2023 में भाषा बदल चुकी है। अब सवाल यह है कि वे समाज और 2023 की आम बोलचाल की किसे मानते हैं ? वे दरअसल अपने समाज - कुनबे - की बात कर रहे हैं। उस कुनबे की बात कर रहे हैं जिसके सर्वोच्च नेता नरेन्द्र मोदी एक असामयिक और दुःखद मृत्यु की शिकार स्त्री के लिए '50 करोड़ की गर्ल फ्रेंड' और एक गंभीर राजनीतिक हमले वाले हादसे में शहीद हुए पूर्व प्रधानमंत्री की जीवन संगिनी और एक बड़ी राजनीतिक पार्टी की प्रमुख एक महिला के लिए 'कांग्रेस की विधवा' जैसे घृणित जुमले इस्तेमाल करते हैं। एक जमाने में इन्ही की पार्टी के शीर्षस्थ जुगाड़ू प्रमोद महाजन उन्हें मोनिका लेविंस्की कह देते हैं। इन्ही के एक और नेता गिरिराज सिंह उनकी काली गोरी चमड़ी तक आ जाते हैं। ये सिर्फ कुछ मिसालें है - इस तरह की टिप्पणियों की तादाद इतनी ज्यादा है कि एक पूरा ग्रन्थ तैयार किया जा सकता है। इनके आगे शुकुल जी तो अभी ककहरा ही सीख रहे हैं। दीपिका के परिधान और शाहरुख के पठान पर आहत लोगों की भावनाएं हनुमान के हिस्से टपोरी संवाद थमाने से रत्ती भर भी आहत नहीं हुईं, उन्हें इनमे कुछ भी अनुचित नहीं लगा। बात बात पर टाकीजों पर पोस्टर फाड़ने वाले संघी गिरोहों को भी गुस्सा नहीं आया। इनका मुखपत्र जिसे कई बार ये अपना मुख और पत्र दोनों ही मानने से इनकार कर देते हैं वह ओर्गनाईजर और पांचजन्य भी कुछ नहीं बोला। स्वाभाविक भी है , क्योंकि यह असल में उनकीआम बोलचाल की भाषा है। देश भर में शोर मचने के बाद अब इन संवादों को हटाने की घोषणा से जरूर मुमकिन है कि उनकी भावनाएं आहत हो जायें। इसीलिये कृपया ध्यान दें कि खोट सिर्फ मनोज मुन्ताशिर शुक्ला में देखना नाकाफी होगा ; वे सिर्फ एक छोटी सी नाली हैं - ट्रिब्यूटरी हैं - गटर कहीं और है। जब तक इस गटर को नहीं सुखाया जाएगा तब तक दुर्गन्ध की सीपेज कभी बाढ़ तो कभी अंतधार्रा के रूप में प्रवाहित होती रहेगी और सिर्फ हजारों वर्ष में हासिल सभ्यता को ही नहीं बमुश्किल सदियों में संस्कारित भाषा और वर्तनी का शील और विवेक का संस्कार भी हरती रहेगी। और यह भी कि - जैसा कि सारे धर्मान्धों और धर्म-धंधेबाजों के बारे में साबित, प्रमाणित सच है - वे अंततः उसी धर्म को कहीं ज्यादा नुक्सान पहुंचाते है।

# अमेरिकी दबाव में होंगे बांग्लादेश के चुनाव

**आशीष विश्वास**

**सत्तारूढ़** एएल के भीतर और बाहर दोनों ही वर्गों की राय है कि देश अभी भी साहसपूर्वक अपने वर्तमान तटस्थ राजनीतिक दृष्टिकोण को बनाये रख सकता है। लेकिन वर्तमान में बढ़ती मुद्रास्फीति और महंगे भोजन, ईंधन और उर्वरकों के खिलाफ संघर्ष कर रहे अन्य बांग्लादेशी अपने आत्मविश्वास को साझा नहीं कर सकते हैं। हालांकि, अगर ढाका एएल की हार के कारण या किसी अन्य कारण से पश्चिम के करीब जाना पसंद करता है, तो भारत बड़ी क्षेत्रीय सुरक्षा के दीर्घकालिक हित में, आपातकालीन आर्थिक सहायता के लिए बांग्लादेशियों के चीन से संपर्क करने के बजाय, इस तरह के बदलाव को प्राथमिकता देगा। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि बांग्लादेश में हर गुजरते हफ्ते के साथ राजनीतिक तनाव बढ़ रहा है। तमाम संकेत बताते हैं कि जनवरी 2024 में प्रस्तावित आम चुनाव युगांतकारी महत्व वाले साबित होंगे। पर्यवेक्षकों को उम्मीद है कि बांग्लादेश में पहले हुए चुनावों की तुलना में 2024 के चुनाव परिणाम आने वाले दशकों में बांग्लादेश के लिए आगे का रास्ता तय करेंगे। अब तक, बांग्लादेश ने चतुराई से एक स्वतंत्र, प्रभावी रूप से संतुलित गुटनिरपेक्ष विदेश नीति अपनाई है। कुछ अन्य एशियाई देशों के विपरीत, बांग्लादेश ने संवेदनशील अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर स्वतंत्र निर्णय लेने में संकोच नहीं किया है - यूक्रेन में युद्ध एक हालिया उदाहरण है - प्रमुख शक्ति गुटों के संदर्भ के बिना। हालांकि, जैसा कि देश अपने अगले दौर के चुनाव आयोजित करने की तैयारी कर रहा है, उसे पता चला है कि विशेष रूप से अमेरिका के नेतृत्व वाले पश्चिमी देशों के शक्तिशाली गुट से राजनयिक दबाव काफी बढ़ गया है। स्पष्ट शब्दों में, वे बांग्लादेश को पश्चिम के प्रति अपनी राजनीतिक प्राथमिकता को और अधिक खुले तौर पर व्यक्त करते देखना चाहते हैं।

मानवाधिकारों और संबंधित मुद्दों से निपटने के लिए अवामीलीग (एएल) शासित सरकार के खिलाफ कुछ प्रतिबंधों की घोषणा करके, अमेरिका ने पहले ही नोटिस दे दिया है कि अगर ढाका ने अपने तरीके नहीं बदले तो बांग्लादेश की भविष्य की आर्थिक प्रगति रुक सकती है। इससे बांग्लादेश की ओर से अपनी विदेश नीति में एक सुधार (परिवर्तन) की आवश्यकता होगी। इसे यक्रेन और अन्य मामलों में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पश्चिम-प्रायोजित प्रस्तावों के लिए मतदान करना होगा। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) जैसे पश्चिम-समर्थक तत्वों को भी पहले की तुलना में अधिक कार्यात्मक स्थान देना पड़ेगा। इसमें प्रमुख सहायता प्रदाता के रूप में चीन पर कम निर्भरता और देश की अर्थव्यवस्था में बड़ी भूमिका निभाने वाली यूरोपीयसंघ/अमेरिकी कंपनियों पर भी कम निर्भरता शामिल होगी। भले ही इसमें उन नेताओं और समूहों के साथ कुछ समझौता शामिल हो, जिन्होंने सत्तर के दशक में स्वतंत्रता संग्राम के दौरान वास्तव में पाकिस्तान का विरोध और सहयोग किया था, पश्चिमी तर्क के अनुसार, अवामीलीग को आपत्ति नहीं होनी चाहिए! अन्यथा, यूरोपीय संघ के देशों और अमेरिका का गुट लंबे समय तक उदार निर्यात नीतियों की अनुमति देकर बांग्लादेश जैसे विकासशील देश के लिए आगे की आर्थिक प्रगति को आसान नहीं बना सकता है। विशेषकर कपड़ा क्षेत्र, जो मुख्य बांग्लादेशी निर्यात अर्जक है, को निशाना बनाया जा सकता है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि सत्तारूढ़ एएल नेताओं को लगता है कि वे अस्तित्व संबंधी राजनीतिक चुनौती का सामना कर रहे हैं। आने वाले महीनों में कुछ गलत कदम/संकेत उनके लिए सफलता और असफलता के बीच अंतर बता सकते हैं। एएल द्वारा अपनाया जाने वाला कोई भी निर्णय अनिवार्य रूप से भारत, उसके निकटतम और मित्रवत पड़ोसी के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा। व्यावहारिक रूप से दिल्ली चाहेगी कि ढाका पहले की तरह तटस्थ रहे, भारत की तरह, और पश्चिम और गैर-पश्चिम शक्ति गुटों के बीच संतुलन बनाए रखे। गौरतलब है कि सत्तारूढ़ एएल के भीतर और बाहर दोनों ही वर्गों की राय है कि देश अभी भी साहसपूर्वक अपने वर्तमान तटस्थ राजनीतिक दृष्टिकोण को बनाये रख सकता है। लेकिन वर्तमान में बढ़ती मुद्रास्फीति और महंगे भोजन, ईंधन और उर्वरकों के खिलाफ संघर्ष कर रहे अन्य बांग्लादेशी अपने आत्मविश्वास को साझा नहीं कर सकते हैं। हालांकि, अगर ढाका एएल की हार के कारण या किसी अन्य कारण से पश्चिम के करीब जाना पसंद करता है, तो भारत बड़ी क्षेत्रीय सुरक्षा के दीर्घकालिक हित में, आपातकालीन आर्थिक सहायता के लिए बांग्लादेशियों के चीन से संपर्क करने के बजाय, इस तरह के बदलाव को प्राथमिकता देगा। चुनाव पूर्व दौड़ में अमेरिका के नेतृत्व वाला पश्चिम कूटनीतिक रूप से अधिक मुखर रहा है। अमेरिकी राजनयिक बांग्लादेश के मामलों में खुलेआम हस्तक्षेप कर रहे हैं, तथा ज्यादातर विपक्षी नेताओं से मिल रहे हैं, तथा विभिन्न औपचारिक और अनौपचारिक कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं। इससे एएल शासक और समर्थक परेशान हैं, जिन्होंने इन गतिविधियों का विरोध किया है। संयुक्त राष्ट्र के सभा सत्रों में रूस-चीन गुट को घेरने में अपनी विफलता और रूस द्वारा अपने प्रतिबंधों की स्पष्ट रूप से प्रभावी अवहेलना के संदर्भ में, पश्चिम के देश बांग्लादेश चुनावों के बड़े क्षेत्रीय निहितार्थों को समझते हैं। इसके विपरीत, दक्षिण एशिया में प्रमुख सहायता प्रदाताओं के रूप में चीन और जापान द्वारा अपनाया गया दृष्टिकोण कहीं अधिक सूक्ष्म है। सच है, जापान के विपरीत, चीन ने हाल के बयानों में बांग्लादेश में अमेरिकी राजनयिक हस्तक्षेप और उसकी मंजूरी की निंदा की है। बीजिंग ने यह भी आरोप लगाया है कि कैसे अमेरिका नियमित रूप से काले और अन्य अल्पसंख्यकों के साथ अपने दुर्व्यवहार को नजरअंदाज करता है और बांग्लादेश पर हमला करते हुए अन्य प्रकार के जातीय भेदभाव की अनुमति देता है। जापान अधिक सावधान हो गया है। इसके राजनयिकों को कभी भी इसके पर्याप्त सहायता पैकेजों को बांग्लादेश को किसी भी तरह से प्रभावित करने वाले आंतरिक या बाहरी राजनीतिक विकास से जोड़ने के लिए नहीं जाना गया है। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह ढाका के चीन के बजाय पश्चिम के साथ मित्रतापूर्ण संबंध अपनाना पसंद करेगा। ऐसे नाजुक/मुश्किल संतुलन कार्यों को देखते हुए, वरिष्ठ एएल नेताओं को स्वाभाविक रूप से उम्मीद है कि भारत आने वाले महीनों में एक प्रमुख सहायक भूमिका निभायेगा। हाल ही में विदेश विभाग द्वारा दिए गए बयानों और संकेतों से यह बात जाहिर हो गई है। मंत्री डॉ. ए.के.अब्दुल मोमिन ने हाल ही में सुझाव दिया था कि अमेरिकी प्रतिबंधों के मद्देनजर भारत को अमेरिका में बांग्लादेश के लिए गुहार लगानी चाहिए। राजनयिक हलके इस बात की भी पुष्टि करते हैं कि बांग्लादेश ने भारतीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी से अमेरिकी राष्ट्रपति श्री जो बाइडेन से आग्रह करने के लिए संपर्क किया था कि वे पाक समर्थक बीएनपी के लिए अमेरिकी प्राथमिकता के मुकाबले सत्तारूढ़ एएल पर नरम रुख अपनायें।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि अमेरिका वर्षों से एएल के प्रति अपने अविश्वास को बनाये रखने और प्रधान मंत्री शेख हसीना के कथित च्अति-राष्ट्रवाद के बारे में सावधान बना हुआ है। मोटे तौर पर, यूरोपीय संघ के देश भी अमेरिका के दृष्टिकोण के अनुरूप हो गये हैं, हालांकि कुछ हद तक ही।अधिकांश पश्चिमी नेता बीएनपी जैसे बांग्लादेश के विपक्षी दलों के नेताओं से निपटना पसंद करते हैं। वे नोबेल विजेता अर्थशास्त्री डॉ. मोहम्मदयूनुस जैसी बांग्लादेशी सार्वजनिक हस्तियों के साथ एक आरामदायक क्षेत्र साझा करते हैं - यह ऐसी सार्वजनिक हस्तियों और उनके बीच व्याप्त शातिर पारस्परिक प्रतिद्वंद्विता के बावजूद है। सत्तारूढ़ ए.एल. के अधिकांश विश्लेषकों का मानना है कि श्री मोदी, जिनके पास श्री बाइडेन के साथ चर्चा करने का अपना एजेंडा है, आवश्यक रूप से उच्च स्तरीय वार्ता के दौरान बांग्लादेश और दक्षिण एशिया में इसकी भूमिका के लिए एक मूर्त राजनीतिक अनुमोदन से अधिक कुछ नहीं कर सकते हैं। ढाका को अमेरिका और शक्तिशाली पश्चिमी लॉबी के साथ अपने तनावपूर्ण संबंधों को सुधारने में शायद ही पर्याप्त मदद मिली है। इसलिए, बांग्लादेश का राजनीतिक भविष्य कुछ हद तक आगामी चुनावों के अंतिम नतीजों पर निर्भर करेगा। यह स्पष्ट है कि चुनाव जमकर लड़ा जायेगा, लेकिन मौजूदा अव्यवस्था की स्थिति में बीएनपी के नेतृत्व वाले विपक्ष के लिए सत्तारूढ़ एएल को हटाने के बारे में गंभीरता से सोचना अभी भी मुश्किल हो सकता है। सच है, व्यापक और अप्रत्यक्ष नैतिक समर्थन के मामले में बीएनपी, अधिक पश्चिमी सहानुभूति प्राप्त करती है। मानवाधिकार मुद्दों पर एएल के रिकॉर्ड, हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की रक्षा करने में इसकी विफलता, एएल के शीर्ष नेताओं के बीच भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार का उल्लेख न करने की व्यापक आलोचना हो रही है।

फिर भी आम तौर पर यह भी माना जाता है कि कुछ समय से प्रशासन में मौजूद सत्ताधारी दलों के बीच ऐसी चूक पूरे एशिया में आम है। क्या एएल नेताओं पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जघन्य अपराधों का आरोप लगाया जा सकता है, जैसा कि पाकिस्तान और श्रीलंका के कुछ वर्तमान और पूर्व शासकों के मामले में है?उनमें से कितनों को अमेरिका ने दंडित किया है, हालांकि कई लोग सत्ता से बेदखल होने के बाद वहीं बस गए हैं?

# आदिपुरुष और गीता प्रेस के अतीत में विचरते हम

**वर्षा भम्भाणी मिर्जा**

**महात्मा** गांधी मनु की मां के भी समान थे। इसे समझने के लिए मनु ने जो किताब लिखी है 'बापू मेरी मां' उसे पढ़ना और समझना आवश्यक है। गांधी के ब्रह्मचर्य के अनेक पहलू थे। सच बोलना, निर्भय होना, सर्वव्यापी प्रेम करना- यह सब उनके ब्रह्मचर्य में सिमट आता था। फिर यह बात हाथ आई कि किसी की काम भावना उसके बाहर नहीं वरन भीतर ही रहती है। देश इन दिनों दो बातों की बातें बनाने में व्यस्त है। बेबात की इन बहसों के हम इस कदर आदी बनाए जा चुके हैं कि जिस तरह पालतू श्वान या बिल्ली अपने नरम और गुदगुदे खिलौनों से खेलते-उलझते रहते हैं। मुद्दों और असली चुनौतियों की बजाय इन्हीं में उल्टा-पुल्टा होना हमें पसंद है। दशक की सबसे बड़ी रेल दुर्घटना, मणिपुर संकट और महिला पहलवानों के गंभीर आरोपों को अनदेखा कर हम एक फिल्म 'आदिपुरुष' और गीता प्रेस, गोरखपुर को मिले पुरस्कार में उलझा दिए गए हैं। हिंदी की सबसे महंगी फिल्म बताई जा रही आदिपुरुष के पात्र रामायण से हैं और इसके संवादों से हर हिंदुस्तानी का दिल दुःख रहा है। अब की बार विचारों का ध्रुवीकरण नहीं है। एक स्वर में आदिपुरुष की आलोचना हो रही है जिसका एक कारण शायद फिल्म के संवाद लेखक की पृष्ठभूमि भी है। जिस दूसरी बहस में उलझ रहे हैं, वह है गीता प्रेस गोरखपुर को देश का प्रतिष्ठित गांधी शांति पुरस्कार दिया जाना। महात्मा गांधी के आदर्शों पर खरे उतरने वालों को यह पुरस्कार भारत सरकार 1995 से दे रही है लेकिन जूरी के एक सदस्य ने कह दिया है कि उन्हें अंधेरे में रखा गया है। जिन संस्थाओं को अब तक यह सम्मान मिला है उनमें रामकृष्ण मिशन, ग्रामीण बैंक, इसरो, सुलभ इंटरनेशनल आदि हैं। बेशक गीता प्रेस सौ साल से हिन्दू धर्म और उससे जुड़े ग्रंथों का लगातार प्रकाशन करती आ रही है, वह भी बिना किसी दान राशि को लिए लेकिन जिनके नाम पर इतना बड़ा पुरस्कार है और प्रकाशक खुद जीवित रहते हुए उनसे अपने मतभेद का जिक्र कर दे, क्या तब भी उस व्यक्ति के नाम का पुरस्कार उस संस्था को दिया जाना चाहिए? पुरस्कार महात्मा गांधी के नाम पर है और बापू की बड़ी बात यह रही कि वे अपना हर काम पारदर्शिता से करते थे। खुद को कठिन कसौटी पर कसते थे तब भी। उनके आलोचक भी उन्हीं के लिखे से प्रेरणा लेकर बड़ी-बड़ी पुस्तकें लिख गए हैं। कुछ ने ऐसी भी किताबें लिखी हैं कि नैतिक छवि बिगड़े और उनका चरित्र हनन किया जा सके। उनके ब्रह्मचर्य के नियम के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ। कुमार शुभमूर्ति ने उनके ब्रह्मचर्य पर लिखा है कि गांधी जी इसे व्यक्ति की शुद्धता का पैमाना मानते थे। 1947 के जनवरी महीने (अपनी हत्या से ठीक एक साल पहले) में मुस्लिम लीग के गढ़ और नफरती हिंसा की आग में जलते पूर्वी बंगाल के नोआखली इलाके में गंभीर चुनौती दिखी, मानो उनकी अहिंसा को हिंसा ललकार रही हो। उनका ध्यान तुरंत अपने ब्रह्मचर्य को और प्रभावी बनाने की ओर गया। ऐसा उन्हें लगा कि यह समय आत्मबल को ज्यादा से ज्यादा उठाने का समय है। मनु उनकी बेटी के समान है, यह बात जितनी सच है उससे भी ज्यादा सच यह है कि महात्मा गांधी मनु की मां के भी समान थे। इसे समझने के लिए मनु ने जो किताब लिखी है 'बापू मेरी मां' उसे पढ़ना और समझना आवश्यक है। गांधी के ब्रह्मचर्य के अनेक पहलू थे। सच बोलना, निर्भय होना, सर्वव्यापी प्रेम करना- यह सब उनके ब्रह्मचर्य में सिमट आता था। फिर यह बात हाथ आई कि किसी की काम भावना उसके बाहर नहीं वरन भीतर ही रहती है। ऐसे कई प्रयोग बापू ने अपने सत्य के साथ किए। क्या ही अच्छा होता कि बापू की यह शिक्षा महिला पहलवानों के बाहुबली आरोपी तक भी पहुंची होती। सच है कि गीता प्रेस गोरखपुर की पत्रिका 'कल्याण' में महात्मा गांधी के लेख भी प्रकाशित हुए हैं बल्कि 1926 में जब हनुमान प्रसाद पोद्दार जमनालाल बजाज के साथ कल्याण पत्रिका की अवधारणा को लेकर बापू से मिले तब बापू ने ही यह सलाह दी थी कि पत्रिका को कभी विज्ञापन का आधार बनाकर न चलाएं और न ही इसमें किताबों की समीक्षा छापें क्योंकि इश्तेहार हमेशा झूठे दावों के साथ आते हैं।

# गठजोड़ ने विपक्ष का उत्साह बढ़ाया

**किशन भावनानी गोंदिया**

**वैश्विक स्त**रपर पूरी दुनिया के लिए 23 जून 2023 का दिन यादगार माना जाएगा जिसमें दुनिया की महाशक्ति की टेक्नोलॉजी पावर तथा भारत की संभावना का जज्बा, संसाधनों का अंबार और युवा ह्यूमन शक्ति का अभूतपूर्व खजाना जब मिल जाए तो पूरे विश्व को कल्याण की राह पर ले जाया जा सकता है और दुनिया में भारत की साख प्रतिष्ठा और बल को महसूस किया जिस तरह भारत के 140 करोड़ जनसंख्या के प्रतिनिधि का 21 से 24 जून 2023 के शानदार स्वागत राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति से लेकर पूरी संसद द्वारा जिस तरह गर्मजोशी से उनका सम्मान और स्वागत किया गया उससे हर भारतवासी का सीना गर्व से चौड़ा हो गया है। दूसरी तरफ हमने भारतीय लोकतंत्र की खूबसूरती का एक महत्वपूर्ण उदाहरण पटना में 23 जून 2023 को निर्धारित महागठबंधन के लिए प्रस्तावित सभा के सकारात्मक परिणाम आए जब विपक्ष का दमदार गठजोड़ आखिर बन ही गया जो उसका उत्साह बढ़ाएगा और सत्ताधारी पक्ष को मुश्किलों से जरूर बढ़ाएगी क्योंकि यदि अधिकतम लोकसभा सीटों पर एक साझा उम्मीदवार उतारा गया जो पक्ष को मुश्किलों के सामने करने पड़ सकते हैं इसके लिए पहले से तैयार माननीय पीएम ने वैश्विक वाशिंगटन डीसी में अपनी उपलब्धियों का भंडारा पिटारा खोलकर 9 वर्षों का लेखा-जोखा बताया और उसके सम्मान में अमेरिकी संसद में संसद 15 बार सम्मान में उठने और 79 बार जोरदार तालियां बजाए जो रेखांकित करने वाली बात है क्योंकि 23 जून 2023 को जो महत्वपूर्ण बातें हुई इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे विपक्ष से कहा जानदार गठजोड़ बनाम वाशिंगटन डीसी से उत्साह ताबड़तोड़।

साथियों बात अगर हम पटना में 23 जून 2023 को हुए दमदार गठजोड़ की करें तो विपक्षी बैठक खत्म होने के बाद विपक्ष के नेताओं के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंससी ने कहा कि एक साथ चलने पर सहमति हुई है. अलगी बैठक कुछ ही दिन बाद करने का निर्णय लिया गया है।अलगी बैठक में सब कुछ तय कर लिया जाएगा।

## जमीन बटवारे को लेकर हुई मारमीट सात लोग घायल

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** रामपुर में जमीन में हिस्से बांट को लेकर हुई मारपीट एक ही परिवार सात लोग महिला व पुरुष हुए घायल पुलिस ने किया मामला दर्ज।

ये मामला मानिकपुर थाना/कोतवाली क्षेत्र के रामपुर कल्याणगढ़ का है। जहां दो भाइयों के परिवार के बीच काफी समय से चले आ रहे हैं घर व जमीन में हिस्से बांट के विवाद को आपस मे सुलझाने के लिए गांव के संभ्रांत व्यक्तियों के समक्ष समझौता किया जा रहा था तभी समझौते में रखी गई शर्तों से असंतुष्ट दोनों तरफ से गाली गलौज शुरू हो गई और मामला मारपीट तक पहुंच गया जहां दोनो पक्षो से जमकर चली लाठी-डंडों में एक पक्ष से दद्दूल पुत्र चुन्ना, चुन्ना पुत्र आनंदी, नथिया पत्नी दद्दुल तो दूसरे पक्ष से रानी पत्नी विद्यासागर, विद्यासागर पुत्र चुन्ना, पृथ्वीराज पुत्र विद्यासागर व क्रांति पुत्री विद्यासागर मारपीट में घायल हो गए हैं। वही मामले की सूचना विद्यासागर द्वारा पीआरबी 112 को दी गई है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पीआरबी 112 पुलिस द्वारा सभी घायलों को मानिकपुर कोतवाली लेकर पहुंची है, जहां पुलिस द्वारा मामला दर्ज करते हुए सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल कराया है।

## किसानों से एमएसपी खरीद के नाम पर हुआ धोखा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाकियू जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि सरकार की मंशानुसार जिला प्रशासन ने दलहन व तिलहन की एमएसपी पर खरीद को दो दुकाने किसानों को सौगात में दी, लेकिन एमएसपी पर किसानों की खरीद न कर जिला प्रशासन ने अपनी पीठ थपथपा ली है।

शनिवार को भाकियू जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि किसानों की सरसों की फसल नही खरीदी गई। 24 मई के किसान दिवस पर जिलाध्यक्ष की मांग पर बारदाना का मुद्दा उठाया गया। 28 मई तक पीसीएफ केन्द्रों पर बारदाना नही थे। बारदाना न होने पर किसानों को लौटाया जा रहा था। 20 दिन में खरीद पूरी कर टारगेट पूरा करने का स्वांग रचा जा रहा है। पीसीएफ प्रबन्धक से फोन पर बात करने पर बताया कि अब किसानों का सरसो नहीं लिया जाएगा। जहां तीन माह का समय खरीद को कम पड जाता था, वहां 20 से 25 दिन में खरीद पूरी कर ली गई। पीसीएफ प्रबन्धक व डिप्टी आरएमओ ने थोक में माल खरीदकर सरकार का टारगेट पूरा करने में जुटे हैं, लेकिन किसानों को उनके फसल की एमएसपी कीमत नही मिल रही है। अधिकारियों के सीयूजी नम्बर भी बन्द रहते हैं।

## अधिवक्ता संघ ने कार्य बहिष्कार लिया वापस

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** वकालत की हनक और भौकाल में रहकर आम लोगो को डराने वाले अधिवक्ता और स्कूल प्रबंधक अशोक गुप्ता का सबने छोड़ा साथ। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के निर्देश पर अशोक गुप्ता की प्रॉपर्टी पर चल रहे ध्वस्तीकरण कार्य पर जहां एक ओर बार एसोसिएशन ने कार्य बहिष्कार का आहवान किया था, लेकिन बार एसोसिएशन के सचिव ने जारी पत्र में कहा कि प्रशासन अपने स्तर पर कार्य करें। वे बहिष्कार की बात को वापस लेते हुए सुचारू ढंग से सभी अधिवक्ता कार्य करेंगे। ऐसे में अब अधिवक्ता अशोक गुप्ता पूरी तरह अलग-थलग पड़ गए हैं। खुद को शर्म से तार-तार होता देख कमरे में कैद कर तन्हाई की आगोश में चले गए हैं। फिलहाल विकास प्राधिकरण का पंजा शेर के पंजे की तरह अशोक गुप्ता की गर्दन तक पहुंचता जा रहा है।

## पुलिस ने की युवक पर गुण्डाएक्ट की कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी नागेन्द्र कुमार नागर ने भोलीभाली जनता में भय व आंतक फैलाकर गुण्डागर्दी करने वाले छोटेलाल पुत्र सुखनन्दन यादव निवासी ओरा थाना पहाड़ी के खिलाफ थ्री यूपी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। इससे अपराधी तत्वों में खलबली मची है।

## खनिज विभाग ने अभियान चलाकर किया आटा-इटौरा मार्ग पर 32 ट्रकों के चालान व 6 सीज

**उरई(जालौन)।ओवरलोडिंग** व अवैध परिवहन को लेकर खनिज विभाग की टीम ने उपजिलाधिकारी कालपी की मौजूदगी में शुक्रवार को सघन चैकिंग अभियान चलाया। आटा इटौरा मार्ग पर चलाए गए इस चैकिंग अभियान में 32 ट्रकों का चालान किया गया, वहीं 6 ट्रक मौके पर सीज किये गए। जिले में मौरंग के अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग की मिल रही शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने खनिज विभाग को इन पर लगाम लगाए जाने के निर्देश दिए थे।

शुक्रवार को उपजिलाधिकारी कालपी केके सिंह की मौजूदगी में खनिज इंस्पेक्टर मुकेश मिश्रा और परिवहन विभाग की टीम ने आटा इटौरा मार्ग पर चैकिंग अभियान चलाया। जहां मौरंग का अवैध रूप से परिवहन करते 32 ट्रकों के चालान किये गए। वहीं 6 ट्रकों के पास खनन के वैध प्रपत्र न मिलने पर उन्हें सीज किया गया।

## दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार युवक गंभीर रूप से घायल

**नगीना। दो अलग**-अलग सड़क हादसों में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएससी लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।। घटना से घायलों के परिजनों में कोहराम मचा है।

कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम मिजार्पुर निवासी अभिषेक पुत्र बाबूराम 18 वर्ष गांव के ही अपने दोस्त विवेक पुत्र मुन्ना सिंह 19 वर्ष के साथ बाइक से हरिद्वार से वापस लौट रहा था उनके साथ दिग्विजय सिंह पुत्र प्रीतम सिंह 23 वर्ष भी हरिद्वार की दिशा से अपनी बाइक से आ रहा था जब वह शुक्रवार की पूर्वाहन 11:30 नगीना नजीबाबाद मार्ग स्थित ग्राम बूंदकी शुगर मिल के पास पहुंचे तभी अचानक दोनों की बाइक के आपस में भिड़ गई जिसमें उपरोक्त तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए सीएससी लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिंताजनक हालत में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

उधर एक अन्य घटना में धामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सरकडा चक्रजमल निवासी कृष्ण पाल सिंह पुत्र रामस्वरूप 43 वर्ष शुक्रवार की दोपहर 12:30 बजे बाइक से कुछ सामान देने नगीन आ रहा था जब वह फोर लाइन बाईपास सेंट मैरी स्कूल के चौराहे पर पहुंचा पीछे से आ रही शादी की सजावट से सजी एक कार ने उसे टक्कर मार दी जिससे कृष्ण पाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को राहगीरों ने उपचार के लिए सीएससी पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे बिजनौर के लिए रेफर कर दिया गया

घटना की सूचना घायलों के परिजनों को फोन द्वारा दी गई परिजन यहां सीएसपी पहुंचे थे घटना से घायलों के परिजनों में कोहराम मचा है।

# राष्ट्र कल्याण को समर्पित मोदी सरकार कर रही काम: सांसद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ वर्ष पूरे होने पर जनसम्पर्क अभियान के तहत बांदा लोकसभा विकास तीर्थ अवलोकन कार्यक्रम हुआ।

शनिवार को विकास तीर्थ अवलोकन कार्यक्रम में बांदा जिलाध्यक्ष संजय सिंह की अगुवाई में कार्यकर्ता काफिले के साथ बांदा से बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे से होते हुए ग्राउण्ड जीरो के समीप टोल प्लाजा पर आए। टोल प्लाजा पर चित्रकूट के भाजपा कार्यकर्ताओ ने जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे की अगुवाई में बांदा से आए सभी कार्यकर्ताओ का फूलमाला से स्वागत किया। कार्यकर्ताओ ने विकास तीर्थों का भ्रमण किया। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे से लेकर चित्रकूट हवाई अड्डा जाकर कार्यकताओं ने भाजपा की डबल इंजन सरकार की विकासात्मक गतिविधियों का अवलोकन किया। सांसद आरके पटेल ने कहा कि पिछले नौ वर्ष में मोदी सरकार ने देश का मान बढ़ाया है। जन कल्याण और राष्ट्र कल्याण को समर्पित होकर भाजपा की मोदी सरकार काम कर रही है। पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र ने कहा कि समाज का सहयोग और समर्थन मजबूती के साथ भाजपा की मोदी सरकार कर रही है। भाजपा निरन्तर विस्तार कर रही है। जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे ने कहा कि मोदी सरकार के ऐतिहासिक प्रयास से भारत सशक्त हुआ है। भारत का विकास भारत के सशक्तिकरण की गाथा गा रहा है। जिला महामंत्री



आलोक पाण्डेय ने कहा कि आधारभूत संरचनात्मक विकास से लेकर गरीब कल्याण तक, महिला कल्याण से युवा कल्याण तक, कृषि व कृषक कल्याण से लेकर औद्योगिक विकास तक, आंतरिक सुरक्षा से लेकर रक्षा निर्यात तक भारत का यह विकास जन-जन के एक वोट की ताकत से हासिल हुआ है। जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी ने कहा की कार्यकर्ताओ की ओर से मोदी सरकार के विकासात्मक प्रयासों की मुक्त कंठ से सराहना की। इस मौके पर रंजना उपाध्याय, अरविन्द मिश्रा, लवकुश चतुवेर्दी, तीरथ तिवारी, हरिओम करवरिया, बाबूलाल पटेल, दिनेश तिवारी, भागवत त्रिपाठी, रवि गुप्ता, रामेन्द्र गौतम, विवेकानन्द गुप्ता, ममता मिश्रा, विनोद जैन, आशीष पाण्डेय, अनूप त्रिपाठी, आदित्य, अजय पटेल, विकास, अखिलेश, राघव, शक्ति सिंह तोमर, शिवाकांत पाण्डेय, प्रेमलाल, सुरेश अनुरागी, राजकुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# जंगलों में फिर से पनप रहे डकैत

## 50 जवानों की पांच टीमें कर रही कॉम्बिंग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के मप्र-उप्र सीमा पर डकैत फिर सिर उठाने लगे हैं। पठारनुमा इन पहाड़ियों का स्थानीय नाम पाठा है। जिले का मानिकपुर, बहिलपुरवा और मारकुंडी थाना क्षेत्र व बांदा जिले का फतेहगंज तथा चित्रकूट का भरतकूप थाना क्षेत्र दस्यु प्रभावित इलाकों में सबसे संवेदनशील है। मप्र क्षेत्र में विधानसभा चुनाव आते ही डकैतों की धमाचैकड़ी शुरू हो गई है।



बता दें कि पाठा के इन बीहड़ों में डकैती का इतिहास तीन दशक पुराना है। यहां डकैत शिवकुमार पटेल उर्फ ददुआ आतंक का पर्याय बनकर बहुत पहले सामने आया था। इसके बाद अंबिका पटेल उर्फ ठोकिया उर्फ डॉक्टर ने भी यहां डकैती की कई वारदातों को अंजाम दिया। 22 जुलाई 2007 को स्पेशल टास्क फोर्स ने ददुआ को मार गिराया था। इसके साल भर बाद चार अगस्त 2008 को ठोकिया को भी मौत के घाट उतार दिया गया। ठोकिया के बाद इस गैंग की कमान सुंदर पटेल उर्फ रागिया ने संभाली। इस गैंग के दो मुख्य सदस्य बलखडिया और राम सिंह गौड़ थे। 25 दिसंबर 2011 को मप्र पुलिस ने मारकुंडी में रागिया को भी मार गिराया। 16 सितंबर को सात लाख का इनामी डकैत बबली व उसका दाहिना अंग लवलेश को लेदरी जंगल में मप्र पुलिस ने मार गिराया था। इन डकैतों के सफाया के बाद पांच लाख 50 हजार का इनामी डकैत गौरी यादव जंगल में एक छात्र राज कर रहा था। इसको उप्र एसटीएफ टीम अभिताभ एस की अगुवाई में 30 अक्टूबर 2021 में बहिलपुरवा के जंगल में मार गिराया था।

इसके बाद डकैतों का आतंक जंगलों से खत्म हो गया था, लेकिन अब फिर से पनपना शुरू हो गया है। चित्रकूट एसडीओपी आशीष जैन ने बताया कि डकैतों की सूचना पांच दिन पहले मिली थी। इसके लिए 50 जवानों की पांच टीम बनाकर जंगलों में कॉम्बिंग के लिए उतारा गया है।

उन्होंने कहा कि अभी यह डकैत उप्र की सीमा पर विचरण कर रहे हैं। बांदा जिले के फतेहगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत घटनाओं को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि सूचना मिली है कि सात डकैत जंगलों में गए हैं। इनके पास पुराने असलहे और कुछ पुराने डकैतों के सदस्य भी बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश पुलिस लगातार कर रहे। उधर, उप्र की सीमा पर एसओजी टीम ने भी डकैतों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। जंगलों में काम में शुरू हो गई है।

## कार ने मोटरबाइक पर मारी टक्कर, दो की मौत



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में मोटरबाइक व चारपहिया वाहन की टक्कर में दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को जिला अस्पताल भेजा है।

ये पूरा मामला रैपुरा थाना क्षेत्र का है। रैपुरा थाना क्षेत्र के भौरी गांव का अखिलेश उर्फ आशू (22) पुत्र विशाल विश्वकर्मा व दोस्त रामनरेश (21) पुत्र रज्जू की तेज रफ्तार चारपहिया वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई है। बताया गया कि अखिलेश व रामनरेश मोटरबाइक से जिला अस्पताल कुत्ते के काटने का टीका लगवाने आ रहे थे। तभी रास्ते में ब्यूर गांव के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। जहां बाइक सवार दोनों युवको की मौके में मौत हो गई। दोनों युवकों की मौत की खबर सुन दोनों मृत युवक के घरों में कोहराम मच गया।

परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को शांत कराया। दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

# पुलिस ने दबोचे चार शराब कारोबारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल की अगुवाई में चैकी प्रभारी शिवरामपुर दरोगा रजोल नागर की टीम ने पुष्पराज पुत्र बच्चू प्रसाद निवासी तरांव थाना भरतकूप के कब्जे से 20 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। इसके खिलाफ कोतवाली कर्वी में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम दरोगा रजोल नागर, सिपाही नरेन्द्र कुमार व सिपाही अमित कुमार शामिल रहे।



इसी क्रम में कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी की अगुवाई में चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग दरोगा प्रवीण सिंह की टीम ने फूलचंद पटेल पुत्र हीरालाल पटेल निवासी लुढ़वापुरवा मजरा छपरामाफी के कब्जे से 26 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। इसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा प्रवीण सिंह व सिपाही रवीन्द्र कुमार शामिल रहे।

प्रभारी निरीक्षक राजापुर भाष्कर मिश्र की अगुवाई में दरोगा काशीनाथ यादव की टीम ने नसीम आलम पुत्र जमालुउद्दीन निवासी हुसईपुरवा के कब्जे से 15 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। इसके खिलाफ राजापुर थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा काशीनाथ यादव व सिपाही अंकित शुक्ला शामिल रहे।

प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा दिनेश कुमार पाण्डेय की टीम ने आशीष पुत्र शिवपूराण मिश्र निवासी ओरा पहाड़ी के कब्जे से 35 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। इसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा दिनेश कुमार पाण्डेय व सिपाही अतुल मिश्रा शामिल रहे।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मऊ थाने के मोहिनी गांव में एक युवक ने घर मे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर मऊ पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।ये घटना शनिवार को सवेरे सात बजे हुई। बताया गया कि मोहनी गांव निवासी रामकल्याण का बेटा राहुल शुक्ला (24) का शव सुबह फंदे पर लटका मिला तो परिजनों के होश उड़ गए। परिजनों में चीख-पुकार मच गयी। बदहवास परिजन जो जिस स्थित मे था वह घटना स्थल की ओर दौड़ पड़ा। घटना से मोहनी गांव में सन्नाटा पसर गया। घटना की सूचना पर मऊ पुलिस मौके पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। राहुल ने क्यों खुदकशी की इस मामले को लेकर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है, लेकिन अभी तक इस मामले मे खुलासा नहीं हो सका है। बेटे की मौत पर मां जानकी बदहवास हो गयी है और दहाड़े मार-मार कर रो रही है। घटना के बाद आलम यह है कि गमगीन परिजनों में दुख का पहाड़ टूट गया है। एक-दूसरे को सहारा देने के बजाय दिनभर चीखने-चिल्लाने व रोने की आवाजें गांव मे गूंजती रही। मृतक रहुल दो भाई और दो बहन थे। भाई के जाने के गम मे सभी का रो-रो कर बुरा हाल है।

# मेडिकल-इलेक्ट्रॉनिक दुकान में लगी आग से लाखों की क्षति

## फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर पाया काबू

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर कस्बे में शार्ट सर्किट से इलेक्ट्रॉनिक व मेडिकल स्टोर में भीषण आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि अंदर रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। पूरी घटना बीती रात दो बजे हुई। विद्युत पोल से लगी आग ने दुकान को जलाकर राख कर दिया।



मानिकपुर कस्बे के सुभाष नगर में अग्रवाल मेडिकल स्टोर नाम से संचालित इलेक्ट्रॉनिक दवाई की दुकान में उस समय आग लग गई, जब दुकान मालिक अपनी दुकान बंद कर घर में सोए हुए थे। देर रात घर में धुआ उठता दिखा। उन्होंने परिजनों के साथ ऊपर छत में चढ़कर देखा तो उनकी दुकान में आग लगी थी। दुकान मालिक ने बताया कि दुकान में आग लगी देखकर वह दूसरे की छत जाकर बाहर आए। इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। आसपास के लोगों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया।

सूचना के बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि दोनों दुकानों में आग लगने के बाद दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया है। दुकान मालिक का लाखों रुपए की क्षति हुई है। पुलिस व राजस्व टीम ने मौके पर जाकर पीड़ित परिवार का धैर्य बंधाया। वहीं स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग की कार्य प्रणाली पर आक्रोश व्यक्त किया है।

## दर्जन भर अधिकारियों के जून माह के वेतन पर रोक लगा मांगा स्पष्टीकरण

**उरई(जालौन)। आई0जी**0आर0एस0 व जनसुनवाई के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले 12 अधिकारियों पर जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने जून माह के वेतन आहरण पर रोक व स्पष्टीकरण मांगा गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0जी0आर0एस0 व जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में हैं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। जनसुनवाई में विभागीय अधिकारियों द्वारा शत-प्रतिशत निस्तारण में लापरवाही करने वाले अधिकारी मुख्य चिंकित्साधिकारी, उपजिलाधिकारी माधौगढ़, तहसीलदार उरई, तहसीलदार माधौगढ़, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका उरई, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत प्रथम, अधिशाषी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, खण्ड विकास अधिकारी कदौरा, अधिशाषी अभियन्ता नलकूप, आर0आर0के0, ए0आर0ए0 आदि का वेतन लम्बित प्रकरणों के अन्तिम रूप से निस्तारण होने तक वेतन रोक दिया गया हैं, साथ ही स्पष्टीकरण मांगा गया। उन्होने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आई0जी0आर0एस0 व जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक व ससमय निस्तारण किया जाये, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# बिजली विभाग के खिलाफ निकाली गई शव यात्रा

**बलिया। आज** आम आदमी पार्टी बलिया इकाई के द्वारा प्रदेश प्रभारी संजय सिंह जी के आह्वान पर बिजली विभाग की शव यात्रा भारी बिजली कटौती के विरुद्ध बलिया चौक में गांधी स्मारक से जिलाधिकारी कार्यालय तक निकाली गई और मुख्यमंत्री को जिलाधिकारी के माध्यम से पत्रक भेजा गया।

जिलाध्यक्ष सुशांत राज भारत ने कहा कि प्रदेश में बिजली की अघोषित कटौती हो रही है.जनता बिजली कटौती से त्राहिमाम कर रही है. पूरे प्रदेश में बिजली कटौती का संकट लोग झेल रहे हैं। गर्मी की वजह से अस्पतालों में लोग भर्ती हो रहे हैं और मौतें हो रही हैं । अकेले बलिया में सैकड़ों लोगों की मौतें हो चुकी हैं।अस्पतालों में भर्ती मरीज गर्मी से बेहाल होकर भाग रहे हैं और गर्मी के कारण तमाम बीमारियों का शिकार हो रहे हैं।. ये बेहद दुर्भाग्य है कि 21वी सदी में लोगों को बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकता की पूर्ति नहीं हो रही है. बिजली आपूर्ति न होने की वजह से गर्मी के कारण लोगों की मौत हुई है ये मौत नहीं हत्या है। लोगों की मौतों पर भाजपा के मंत्री बलिया विधायक संवेदनहीन बयान दे रहे हैं ये दुःखद है।

वहीं दूसरी तरफ दिल्ली की केजरीवाल सरकार बिना कटौती 24 घंटे बिजली दिल्ली की जनता को उपलब्ध करा रही है. उत्तर प्रदेश की जनता योगी सरकार से जानना चाहती है कि जब दिल्ली की जनता को मुफ्त और बिना कटौती 24 घंटे बिजली उपलब्ध हो सकती है तो उत्तर प्रदेश की जनता को देश में सबसे महंगी और बिना कटौती 24 घंटे बिजली क्यों नहीं उपलब्ध हो पा रही है ? जबकि भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश की जनता को मुफ्त और 24 घंटे बिजली देने का वादा किया था आखिर यह वादा जुमला क्यों हो गया? जनता जानना चाहती है।

प्रदेश सचिव महिला प्रकोष्ठ उषा राय ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में 27000 मेगावाट बिजली की जरूरत है, और मात्र 4 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है. 23 हजार मेगावाट बिजली बाहर से खरीदी जा रही है.उसके बाबजूद 10- 12 घंटे की बिजली कटौती होती है.।अघोषित बिजली कटौती से लोग बेहद परेशान है।

# विदेश संदेश

## वैगनर ग्रुप ने कब्जाए रूस के शहर तो यूक्रेन ने उड़ाया मजाक, कहा- या तो प्रिगोझिन की हार होगी या...

**कीव।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से गुस्साए वैगनर ग्रुप के प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन ने देश के कई शहरों पर कब्जा कर लिया है। जब इस बात की खबर यूक्रेन को लगी तो राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के एक वरिष्ठ सहयोगी ने मजाक उड़ा दिया। उन्होंने कहा कि ये तो बस शुरुआत है। दरअसल, यूक्रेन युद्ध के बीच रूस के लिए एक नई मुसीबत खड़ी हो गई है। रूस की तरफ से यूक्रेन में लड़ रहे किराए के लड़ाकों के समूह वैगनर ग्रुप ने अब रूसी सेना के खिलाफ ही लड़ाई छेड़ दी है। इसे लेकर रूस ने मॉस्को में आपात कदम उठाए हैं और आतंक-निरोधी नियमों का एलान कर दिया है। इसी को लेकर जेलेंस्की के वरिष्ठ सहयोगी मायखाइलो पोडोल्याक ने कहा कि रूस में तो यह बस अभी शुरुआत है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों में से किसी एक की हार पक्की है। अधिकारी ने कहा कि या तो इस लड़ाई में प्रिगोझिन की हार होगी या उसके विरोधी टीम की। उन्होंने कहा कि दोनों वर्गों के बीच में लड़ाई होना स्पष्ट है। अब दिखावा करने का कोई फायदा नहीं है कि सबकुछ ठीक है या ठीक हो जाएगा। किसी की हार पक्की है।

**यह है मामला**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए एक नई मुसीबत खड़ी हो गई है। उनकी निजी मिलिशिया वैगनर ग्रुप ने विद्रोह करने का फैसला ले लिया है। वैगनर ग्रुप और रूस की सेना के बीच तनाव पैदा हो गया है। रूस से जुड़े लड़ाकू समूह के सरगना येवगेनी प्रिगोझिन ने मॉस्को को दंडित करने और बदला लेने की कसम खाई है। दरअसल, यूक्रेन में वैगनर ट्रेनिंग कैंप पर मिसाइल हमले के लिए प्रिगोझिन ने क्रेमलिन को दोषी ठहराया है। इस हमलें में दर्जनों वैगनर लड़ाकू मारे गए थे। अब समूह के सरगना ने बदला लेने की ठान ली है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एक वीडियो में 62 वर्षीय येवगेनी प्रिगोझिन ने देश के नेतृत्व को उखाड़ फेंकने के लिए बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात करने की कसम खाई।

## सरकार ने कहा- समाचारों के लिए पैसे दें गूगल-फेसबुक, मेटा का जवाब- देश के यूजर्स को नहीं देंगे खबरें

**टोरंटो।** कनाडा में अब इंटरनेट दिग्गजों को वहां के समाचार प्रकाशकों को पैसा देना पड़ेगा। वे मुफ्त में उनके समाचार नहीं दे सकेंगे। उधर, संसद द्वारा अनुमोदित कानून लागू होने के बाद मेटा प्लेटफॉर्म इंक ने देश में यूजरों के लिए फेसबुक, इंस्टाग्राम पर समाचारों तक पहुंच खत्म करने की योजना बनाई है। जबकि ऑनलाइन समाचार अधिनियम नामक कानून को सीनेट ने मंजूरी दे दी है और गवर्नर जनरल से मंजूरी के बाद यह कानून बन जाएगा। यह कानून कनाडाई मीडिया उद्योग की शिकायतों के बाद प्रस्तावित किया गया था, जो तकनीकी कंपनियों का सख्त विनियमन चाहता है। इससे समाचार व्यवसायों को ऑनलाइन विज्ञापन बाजार से बाहर करने से रोका जा सकेगा।

इस बीच, मेटा ने कहा कि वह कनाडा में सभी यूजरों के लिए फेसबुक और इंस्टाग्राम पर समाचार देना बंद कर देगा। यह अधिनियम फेसबुक और अल्फाबेट के गूगल जैसे प्लेटफार्मों को वाणिज्यिक सौदों पर चर्चा करने व समाचार प्रकाशकों को उनकी सामग्री के लिए भुगतान करने को मजबूर करने की रूपरेखा तैयार करता है। यह 2021 में ऑस्ट्रेलिया में पारित एक अभूतपूर्व कानून के समान एक कदम है।

## 'भारत अपनी पसंद से खरीद सकता है तेल', किर्बी ने कहा-हिंदुस्तान में अपने दम पर चीन का सामना करने की क्षमता

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों अमेरिका दौरे पर हैं। शनिवार को व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि भारत के लिए चीन भले एक चुनौती है, लेकिन भारत अपने दम पर चीन का सामना करता है। एक दिन पहले राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन ने पीएम मोदी के लिए राजकीय रात्रिभोज का आयोजन किया था।व्हाइट हाउस राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के रणनीतिक संचार समन्वयक ने पीएम मोदी की आधिकारिक यात्रा के संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। इस दौरान जॉन किर्बी ने कहा कि भारत को तेल खरीदने के लिए अपनी पसंद खुद चुननी होगी। हम उम्मीद करते हैं कि भारत मूल्य सीमा पर या उससे नीचे ही रूसी तेल खरीदे। जैसा वह पहले से ही कर रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की यह राजकीय यात्रा चीन के बारे में नहीं थी। बल्कि यह यात्रा भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों के महत्व के बारे में दोनों देशों के नागरिकों को संदेश देने के लिए थी। सच कहूं तो, भारत के सामने चीन एक बड़ी चुनौती है। लेकिन भारत अपने दम पर चीन का सामना करने का दम रखता है।

# मोदी को बाइडन ने उपहार में दी खास टी शर्ट, लिखा है 'द फ्यूचर इज एआई अमेरिका एंड इंडिया'

**वाशिंगटन।** भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेरिका की यात्रा समाप्त कर चुके हैं। भारतीय प्रधानमंत्री की इस अमेरिका यात्रा से दोनों देशों के रिश्ते मजबूत हुए हैं। इसका प्रमाण अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया गया अनोखा उपहार भी है, जिस पर लिखा है कि भविष्य एआई ही है और एआई का मतलब है अमेरिका और इंडिया।

भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा में राष्ट्रपति से लेकर आम अमेरिकी नागरिक तक ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया है। अपनी यात्रा के अंतिम दौर में मोदी और बाइडन ने भारतीय-अमेरिकी कंपनियों के मुख्य अधिशासी अधिकारियों (सीईओ) के साथ एक बैठक की। इस बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक विशेष टी-शर्ट गिफ्ट की, जिस पर लिखा है, द फ्यूचर इज एआई यानी 'एआई भविष्य है।' साथ ही इसके नीचे अंग्रेजी में अमेरिका और इंडिया लिखा है। जब राष्ट्रपति बाइडन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को टी-शर्ट गिफ्ट की, उस समय माइक्रोसॉफ्ट के



सीईओ सत्या नडेला, महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा, एप्पल के सीईओ टिम कुक और विदेश मंत्री एस जयशंकर समेत कई दिग्गज कार्यक्रम में उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने ट्विटर पर उपहार की तस्वीर साझा की और लिखा, 'भविष्य एआई का है, चाहे वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हो या अमेरिका-भारत!' प्रधानमंत्री मोदी ने आगे लिखा कि जब हम एक साथ मिलकर काम करते हैं तो हमारे राष्ट्र मजबूत होते हैं। साथ ही पूरी दुनिया को फायदा पहुंचता है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए अमेरिका और इंडिया को एआई के रूप में संदर्भित किया था और कहा था कि भविष्य एआई का है और एक एआई, अमेरिका-इंडिया भी है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच दोस्ती को प्रगाढ़ करना हमारी प्रतिबद्धता है। पिछले कुछ वर्षों में एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में काफी प्रगति हुई है। साथ ही, दूसरे एआई यानी अमेरिका और इंडिया में और भी महत्वपूर्ण विकास हुए हैं। इस तरह प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका और भारत के बीच तकनीकी सहयोग को प्रदर्शित करने के लिए एक नया संक्षिप्त नाम संदर्भित किया।

## अमेरिका ने फिर किया संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह (एनएसजी) में भी भारत की सदस्यता का समर्थन किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन ने भारत के महत्वपूर्ण योगदान, बहुपक्षवाद के प्रति प्रतिबद्धता और सुरक्षा परिषद सुधारों पर अंतरसरकारी वार्ता प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी को देखते हुए भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता देने का समर्थन किया है। उन्होंने वर्ष 2028-29 के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के गैर-स्थायी सदस्य के रूप में भारत की उम्मीदवारी का स्वागत किया है। भारत और अमेरिका द्वारा जारी संयुक्त बयान में दोनों देशों ने



बहुपक्षीय प्रणाली को एकतरफा नष्ट करने के किसी भी प्रयास का मुकाबला करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

बयान में कहा गया है कि अमेरिका संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी और अस्थायी, दोनों तरह के सदस्यों की संख्या बढ़ाने का समर्थन करता है। संस्था को और अधिक समावेशी बनाया जाना चाहिए ताकि वह आज की दुनिया की जरूरतों को अच्छे तरीकों से पूरा कर सके। इस विचार को साझा करते हुए बाइडन ने संशोधित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के लिए अपना समर्थन दोहराया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पारमाणु आपूर्तिकर्ता समूह में भी भारत को सदस्य बनाने का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि इससे दुनिया में संतुलन स्थापित होने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि यदि भारत परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह का सदस्य बन जाता है तो अमेरिका के साथ 2008 के समझौते के तहत इसकी यूरेनियम तक पहुंच वर्तमान की तुलना में अधिक होगी। इसके अलावा भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए अन्य देशों से यूरेनियम आयात करने में सक्षम होगा।

## नेपाल में हिन्दू स्वयंसेवक संघ का 20 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न

**काठमांडू।** हिंदू स्वयंसेवक संघ नेपाल का 20 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग गुरुवार को संपन्न हुआ। पूरे नेपाल से आए स्वयंसेवकों ने सप्तरी जिले के भरदाह में 20 दिनों तक आवासीय प्रशिक्षण लिया। संघ के




अनुसार प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु स्वयंसेवकों को शारीरिक, सामाजिक, वैचारिक और बौद्धिक प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह कमें मुख्य अतिथि के रूप में भारत से आए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख आलोक कुमार मौजूद रहे। पूरे नेपाल से आये स्वयंसेवकों ने 20 दिनों तक एक ही स्थान पर रहकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण सुबह 5ः00 बजे शारीरिक व्यायाम, संघ शाखा, खेल के साथ शुरू हुआ और दिनभर विभिन्न विषयों पर बौद्धिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिदिन राष्ट्र, राष्ट्रीयता, देशभक्ति, धर्म, संस्कृति एवं अध्यात्म जैसे विषयों पर चर्चा होती थी। वहीं शाम को पुनः संघ शाखा एवं शारीरिक कौशल का प्रशिक्षण दिया जाता था।

इस 20 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग में केवल वही विद्यार्थी भाग ले सकते हैं जो हिंदू स्वयंसेवक संघ की नियमित शाखा में आते हैं और सात दिवसीय प्राथमिक शिक्षा वर्ग में प्रशिक्षित हैं।

## रूस के रोस्तोव शहर पर 'वैगनर' का कब्जा, प्रिगोझिन की बगावत पर पुतिन देश को संबोधित करेंगे

**मॉस्को।** यूक्रेन से युद्ध लड़ रहे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ रूस के प्राइवेट मिलिट्री ग्रुप 'वैगनर' ने तख्तापलट का ऐलान किया है। 'वैगनर' के चीफ येवगेनी प्रिगोझिन हैं। प्रिगोझिन को पुतिन का सबसे भरोसमंद करीबी माना जाता है। 'वैगनर' के सैनिकों ने रूस के शहर रोस्तोव पर कब्जा कर लिया है। इस बगावत पर राष्ट्रपति पुतिन टेलीविजन पर देश को संबोधित करेंगे।

'वैगनर' के सैनिक पुतिन को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए राजधानी मॉस्को की तरफ तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। उन्हें रोकने के लिए रूसी सेना तैनात की गई है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने प्रिगोझिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। येवगेनी प्रिगोझिन ने बगावत कर टेलीग्राम चैनल में पुतिन का तख्ता पलटने की घोषणा की है। इस धमकी के बाद रूसी सेना ने सड़कों पर टैंक उतार



दिए हैं। एक समय वैगनर को पुतिन की प्राइवेट आर्मी कहा जाता था।

रूस के संघीय सुरक्षा सेवा प्रेस कार्यालय ने कहा कि प्रिगोझिन की धमकी की गंभीरता को देखते हुए सख्त कदम उठाए गए हैं। 'वैगनर' के जवानों को प्रिगोझिन के आदेशों का पालन न करने और उसे हिरासत में लेने का भी आह्वान किया गया है। रूस के रक्षा मंत्रालय का कहना है कि कीव ने प्रिगोझिन की धमकी का फायदा उठाया है। यूक्रेन ने आक्रामक कार्रवाई के लिए 35वीं और 36वीं मरीन ब्रिगेड की सेनाओं को बखमुत दिशा पर केंद्रित कर दिया है।क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को प्रिगोझिन के आसपास की स्थिति के बारे में सूचित किया गया है। आवश्यक सभी उपाय किए जा रहे हैं। रूस की राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी समिति ने घोषणा की कि प्रिगोझिन के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह के आह्वान के आरोप में आपराधिक मामला शुरू होगा। इस मामले में वैगनर के संस्थापक को 12 से 20 साल तक की जेल हो सकती है। रूसी संघीय सुरक्षा सेवा प्रेस कार्यालय ने कहा कि प्रिगोझिन ने पीठ में छुरा घोंपा है। इस मसले पर रूसी संयुक्त बलों के उप कमांडर सर्गेई सुरोविकिन ने वैगनर से राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आदेश का पालन करने और सभी मुद्दों को शांतिपूर्वक हल करने का आह्वान किया है।

## नेपाल में प्रचंड सरकार को गिराने की कोशिश

**काठमांडू।** नेपाल में प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार को गिराने की कोशिशें की जा रही हैं। सरकार में शामिल सीपीएन यूनाइटेड सोसलिष्ट पार्टी के चेयरमैन माधव कुमार नेपाल ने खुलासा किया कि सरकार को उखाड़ फेंकने की कोशिशें चल रही हैं। काठमांडू में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में बोलते हुए पूर्व प्रधान मंत्री नेपाल ने टिप्पणी की कि सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली सरकार को गिराने में सक्रिय है। ओली ने नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा पर उन्हें प्रधानमंत्री पद का प्रस्ताव देकर सरकार गिराने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

देउबा इलाज के लिए सिंगापुर में हैं। नेपाल में चर्चा चल रही है कि वह सरकार का विकल्प तलाशने के लिए सिंगापुर में बैठकें कर रहे हैं। संसद में सीपीएन (यूएमएल) के सचेतक महेश बर्तौला ने शुक्रवार को मीडिया के सवाल के जवाब में दावा किया कि सरकार कुछ ही दिनों में गिर जायेगी। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार का विकल्प खोजा जाए। प्रचंड सरकार नेपाली कांग्रेस के समर्थन से बनी थी। अगर नेपाल की संसद में पहली पार्टी कांग्रेस और दूसरी पार्टी यूएमएल की बैठक हो जाए तो संसद में उनके पास स्पष्ट बहुमत होगा और उनकी सरकार बनेगी।

## रिपब्लिकन नेता ने मोदी से कहा, नौकरशाही की बाधाओं को दूर करना जरूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट में रिपब्लिकन पार्टी के नेता मिच मैक्कॉनेल ने भारत के प्रधानमंत्री

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

व्यापार और बुनियादी मूल्यों से कहीं अधिक साझा करते हैं। हम



हिन्द प्रशांत क्षेत्र को स्वतंत्र और खुला रखने में रुचि रखते हैं और हम आम चुनौतियों का सामना करते हैं। भारत चीन के आक्रामक व्यवहार को प्रत्यक्ष रूप से समझता है। हमारे अन्य क्वाड साझेदारों, ऑस्ट्रेलिया और जापान की तरह भारत ने बढ़ते रक्षा औद्योगिक आधार में निवेश करना जारी रखा है।

मैक्कॉनेल ने साफ कहा कि अगर हमारे देश नियामक और नौकरशाही की बाधाओं को दूर कर दें तो और भी गहरे सहयोग के अवसर हैं। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा इन अवसरों का लाभ उठाने के हमारे प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करेगी।

मुलाकात को लेकर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह मुलाकात एक महत्वपूर्ण समय पर हुई है। हमारे सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान हमारे साझा मूल्यों द्वारा निर्देशित होकर प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। अमेरिका और भारत न सिर्फ दोनों देशों, बल्कि पूरी पृथ्वी की समृद्धि के लिए इन आदर्शों को बनाए रखेंगे और इसके लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे।

## कमला हैरिस को उम्मीद, द्विपक्षीय संबंधों को उच्च स्तर पर ले जाएगी मोदी की अमेरिका यात्रा

**वांशिगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को उम्मीद है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को उच्च स्तर पर ले जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने भी दोनों देशों के बीच साझेदारी को लेकर उत्साहित होने की बात कही है। भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को अमेरिकी संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित किया था। इसके बाद अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की पहली राजकीय यात्रा अंतरिक्ष, रक्षा, उभरती प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखलाओं में द्विपक्षीय संबंधों को उच्च स्तर पर लेकर जाएगी।

हैरिस की ओर से ट्वीट कर कहा गया कि भारत-अमेरिका की साझेदारी पहले से कहीं अधिक मजबूत है। हमारे देश मिलकर भविष्य को आकार देंगे। हम अधिक समृद्ध, सुरक्षित और स्वस्थ दुनिया बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच साझेदारी 21वीं सदी की सबसे अहम साझेदारियों में से एक है। यह यात्रा अंतरिक्ष से लेकर रक्षा, उभरती प्रौद्योगियों और



आपूर्ति श्रृंखलाओं के क्षेत्र तक हमारी साझेदारी को अगले स्तर पर लेकर जाएगी। अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की उम्मीदों पर भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने भी सकारात्मक रुख दिखाया है। कमला हैरिस के ट्वीट को कोट करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा कि हमारी साझेदारी वास्तव में इस सदी के लिए अपार संभावनाएं रखती है। मैं भविष्य के क्षेत्रों में हमारे सहयोग को बढ़ाने को लेकर भी उतना ही उत्साहित हूं। कमला हैरिस ने अपने ट्वीट के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए फोटो भी ट्वीट किया था।